www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 196
मंगलवार 13 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 41°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# टेस्ट क्रिकेट से कोहली का संन्यास, एक सुनहरा अध्याय हुआ समाप्त




**सात दिन में दूसरा झटका, रोहित के बाद विराट ने भी लिया विदाई का फैसला**
**इंस्टाग्राम पोस्ट में जताया भावुक आभार**
**9,230 रन, 30 शतक और एक 'बैगी ब्लू' गर्व**
**ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचने वाला पहला एशियाई कप्तान**

**नई दिल्ली, 12 मई।** भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के भीतर दूसरा बड़ा झटका लगा है। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। सोमवार को विराट ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने सफेद जर्सी में बिताए 14 सालों के सफर को शांत परिश्रम और जीवन भर के सबक वाला अनुभव बताया।

कोहली ने लिखा, मैंने इस फॉर्मेट को अपना सब कुछ दिया और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। 36 वर्षीय विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 9,230 रन बनाए। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक जमाए। कोहली ने सबसे ज्यादा नौ शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाए, जबकि सबसे कम दो बांग्लादेश के खिलाफ।

उनकी तकनीक, जुनून और मानसिक मजबूती ने उन्हें दुनिया के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल किया। विराट कोहली ने 2014 में भारत की टेस्ट कप्तानी संभाली और 2022 में उससे इस्तीफा दिया। उनके नेतृत्व में टीम इंडिया ने 68 में से 40 टेस्ट मैच जीते, जो किसी भी भारतीय कप्तान के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत को न सिर्फ घरेलू मैदानों पर बल्कि विदेशों में भी बड़ी जीत दिलाई। 2018-19 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसकी जमीन पर 2-1 से हराया। यह भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी विदेशों में टेस्ट जीतों में से एक थी। यह पहली बार था जब भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट सीरीज अपने नाम की थी। कोहली की कप्तानी में भारत ने 2019 में वेस्टइंडीज को उसके घर में 2-0 से हराया। 2015 में नंबर-1 दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से मात दी। इसके अलावा 2016-17 में इंग्लैंड को 4-0 से हराकर भारत ने अपनी घरेलू ताकत का भी जबरदस्त प्रदर्शन किया।

कोहली के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम में आक्रामकता, फिटनेस और जुझारूपन की नई परिभाषा बनी। उन्होंने खिलाड़ियों को न सिर्फ मानसिक रूप से मजबूत बनाया, बल्कि टीम में आत्मविश्वास का नया माहौल तैयार किया, जो किसी भी चुनौती से पीछे न हटे।

# सेना ने फिर दिखाया पाकिस्तान को आईना

## शांति की चाह के बावजूद यदि दुस्साहस किया गया, तो उत्तर मिलेगा

**चेतावनी**
- कहा- हम अगले मिशन के लिए तैयार
- एयर स्ट्राइक पर एयर मार्शल बोले- भय बिनु होय ना प्रीति
- एयरफील्ड्स और लॉजिस्टिक नेटवर्क को निशाना बनाना कठिन




**नई दिल्ली, 12 मई।** भारतीय सेना ने सोमवार को एक बार फिर पाकिस्तान को आईना दिखाया और बताया कि भारत की वायु रक्षा प्रणाली कितनी मजबूत है। साथ ही बिना सबूत के खुद को महिमामंडित कर रहे पाकिस्तान को सबूत के साथ बताया कि भारत की व्यापक मारक क्षमता ने कैसे उसके महत्वपूर्ण सैन्य ढांचों को ध्वस्त कर दिया। यह स्पष्ट कर दिया कि सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां पूरी तरह से सक्रिय हैं और सेना अगले मिशन के लिए तैयार है।

भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से सोमवार दोपहर को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र पर ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरी विशेष पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें वायु सेना, थलसेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया को संबोधित किया और ऑपरेशन के दौरान की गई सैन्य कार्रवाइयों, तैयारियों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण साझा किया। एयर मार्शल ए.के. भारती ने पत्रकार वार्ता में रामचरित मानस की पंक्तियों का उपयोग कर पूरे ऑपरेशन को कुछ शब्दों में समझा दिया।

उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी ने लिखा है, बिनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति। उन्होंने कहा कि यह पंक्तियां आज भी प्रासंगिक हैं और हमारी नीति को स्पष्ट करती हैं शांति की चाह के बावजूद यदि दुस्साहस किया गया, तो उत्तर मिलेगा।

सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि हाल के वर्षों में आतंकवादी गतिविधियों का स्वरूप बदला है। ■ शेष पेज 11 पर

## सीमा पर तनाव के बीच जैसलमेर में मिला बम

- एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी, एयरपोर्ट शुरू
- सेना को बुलाकर बम को डिस्पोज किया गया

**जयपुर, 12 मई।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राजस्थान के कई इलाकों में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। जैसलमेर में सोमवार दोपहर एक बम मिला, जिसे सेना के बम निरोधक दस्ते ने समय रहते निष्क्रिय कर दिया। यह बम शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में पाया गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सेना को बुलाकर बम को डिस्पोज किया गया। श्रीगंगानगर और इसके चार उपखंडों में सीमा से सटे तीन किलोमीटर क्षेत्र में रात सात बजे से सुबह छह बजे तक आमजन की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान टॉर्च या गाड़ियों की हेडलाइट का उपयोग भी प्रतिबंधित किया गया है।

जैसलमेर के रामगढ़ से तनोट बॉर्डर जाने वाले रास्ते पर भी दोपहर तीन बजे के बाद बाहरी लोगों के जाने पर पाबंदी लगाई गई है। केवल स्थानीय निवासियों को ही आधार कार्ड दिखाकर आने-जाने की अनुमति है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पूरे मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दी है। ■ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश मंत्री जयशंकर ने की ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से बात

**नई दिल्ली, 12 मई।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बातचीत की। उन्होंने हालिया घटनाक्रम के साथ आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के महत्व को रेखांकित किया। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पेनी वोंग को दोबारा विदेश मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी और पाकिस्तान के साथ संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने इस बात के महत्व को रेखांकित किया कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने इस दौरान भारत ऑस्ट्रेलिया दोस्ती का उल्लेख किया और इस बहुआयामी संबंध को और अधिक प्रगाढ़ करने की अपनी रुचि जाहिर की।

### वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव के निधन पर सीएम योगी ने जताया शोक

**लखनऊ, 12 मई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के. विक्रम राव का निधन अत्यंत दुःखद एवं पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### भाजपा देश भर में निकालेगी तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली, 12 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश भर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना का आभार जताने के साथ साथ ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। तिरंगा यात्रा 13 मई से 23 मई तक आयोजित की जाएगी।

भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ, सांसद संबित पात्रा जैसे वरिष्ठ नेता इस अभियान का समन्वय करेंगे, जबकि पार्टी के शीर्ष नेता और मंत्री देश भर में रैलियों का नेतृत्व करेंगे। भाजपा के नेताओं के मुताबिक तिरंगा यात्रा के जरिए पार्टी देशभक्ति का संदेश देगी।

तिरंगा यात्रा एक देशभक्ति पूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में हमारे सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाना है। अभियान के तहत संदेश दिया जाएगा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। 13 और 14 मई को यह यात्रा राज्यों की राजधानी में आयोजित की जाएगी। 15 मई को लोकप्रिय स्थानों पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी।

## घर में दंपती व दो बेटियों के शव मिलने से सनसनी

**उन्नाव, 12 मई।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के एक गांव में सोमवार को युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिलता। वहीं पर पत्नी और दो बेटियों की लाश चारपाई पर पड़ी मिली है।

पुलिस को आशंका है कि युवक ने पत्नी और बच्चों की हत्या के बाद फांसी लगाई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के साहबखेड़ा ग्राम में रहने वाले संदीप ने बताया कि भाई अमित खेती करके परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार को अमित (35) का शव फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला तो कमरे में उसकी पत्नी गीता (30) और दो बेटियां खुशी (10) और निधि (06) की लाश बिस्तर पर पड़ी मिली। ■ शेष पेज 11 पर

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, 13 की मौत

**दुःखद**
- मरने वालों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल
- हादसे में 10 से ज्यादा घायल, सभी अस्पताल में भर्ती

**रायपुर, 12 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा में रविवार आधीरात रायपुर-बलौदबाजार रोड पर सारागांव के पास माजदा की पहले ट्रेलर फिर डंपर से टक्कर होने से 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि देररात खरोरा इलाके में हुए हादसे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मृत्यु की सूचना मिली है। घायलों को रायपुर के मेडिकल कालेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।। हादसे में मरने वालों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। मृतकों की पहचान मोहंदी, धरसींवा निवासी टिकेश्वरी साहू (45 वर्ष), एकलव्य साहू (6 वर्ष), प्रभा साहू (34 वर्ष) और गीता साहू (54 वर्ष), गोंडवारा निवासी कुमारी महिमा साहू (18 वर्ष), धरसीवां निवासी नंदनी साहू (53 वर्ष), आनंदगांव, बेमेतरा निवासी उमंग साहू (5 माह), वर्षा साहू (28 वर्ष) और भूमि साहू (4 वर्ष), नागौरा मंदिर, हसौद निवासी राजवती साहू (60 वर्ष), और चटौद, विधानसभा क्षेत्र निवासी कृति साहू (50 वर्ष), कुंती साहू (55 वर्ष) और टिकेश्वर साहू (35 वर्ष) के रूप में की गई है। एसएसपी लाल उमेंद सिंह ने बताया कि ग्राम चटौद के लोग स्वराज माजदा वाहन (सीजी 04, एमक्यू 1259) में रविवार को छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम बाना बनारसी गए हुए थे। ■ शेष पेज 11

## 19 जिलों में हीटवेव की चेतावनी पारा पहुंचा 40 डिग्री पार

**लखनऊ, 12 मई।** उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने 14 मई से प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाके के 19 जिलों में लू के थपेड़े चलने की चेतावनी जारी की है। इस बदलाव से प्रदेश के बाकी हिस्सों के भी लू के चपेट में आने का पूवानुर्मान है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में तापमान के 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। सोमवार को प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज आदि जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार चला गया।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही प्रदेश के पूर्वी तराई हिस्सों में 14 मई से लू चलने की संभावना है। इसके बाद लू का प्रसार प्रदेश के बाकी हिस्सों तक पहुंचेगा।

# योगी सरकार ने यूपी से आतंकवाद का किया सफाया

- 142 स्लीपिंग मॉड्यूल अरेस्ट, 1 को किया ढेर
- वर्ष 2017 से पहले यूपी में आए दिन होती थी आतंकवादी वारदातें
- ताबड़तोड़ कार्रवाई ने तोड़ दी दहशतगर्दों की कमर

**लखनऊ, 12 मई (तरुणमित्र)।** योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में न केवल अपराधियों की कमर तोड़कर रख दी बल्कि प्रदेश में आतंकवादी संगठनों के स्लीपिंग मॉड्यूल (सहयोगी) और असामाजिक तत्वों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है।

इस दौरान योगी सरकार ने न सिर्फ आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया बल्कि टेरर फंडिंग, धार्मिक उन्माद, फर्जी दस्तावेज, विदेशी घुसपैठ पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति का ही असर है कि आज उत्तर प्रदेश आतंकियों की पनाहगाह नहीं, बल्कि उनके खात्मे का मैदान बन चुका है। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में जहां एक ओर 230 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया, वहीं दूसरी ओर आतंकवादी संगठनों के 142 स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट किया है।

इनमें प्रदेश में एक्टिव 131 स्लीपिंग मॉड्यूल आतंकवादी संगठनों को पनाह देने के साथ गोपनीय सूचनाएं पहुंचाते थे जबकि एक आतंकवादी को मुठभेड़ में मार गिराया। वहीं आतंकवादी संगठनों को टेरर फंडिंग ■ शेष पेज 11 पर

## महिला की ईंट से कूचकर हत्या, पति हिरासत में

**कानपुर, 12 मई।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह महिला का शव उसके घर के बाहर मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। महिला की हत्या ईंट से कूचकर की गई थी। चौबेपुर कस्बा में रहने वाले संजय शर्मा एक ढाबे में काम करके पत्नी बीनू शर्मा (36), तीन बच्चों का भरण पोषण करते हैं। बताया जा रहा है कि संजय शराब के नशे का आदी है, इसलिए अक्सर वह पत्नी के साथ मारपीट करता था। सोमवार को पत्नी का शव घर के बाहर मिला। हत्या की खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। महिला के चेहरे और गले पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। छत पर भी खून के धब्बे पाए गए हैं।

मृतका की मां ने बेटी की हत्या का आरोप दामाद संजय पर लगाया है। अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।




गोरखपुर में नवनिर्मित नगरीय सेवा केंद्र एवं सीनियर सिटीजन डे-केयर सेंटर का लोकार्पण करते सीएम योगी आदित्यनाथ। - छाया तरुणमित्र

## आईईडी विस्फोट में एक जवान घायल

**पश्चिम सिंहभूम, 12 मई।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के संवेदनशील सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सोमवार सुबह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट कर दिया। इस विस्फोट में एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाक के लिए रांची लाया गया है। यह घटना उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों का दस्ता जंगल के भीतर गश्त कर रहा था, तभी अचानक जमीन में दबाकर रखे गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में एक जवान घायल हो गया, जिसे पहले प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी कैंप लाया गया और फिर वहां से बेहतर इलाक के लिए रांची स्थित एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना की पुष्टि कोल्हान के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने भी की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं और तलाशी अभियान को और तेज कर दिया गया है।

### फर्जी खबरें : आईबी, एलआईयू रखेगी नजर, नयी टीम का भी गठन

# अफवाह वीरों से सख़्ती से निपटेगी उप्र पुलिस

■ कुमार सौवीर

**निर्देश**
- डीजीपी ने दिए निर्देश, शाहजहांपुर, बरेली की घटनाओं के बाद सख़्ती
- फर्जी खबरों और अफवाहें फैलाने वालों पर तुरंत होगी कार्यवाही
- भारत -पाक तनाव का फायदा उठाने की फिराक में असामाजिक तत्व

**लखनऊ, 12 मई।** भारत -पाकिस्तान के बीच तनाव का लाभ उठाकर प्रदेश में साम्प्रदायिक सौहार्द और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर अब उप्र पुलिस ने सख्त रणनीति बनाई है। जिलों के पुलिस कप्तानों और कमिश्नरों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी व्यक्ति फर्जी वीडियो और खबरें फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे, उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए।

दरअसल पिछले दिनों प्रदेश के शाहजहांपुर में एक वीडियो वायरल कर शहर में दहशत फैलाने की कोशिश की गई थी। वीडियो में शहर में आतंकी हमले का दावा किया गया था, लेकिन जांच में यह पूरी तरह फर्जी निकला। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस अफवाह को खारिज किया और सोशल मीडिया पर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। ऐसा सिर्फ सिर्फ शाहजहांपुर ही नहीं, बल्कि बरेली, कानपुर और लखनऊ समेत कई शहरों में भी हाल के दिनों में फर्जी खबरों और वीडियो का सिलसिला बढ़ा है। इन फर्जी खबरों में भारत-पाक युद्ध से लेकर सेना पर हमले जैसी बातें दिखाई जा रही हैं, जिससे आम लोगों में भ्रम और डर फैल रहा है।

उप्र के डीजीपी ने इस आशय के निर्देश हर जिले में भेज दिए हैं। इसके साथ ही पुलिस को सोशल मीडिया पर नजर रखने में मदद करने के लिए विशेष टीम बनाई जा रही है। यह टीम सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हर पोस्ट और वीडियो पर पैनी नजर रखेगी और किसी भी संदिग्ध या फर्जी खबर की तुरंत जांच कर उसका खंडन किया जाएगा। इसके अलावा हर जिले में एलआईयू को भी अतिरिक्त सतर्क रहने के आदेश दिए गए हैं। ■ शेष पेज 11 पर

## गौतम बुद्ध ने मानवता की आदर्श ज्योति को दुनिया में फैलाया : मायावती

**लखनऊ, 12 मई।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देश और प्रदेश में रह रहे उनके अनुयायियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध ने मानवता की आदर्श ज्योति को दुनिया में फैलाकर भारत को जगतगुरु का सम्मान दिलाया।

बसपा प्रमुख ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हमें गौतम बुद्ध से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों के प्रति दया, करुणा, दानशीलता एवं इंसानियत को जिंदा बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए भगवान गौतम बुद्ध ने सब कुछ त्याग कर अपना जीवन समर्पित किया। वह महान मानवतावादी कहलाये और फिर आगे चलकर भारत की दुनिया में इंसानियत की सुंदर छवि बनी। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि तथागत गौतम बुद्ध, जिन्होंने सत्य, अंहिसा, भाईचारा व मानवता की आदर्श ज्योति को पूरी दुनिया में फैलाकर भारत को जगदगुरु का सम्मान दिलाया। उनकी जयंती पर खासकर जाति-भेद, हिंसा मनोवृत्ति, द्वेष आदि को जीवन से त्यागाने की प्रतिज्ञा को दोहराने का दिन है, क्योंकि इसी से जीवन व देश में सुख, शांति एवं तरक्की निहित है। इसका मूल बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने देश के संविधान में पूरी तरह से स्थापित किया है, लेकिन इसे देश के आमजीवन में उतारने की जिम्मेदारी को सरकारों ने संकीर्ण स्वार्थ की खातिर लगभग भुला दिया है। जिसके कारण अमजन का जीवन सुख, शांति व आत्म-सम्मान से दूर त्रस्त एवं काफी दुखी नजर आता है।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी डंडे 6 घायल, एक रिफर

अमेठी, 12 मई (तरुणमित्र)। जामो थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में बीती रात पुरानी रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने हो गए, जिसके बाद दोनों पक्ष में जमकर लाठी डंडे और लाख घूंसे चलने लगे। मारपीट की इस वारदात में दोनों पक्षों से छह लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से एक युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल एक पक्ष की पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल ये पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव का है जहां बीती रात संजीत और अमन कुमार में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और देखते ही देखते कहां कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद दोनों परिवारों के लोग आपस में भिड़ गए और जमकर लात घुसे और लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट की इस वारदात में दोनों पक्षो से संजीत, संदीप, कुलदीप , हिमांशु,अमन और लवकुश घायल हो गए।सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक युवक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया। एक पक्ष की माने तो वह लोग खड़े होकर बात कर रहे थे तभी दूसरा पक्ष आया और गाली-गलौज करने लगा और जब इन लोगों ने मना किया तो उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि पहले इन लोगों ने मारा पीटा। फिलहाल एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरे मामले पर जामों एसएचओ विनोद सिंह ने कहा कि मारपीट वारदात में छह लोग घायल हैं सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# झूठे दावों से इतर सच्चाई

सुलतानपुर, 12 मई (तरुणमित्र)। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव के दावों से इतर सच्चाई कुछ और ही बया कर रही है। जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों और तीमारदारों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने परिसर के शौचालयों पर ताले लगा दिए हैं।



परिसर में नगर पालिका परिषद् द्वारा संचालित एक ही शौचालय खुला है। इस शौचालय को धन उगाही का केंद्र बना दिया गया है। मरीजों और उनके परिजनों से शौचालय के उपयोग के लिए शुल्क वसूला जा रहा है। यह कार्य न केवल गैरकानूनी है, बल्कि अस्पताल के नि:शुल्क सुविधाओं के नियम का भी उल्लंघन है। इस व्यवस्था से सबसे अधिक कठिनाई प्रसूताओं को हो रही है। उन्हें बार-बार शौचालय जाने की आवश्यकता होती है। मरीजों के परिजनों को या तो खुले में जाना पड़ रहा है या शुल्क देना पड़ रहा है। बुजुर्ग, विकलांग और छोटे बच्चों वाले परिवारों की स्थिति और भी खराब है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों का इलाज तो हो रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मजबूत सूचना तंत्र, रेंडम चेकिंग और ग्राउंड पुलिसिंग के जरिए रोका जाएगा अपराध: सीओ

लालगंज, रायबरेली, 12 मई (तरुणमित्र)। लालगंज सर्किल के क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह के तबादले के बाद बुलंदशहर से आए गिरजा शंकर त्रिपाठी ने लालगंज सर्किल के सीओ का कार्यभार संभाल लिया है। विशेष मुलाकात में क्षेत्राधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस का कार्य मुख्यतः अपराध को रोकना और जनता के बीच शांति व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि मजबूत सूचना तंत्र, रेंडम चेकिंग ग्राउंड पुलिसिंग के साथ सड़कों पर पुलिस के प्रेजेंटेशन के साथ अपराध को रोका जाएगा। खासतौर से बैंक, सर्राफां व्यापार जैसी व्यावसायिक जगहों पर पुलिस की चौकसी बढ़ाई जाएगी। रक्षात्मक ना होकर आक्रामक पुलिसिंग के जरिए ही हम अपराध को रोक सकते हैं और अपराधी को सजा दिला सकते हैं। क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी का इतिहास अपराधियों को मार गिराने का रहा है। सब इंस्पेक्टर, कोतवाल और क्षेत्राधिकारी के रूप में वे जहां भी रहे वहां पर अपराधी या तो एनकाउंटर में मारे गए या उन्होंने शहर ही छोड़ दिया। लुटेरे और डकैतों को मार गिराने के चलते ही सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी को डीजीपी सिल्वर मेडल ,गैलेन्ट्री पुरस्कार, दो बार प्रेसिडेंट मेडल सहित अन्य पुरस्कार भी सरकार के द्वारा दिए गए। आउट ऑफ टर्न सीओ त्रिपाठी को प्रमोशन भी सरकार के द्वारा दिया गया है। एसओजी के साथ-साथ बनारस और लखनऊ जैसे शहरों में कोतवाली का चार्ज भी उन्हें एक साथ मिला था। दोनों पदों का दायित्व एक साथ निभाते हुए उन्होंने अपराध पर अंकुश लगाने का काम किया। डेढ़ लाख तक के इनामिया बदमाशों को ढेर करने का गौरव श्री त्रिपाठी को प्राप्त है। 27 वर्ष की पुलिस की नौकरी में उन्हें जहां सरकार की शाबाशी मिली है वही जनता ने भी उनकी निडर पुलिसिंग की सराहना की पत्रकारों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि लालगंज क्षेत्र से भी अपराध का सफाया करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री, मोहम्मद याकूब, अनंत विजय सिंह, शीतला गुप्ता, परवेज, शिवम गुप्ता आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा नेता ने मनाई बुद्ध पूर्णिमा, किया भंडारा



अमेठी, 12 मई (तरुणमित्र)। सपा नेता ने अनोखे अंदाज में मनाई बुद्ध पूर्णिमा। सैकड़ों सायकिलों के काफिले के साथ पहुंचे समसेरिया के दुर्गन भवानी धाम और वहाँ पर आए श्रद्धालुओं के बीच भंडारा किया। सपा नेता संतोष सिंह ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सायकिल चलाते हुए अपने घर गोवर्धनपुर दुआरा से शारदन, एचएएल गेट, मुंशीगंज, भुसियावां, पनियार, तरसड़ा होते हुए समसेरिया गांव में स्थित दुर्गन भवानी धाम पहुंच कर दर्शन पूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर दुर्गन धाम में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि महात्मा बुद्ध के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमने अपने लोगों के साथ दर्शन, पूजन और सबके लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया है।

### दबंगों ने युवती को लाठी डंडों से पीटा

सुल्तानपुर, 12 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली देहात के पिताम्बरपुर गांव में दबंगों ने युवती को घर में घुसकर लाठी डंडे से पीटा, गंभीर। हल्ला गुहार पर दोनों पक्षों में पथराव, दूसरे पक्ष की महिला का सिर फटा। गंभीर स्थिति में दोनों पक्ष सुल्तानपुर चिकित्सा महाविद्यालय में कराए गए भर्ती। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत पीतांबरपुर गांव से जुड़ा मामला। दीवानी न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद जबरन खड़ंजा बिछाने को लेकर दोनों पक्षों में हुआ था बीती रात विवाद। कोतवाल अखंड देव मिश्र बोले, मेडिकल के आधार पर दर्ज किया जाएगा मुकदमा। स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण करने के मामले की चल रही जांच, की जाएगी सख्त विधिक कार्रवाई।

### बुद्ध पूर्णिमा पर विचार गोष्ठी आयोजित

लालगंज रायबरेली, 12 मई (तरुणमित्र)। बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर लालगंज नगर में विचार गोष्ठी और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने महात्मा बुद्ध के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़ ने कहा कि हम सभी को तथागत बुद्ध की जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाएं जन्म, सम्यक संबोधि, प्राप्ति और निर्वाण को अवश्य पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने जीवन भर सबका कल्याण हो, जगत में समृद्धि आए, दुख दरिद्रता दूर हो इन्हीं विचारों के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध वास्तव में भगवान के स्वरूप ही थे। उनके आशीर्वाद मात्र से लोगों के कष्ट दूर हो जाते थे और असीम सुख की प्राप्ति होती थी प्रसाद स्वरूप शरबत वितरण में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमें प्रमुख रूप से राम सूरज कुशवाहा, सुशील कुमार अग्निहोत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालगंज के अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, जागेश्वर कुशवाहा, दया शंकर कुशवाहा, राज बहादुर मौर्य, एडवोकेट प्रतीक कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, अजय यादव, के साथ काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### चाउमीन फैक्ट्री में विद्युत शार्ट सर्किट से आग

कौशाम्बी, 12 मई (तरुणमित्र)। जिले के शीतला धाम कड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक चाउमीन फैक्ट्री में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग जाने तीन लोग झुलस गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत कड़ा धाम के वार्ड नंबर 1 म्योहरा दारानगर निवासी हेमंत केसरवानी चाउमीन फैक्ट्री चलाते हैं आज फैक्ट्री में मजदूर रोज की तरह काम कर रहे थे अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे फैक्ट्री में रखी गई कच्ची चाउमीन , चाउमीन पैकेट जलने लगे फैक्ट्री के अंदर धुंआ से प्रभावित होकर तीन मजदूर बबलू, संध्या, आराधना बेहोश हो कर झुलस गए सभी घायलों को फैक्ट्री मालिक द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल सिराथू में भर्ती कर दिया गया है।

### युवक ने लगाया फंदा, मौत से कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़, 12 मई (तरुणमित्र)। नशे में टल्ली युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। युवक की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसंदर मंगापुर गांव निवासी छोटे लाल प्रजापति का पुत्र विजय प्रजापति 18 रविवार की रात नशे की हालत में घर के अंदर फांसी के फंदे से झूल गया। युवक ने कमरे में धन्नी में गमछे के सहारे गले में फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार की सुबह युवक की मां घर के अंदर पहुंची और बेटे को फंदे से झूलता देख चीख पड़ी। चीखपुकार सुन गांव के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने युवक का शव नीचे उतरवाया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पुलिस ने पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### महिला जनसुनवाई 14 को

रायबरेली, 12 मई (तरुणमित्र)। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी द्वारा 14 मई कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार रायबरेली में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की जानी है, तत्पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह के साथ ही आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# धोखेबाज पाकिस्तान भरोसे लायक नहीं: प्रमोद

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति के संघर्ष विराम की घोषणा पर पीएम से उठाई जबाबदेही की मांग

लालगंज, प्रतापगढ़, 12 मई (तरुणमित्र)। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पाकिस्तान का इतिहास गवाह है कि वह कभी भी भरोसे लायक नही रहा है।



उन्होने कहा है कि ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से संघर्ष विराम की घोषणा को लेकर देश में अनिश्चितता का माहौल बन गया है। उन्होने कहा कि पाक की सरकारों व सेना के बीच कब और कैसे सम्बन्ध बना करते हैं यह भी तय नहीं हुआ करता। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इतिहास का यह भी कड़वा सच है कि पाकिस्तान की सरकार सदैव सेना के इशारे पर काम किया करती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने चुनी हुई सरकार पर सदैव वहां की सेना हावी रहती है। उन्होने कहा कि या तो वहां की सरकार वही फैसले लेती है जो सेना चाहती है अथवा पाकिस्तानी सैनिक अपनी मर्जी से फैसले लिया करती है। उन्होंने कहा कि 1947 से लेकर अब तक पाकिस्तान कई बार भारत को विश्वासघात के साथ धोखा दे चुका है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि युद्ध विराम के बाद भी पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन से भी जटिल हालात पैदा हुए। उन्होने कहा कि भारत के वीर जवानों का पराक्रम और शौर्य रहा कि पाकिस्तान के द्वारा संघर्ष विराम की अवहेलना का भी उसे दुष्परिणाम भुगतना पड़ा। उन्होने कहा कि यह देश के लिए अत्यन्त पीडादायक है कि युद्ध विराम को लेकर दिल्ली की जगह वाशिंगटन से अमेरिकी राष्ट्रपति का टवीट सामने आया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात में देशवासियों के बीच अनिश्चितता को दूर करने के लिए संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करना चाहिए। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद पचहत्तर का हवाला देते हुए कहा कि पीएम और उनका मंत्रि परिषद संसद के प्रति उत्तरदायी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस प्रकार की तमाम अनिश्चितताओं को खत्म करना चाहिए। उन्होंने भारतीय सेना के द्वारा आतंकवादियों व इसके पनाहगारो को सबक सिखाने के लिए उठाए गये कदमों को लेकर सेना की मीडिया ब्रीफिंग को पूरी तरह विश्वसनीय और गौरवपूर्ण करार दिया है। वहीं उन्होने संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा पर भी करारा तंज कसते हुए कहा कि देशवासियों के मन में यह भी बड़ा एक सवाल कौंध रहा है कि सोवियत रूस और यूक्रेन के बीच आखिर ट्रंप की दाल तक क्यों नहीं गली।

# पीड़िता का वीडियो वायरल करने पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 12 मई (तरुणमित्र)। उदयपुर पुलिस ने आरोपी द्वारा पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो वायरल किये जाने तथा धमकी को लेकर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री की शादी तय किया था। रिश्ते को लेकर आरोपी द्वारा उसकी पुत्री से मोबाइल नंबर लिया गया। आरोप है कि आरोपी अपने मोबाइल नंबर से पीड़िता से बातचीत करते हुए उसका अनैतिक वीडियो बना लिया। इधर परिजनों ने शादी की तारीख तय होने की बात शुरू की तब आरोपी द्वारा शादी तोड़ने की धमकी दी गयी। इस बीच पीड़िता के पिता ने अपनी पुत्री की शादी दूसरी जगह तय कर दी। आरोपी ने पीड़िता को धमकाते हुए अनैतिक सम्बन्धों की मांग भी रखी। मना करने पर आरोपी ने पीड़िता का अनैतिक वीडियो पीड़िता की तय हुई शादी से जुड़े लोगों के बीच वायरल कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि इससे पीड़िता का सामाजिक अपमान हुआ।

वहीं पीड़िता ने क्षुब्ध होकर जान देने की भी कोशिश की। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने रायबरेली जिले के डीह थाना निवासी जीवनलाल के पुत्र शिवसागर के खिलाफ आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रविवार की रात केस दर्ज किया है।एसओ राधेश्याम का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी से दो मकान गिरे दो मवेशियों की मौत

अमेठी, 12 मई (तरुणमित्र)। बीती शाम आई तेज आंधी ने जमकर तांडव मचाया तेज आंधी की वजह से दो पक्के मकान गिर गए।मलबे की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौके पर मौत हो गई जिससे किसानों का हजारो रुपए का नुकसान हो गया।मोहनगंज थाना क्षेत्र के दो गांव पूरे राजा (नसरतपुर) व मोहनगंज (आशापुर रूरू) गांव में तेज आंधी तूफान में पक्के मकान की दीवार व दीवार पर रखी टीन शेड गिरने से दो मवेशी की मलबे में दबाकर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे राजा मजरे नसरतपुर निवासी राम सजीवन पुत्र परीदीन पासी पक्की ईंट की दीवार पर टीन शेड रखकर जीवन यापन करते रहे थे। बीते दिन रविवार की देर शाम तेज आंधी तूफान व बारिश में घर पर रखा टीन शेड तूफान में उड़ गया जिससे घर में रखा खाद्य सामग्री सहित सारा सामान भीग कर खराब हो गया, जिसमें बगल में बंधी भैंस चोटहिल हो गई। और दो मवेशी की मलबे में दबकर मौत हो गई। इसी क्रम में थानाक्षेत्र के मोहनगंज-तिलोई मार्ग स्थित गांव मोहनगंज मजरे आशापुर रूरू निवासी मोहम्मद इस्लामुद्दीन उर्फ बऊआ जो सबा अस्पताल के पास एक पक्का मकान बना कर रहते थे जिसके दूसरी मंजिल पर बनी पक्की दीवार तेज तूफान में अचानक गिर गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

### जनपद में राज्य महिला आयोग की सदस्य 14 मई को करेंगी महिला जनसुनवाई

प्रतापगढ़, 12 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा दिनांक 14 मई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह (गेस्ट हाउस) प्रतापगढ़ में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु उनकी समस्याओं को सुना जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगा और इसमें महिलाओं को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उसके उपरांत सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# डॉक्टर को नहीं मालूम दवा के नाम की स्पेलिंग, करता कई बीमारियों का इलाज

अमेठी, 12 मई (तरुणमित्र)। तहसील अमेठी के बहोरापुर गांव में संचालित कनक औषद्यालय चर्चा का विषय बना हुआ है।औषधालय को संचालित करने वाले इस डॉक्टर के पास कोई डिग्री नही है लेकिन इलाज के लिए अमेठी के साथ साथ आसपास के कई जिलों के मरीज आते है और रोजाना सैकड़ो मरीजों की भीड़ लगती है। इस डॉक्टर को अपनी ही दी जाने वाली दवा की स्पेलिंग तक मालूम नही है स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।बताया जा रहा है कि यहां इलाज के लिए तीमारदारों को एक महीने पहले अपना नंबर लगवाना पड़ता है।

दरअसल अमेठी तहसील क्षेत्र के बहोरापुर गांव में पिछले कई सालों से एक क्लिनिक संचालित हो रही है इस क्लिनिक पर रोजना अमेठी के साथ ही प्रतापगढ़, जौनपुर सुल्तानपुर रायबरेली,बाराबंकी से सैकड़ो मरीज अपना इलाज करवाने आते है।ये डॉक्टर आयुर्वेद से मरीजो का इलाज करता है लेकिन इसकी पास इलाज करने की कोई डिग्री नही है हैरानी की बात है कि डॉक्टर अपने मरीजो को जो दवाइयां देता है उस दवा के नाम की स्पेलिंग तक उसे नही मालूम है बताया जा रहा है कि इन डॉक्टर साहब से इलाज कराने के लिए तीमारदारों को एक महीना पहले नंबर लगाना पड़ता है।अपने बच्चे का इलाज करवाने मुसाफिरखाना से आये सुहैल अहमद ने बताया कि वो पिछले कई महीनों से डॉक्टर के पास आ रहा है लेकिन उसका नंबर नही लगा।एक महीने पहले नंबर भी लगा तो अब इलाज नही हो पाया है।गांव के रहने वाले एक शिकायतकर्ता देवेंद्र सिंह ने कहा ये क्लिनिक पिछले सात आठ सालों से संचालित हो रही है।जो डॉक्टर इलाज कर रहा है उसका नाम अभिनव प्रताप सिंह है जो इंटर फेल है इस क्लिनिक से डॉक्टर ने अंधी कमाई की है और कई बीघे जमीन का बैनामा भी करवाया है क्लिनिक को संचालित करने वाले डॉक्टर ने कहा कि वो कुपोषित बच्चों का इलाज करते है और आयुर्वेद की दवा देती है जिसमे टबोटीन सिरप और अकीरा सिरप है लेकिन डॉक्टर साहब को तबोटीन सिरप की स्पेलिंग तक नही मालूम है।

# हर्ष व उल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

रायबरेली, 12 मई (तरुणमित्र)। जनपद में भगवान बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धापूर्वक मनायी गयी इस अवसर पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुद्ध अनुवाइयों ने प्रातः शहर के प्रमुख मार्गो पर प्रभात फेरी निकली, जिसमें महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। डीएम कार्यालय स्थित बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पांचशील का प्रतीक कैंडल जलाकर बुद्ध वंदना कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

वहीं शहर के हाथी पार्क स्थित अम्बेडर प्रतिमा पर भंडारे का आयोजन किया गया। त्रिपुला स्थित बुद्ध प्रतिमा स्थल पर बुद्ध वंदना के साथ उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया था तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया। डलमऊ क्षेत्र के गदागंज में चक्रवर्ती सम्राट अशोक चेतना संस्थान द्वारा दीनशाह गौरा ब्लाक प्रमुख सविता पाल मौर्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गए। इस अवसर पर हमजसेवी हरि शंकर मौर्य, के के मौर्य, महेश मौर्य, अंजली मौर्य, आदित्य मौर्य, संजय मौर्य, रवि शंकर मौर्य, मनोज मौर्य प्रधान, राज कुमार मौर्य, गोविंद सिंह चौहान, शिव नारायण मौर्य, राजेश कुरील, घुन्नी लाल मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, प्रेम चंद्र मौर्य, मुकेश मौर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



### ज्ञान ही मुक्ति का मार्ग है: इं. वीरेन्द्र यादव



रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में भगवान बुद्ध की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी इस अवसर पर आयोजित विचारगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध अहिंसा के पुजारी थे उन्होंने अहिंसा, करुणा एवं प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने कहा ज्ञान ही मुक्ति का मार्ग है। भगवान बुद्ध ने जीवन को दूसरों की सेवा के लिए बताया, आसटांगिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दिया उनका कहना था कि बुरा न देखो न सुनो एवं किसी को कष्ट न दो, मनुष्य के गुण ही उसे महान बनाते हैं व सदाचार का पालन करना ही धर्म है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला उपाध्यक्ष डीपी पाल ने कहा कि भगवान बुद्ध ने बौद्ध धर्म की शिक्षा दिया उनके जीवन काल का सबसे महत्वपूर्ण संयोग है कि उनका जन्म, ज्ञान एवं मृत्यु तीनों वैशाख पूर्णिमा के ही दिन है। महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रमुख रूप से राजेश मौर्य, शिवनारायण सोनकर, आलोक यादव, मुशीर अहमद, रवींद्र सिंह, अरविंद चौधरी, विश्वास दिवेदी, चंद्रप्रकाश आजाद, सौरभ सिंह, शैलेंद्र खैरहनी, अजय यादव, विकास मौर्या, रमेश मौर्या, विनय यादव, राजेंद्र बहादुर, रामखेलावन प्रजापति आदि ने प्रकाश डाला।

# चौथे दिन मृतक मजदूर का हुआ अंतिम संस्कार

लालगंज, प्रतापगढ़, 12 मई (तरुणमित्र)। करंट से मजदूर की हुई मौत को लेकर परिजनों ने घर पर शव रखकर घटना के चौथे दिन भी आक्रोश प्रकट किया।

पुलिस के समझाने बुझाने के बाद किसी तरह दोपहर मृतक का अंतिम संस्कार परिजन करने को तैयार हुए। सांगीपुर थाना के ककरहिया सुजाखर गांव का धर्मपाल शुक्रवार को गोवंधनपुर में मजदूरी करने गया था। वहां करंट की चपेट में आने से धर्मपाल की मौत हो गयी थी। घटना को लेकर मृतक की पत्नी शोभा वर्मा की तहरीर पर गोवर्धनपुर निवासी राजेश मिश्र उर्फ गुड्डू के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। शुक्रवार को पीएम के बाद मृतक का शव घर पहुंचा। परिजनों ने मृतक के भाई के आने की प्रतीक्षा की बात कहकर अंतिम संस्कार नहीं किया। इसके बाद मृतक का भाई घर पहुंचा। तब परिजनों ने घर पर मृतक का शव रखकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते दिखे। सोमवार को एसओ मनीष त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और परिजनो को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस की मानमनौवल के बाद परिजनों ने दोपहर गांव में ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बुद्ध की शिक्षा हमें शांति, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाती: दिनेश



रायबरेली, 12 मई (तरुणमित्र)। पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने भगवान बुद्ध और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया, जिसमें उन्होंने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं और बाबा साहब के सामाजिक समरसता के योगदान पर प्रकाश डाला। विकास खण्ड हरचंदपुर के ग्राम सेरी में आयोजित भव्य समारोह में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शांति, करुणा और प्रज्ञा के प्रतीक भगवान बुद्ध की स्थापित प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने संविधान निर्माता और दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

समारोह में बौद्ध भिक्षुओं ने भगवान बुद्ध की वंदना और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम को और पवित्र बनाया। स्थानीय लोगों ने फूलों और मालाओं से प्रतिमाओं को सजाया, और दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरूआत हुई। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित जनसभा में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, भगवान बुद्ध की शिक्षाएं हमें शांति, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाती है, जबकि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का पाठ पढ़ाया। आज इन दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा का अनावरण न केवल ग्राम सेरी, बल्कि पूरे रायबरेली के लिए गर्व का क्षण है। मंत्री ने यह भी बताया कि योगी सरकार सामाजिक समरसता और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। मंत्री ने कहा ग्राम सेरी में इन प्रतिमाओं का स्थापना स्थल एक प्रेरणा केंद्र बनेगा, जहां लोग बुद्ध और आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

### बुद्ध का संदेश किसी धर्म विशेष का नहीं: पटेल

रायबरेली, 12 मई (तरुणमित्र)। बौद्ध धम्म के प्रवर्तक व संस्थापक, अपनी शिक्षाओं एवं उपदेशों से सम्पूर्ण विश्व को सत्य अहिंसा, दया, क्षमा, शान्ति व बंधुत्व का सन्देश देकर मानव समाज का कल्याण करने वाले तथागत गौतम बुद्ध जी के 2588वीं जयंती पर बुद्ध पूर्णिमा की देशवासियों को हार्दिक बधाई व अनन्त शुभकामनाएं। अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मानसिंह पटेल ने कहा, कि बुद्ध का संदेश किसी धर्म विशेष का नहीं, बल्कि मानवता का धर्म है, उन्होंने सम्पूर्ण विश्व को सिखाया। क्रोध नहीं-क्षमा करो, भ्रम नहीं-विवेक रखो, लालच नहीं-संतोष करो, दूसरों से नहीं-स्वयं से युद्ध करो। आज तथागत गौतम बुद्ध की जयंती पर हमें अपने भीतर बुद्धत्व को खोजना है, कि हर सोच में शान्ति हो, हर निर्णय में दया हो, हर कार्य में सद्भावना हो, तभी हमारा बुद्ध जयंती मनाना सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि आज बुद्ध के अनुयायियों ने विश्व में नए नए कीर्तिमान गढ़े हैं, अपनी अलग से पहचान बनाते हुए दुनिया को नई नई टेक्नोलॉजी बाँट रहे हैं, आज युद्ध के रास्ते नहीं, बल्कि बुद्ध के रास्ते चलकर हम बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

# भगवान बुद्ध पूर्णिमा पर पुरातत्व इकाई ने छायाचित्र प्रदर्शनी का किया आयोजन

कौशाम्बी, 12 मई (तरुणमित्र)। जिले में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई, प्रयागराज द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं श्रीलंका राम बौद्ध विहार कौशाम्बी के सहयोग से 12 मई 2025 को मल्टीपरपज हाल कौशाम्बी में सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं बौद्ध धर्म के पवित्र स्थलों पर आधारित है। प्रदर्शनी में लुंबिनी, कपिलवस्तु, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, राजगीर, वैशाली, संकिसा, नालंदा, विक्रमशिला, लौरिया, नंदनगढ़, लौरिया अरेराज, रामपुरवा, केसरिया तथा सांची के लगभग 50 छायाचित्र लगाए गए। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीलंकाराम बौद्ध विहार, कौशाम्बी के प्रबंधक टी० श्री विसुद्धि थेरो ने किया।

इस अवसर पर भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। मुख्य वक्ता थेरों ने अपने व्याख्यान में भगवान बुद्ध के जीवन एवं उनके शिक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। मानवता के कल्याण के साथ ही समस्त जीव जगत के प्रति प्रेम, करुणा, सहअस्तित्व और सहिष्णुता की भावना भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का आधार थी। वर्तमान परिस्थिति में बुद्ध की शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी प्रयागराज क्षेत्र डॉक्टर सुभाष चंद्र यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक विद्यार्थी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। इसमें सर्वश्री विजय बहादुर मौर्य, सीमा पाल, ज्योति सिंह, मंदाकिनी देवी, मुस्कान जैन, राजू केसरवानी, राहुल दुबे, निर्भय प्रजापति, दुर्गा प्रसाद आदि प्रमुख थे। यह प्रदर्शनी आम जनता के अवलोकनार्थ दि 17 मई 2025 तक प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक खुली रहेगी।

# जीएसटी अफसरों ने की माधव ट्रांसपोर्ट कंपनी पर छापेमारी, ट्रक चालकों ने की अफसरों से हाथापाई

मेरठ, 12 मई (तरूणमित्र)। दिल्ली से परचून का माल ला रहे दो ट्रकों को जीएसटी विभाग के सचल दल ने बागपत के बालैनी टोल पर रोककर बिल दिखाने को कहा तो ट्रक चालकों ने सचल दल के साथ हाथापाई की। टीम ने मेरठ के अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारी दल बल के साथ पहुंचे और दोनों ट्रकों को माल सहित सीज कर दिया। इसके बाद टीम ने जिस ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक थे, उसमें भी छापा मारा और बिलों की चेकिंग की।



अधिकारियों ने ट्रांसपोर्ट कंपनी से मिले बिलों को कब्जे में लिया। उधर, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन मेरठ के पदाधिकारी माधव ट्रांसपोर्ट कंपनी पर पहुंचे और जीएसटी के अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने ट्रांसपोर्टर का उत्पीड़न न करने की बात कही। अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर सतेन्द्र यादव ने बताया कि जीएसटी विभाग के गाजियाबाद के सचल दल को सूचना मिली थी कि दिल्ली से जीएसटी की चोरी करके ट्रकों में परचून का सामान मेरठ भेजा जा रहा है। गाजियाबाद चेकपोस्ट से बचने के लिए माधव ट्रांसपोर्ट कंपनी के दो चालक दो ट्रकों को लेकर वाया बागपत मेरठ जा रहे थे। गाजियाबाद की टीम ने पीछा किया, पर ट्रक हाथ नहीं लग पाए। इसपर गाजियाबाद की टीम ने बागपत की टीम को सूचना दी। बागपत का सचल दल बालैनी टोल पर पहुंच गया। उक्त दल ने दोनों ट्रकों को रोका और बिल मांगे। आरोप है कि चालकों ने बिल नहीं दिखाए और मालिकों को फोन कर दिया। फोन करने के बाद चालकों ने सचल दल के अफसरों के साथ अभद्रता की। आरोप है कि टीम के साथ हाथापाई की। इसकी सूचना मेरठ के अपर आयुक्त ग्रेड दो आरपी मल्ल को दी गई। उन्होंने पुलिस की मदद से ट्रकों को पकड़ने के आदेश दिए और मेरठ से कई अधिकारियों को मौके पर भेजा। टीम ने थाना बालैनी को सूचित किया। पुलिस की मद्द से दोनों ट्रकों को पकड़ लिया गया। इसके बाद जीएसटी अधिकारी आरके पाठक, असिस्टेंट कमिश्नर सतेन्द्र यादव व असिस्टेंट कमिश्नर कन्नौजिया ने थाना ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस को साथ लेकर ट्रांसपोर्ट नगर में माधव ट्रांसपोर्ट कंपनी पर छापा मारा। यहां उन्होंने वहां रखे माल के बिल चेक किए। उन बिलों को कब्जे में ले लिया।

इसकी सूचना मिलने पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन मेरठ के कोषाध्यक्ष रोहित कपूर, अंकुर प्रजापति, अुतल शर्मा, अनीस चौधरी माधव ट्रांसपोर्ट कंपनी पहुंचे और जीएसटी के अधिकारियों से बात की। उन्होंने जीएसटी के अधिकारियों से छापे के बारे में जानकारी ली और ट्रांसपोर्टर का उत्पीड़न न करने का आग्रह किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे बिलों की जांच करेंगे। जीएसटी की चोरी मिलने पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## सम्मन देने गए कांस्टेबल पर दबंगों ने किया हमला

शाहजहांपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। इसापुर गांव में कोर्ट का सम्मन देने गए कांस्टेबल पर दबंगों ने हमला कर दिया। थाना निगोही में तैनात कांस्टेबल कर्मवीर की आंख में चोट आई है। घटना के दौरान कांस्टेबल कर्मवीर एक आरोपी को सम्मन देने गए थे। गांव में पहुंचते ही किसी बात को लेकर दबंगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दबंगों ने कांस्टेबल पर हमला कर दिया। उन्होंने कांस्टेबल की आंख पर किसी वस्तु से वार किया। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। घायल कांस्टेबल को पहले सीएचसी ले जाया गया। फिर राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। आंख में गंभीर चोट के कारण उन्हें सीतापुर के नेत्र अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार उनके घरों पर दबिश दे रही है।

## कस्बे के बौद्ध विहार में धूमधाम से मनाई बुद्ध जयंती

कछौना/हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्मृति शेष सुरेंद्र प्रकाश वर्मा राष्ट्रीय स्मारक एवं बौद्ध विहार कछौना में बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। भंते जी करूणा नन्द ने गौतम बुद्ध की वंदना की। उपस्थित जन पुरुष महिलाएं बच्चों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

आज से 25 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनी में हुआ था। कपिलवस्तु की महारानी महामाया देवी के अपने नैहर (मायके) में रास्ते में प्रसव पीड़ा हुई और वहीं उन्होंने एक बालक को जन्म दिया। उसका नाम सिद्धार्थ रखा गया, गौतम गोत्र में जन्म लेने के कारण गौतम कहलाए। सिद्धार्थ बचपन से ही करुणायुक्त गंभीर स्वभाव के थे। इनका विवाह सुंदर कन्या यशोधरा से हुआ। यशोधरा ने एक पुत्र को जन्म दिया। जिसका नाम राहुल रखा गया। उनका मन गृहस्थी में नहीं लगा। एक दिन भ्रमण पर निकले संसार के कष्ट देखकर उनका मन बेचैन हो गया। एक दिन चुपके से पत्नी और बच्चे को छोड़ कर चल दिए। शारीरिक सुखों को त्याग कर कठोर तपस्या कर दुखों के मुक्ति के लिए मार्ग तलाशने लगे। कठोर तपस्या से शरीर दुर्लभ हो गया, परंतु मन को शांति नहीं मिली, तब उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाया, एक पेड़ के नीचे ध्यान लगा कर बैठ गए, एक दिन उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई, वह सिद्धार्थ से बौद्ध बन गए। वह पेड़ बोधिवृक्ष के नाम से प्रसिद्ध हुआ। महात्मा बुद्ध के उपदेश सीधे-साधे थे, संसार दुखों से भरा है, दुख का कारण इच्छा है, उन्होंने लोगों को बताया सम्यक दृष्टि, सम्यक भाव, सम्यक भाषण, सम्यक व्यवहार, सम्यक निर्वाह, सत्यपालन, सत्य विचार, सत्य ध्यान से मनुष्य की तृष्णा मिल जाती है। भगवान के उपदेश आज के समय में जो प्रासंगिक है।

इस अवसर पर शेष सुरेंद्र प्रकाश वर्मा की पत्नी कुंती मौर्य, भाजपा के युवा नेता पंकज शुक्ला, डॉ० अरुण मौर्य, अनिल मौर्य, अजय वर्मा, विनीता मौर्य,प्रवीण कुमार सिंह, भानु प्रकाश मौर्य, ज्ञानीराम मौर्य, मुरली मौर्य आदि ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रसाद के रूप में खीर वितरित की गई।

## तेज रफ्तार कार ने मासूम को कुचला

शाहाबाद/हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। मंझिला थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार चालक ने मां के साथ सड़क के किनारे खड़े 8 वर्षीय मासूम को कुचल दिया।जिससे बालक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक बालक की मां की तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा निवासी मृतक बालक की मां छाया देवी पत्नी दिनेश कुमार के अनुसार वह सोमवार को सुबह अपने मायके रैगवा से आटो रिक्शा पर 8 वर्षीय पुत्र विपुल के साथ अपनी ससुराल जा रही थी।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भाजपाइयों ने अर्पित की पुष्पांजलि

हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की मौजूदगी में भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।


इस अवसर उन्होंने कहा महात्मा बुद्ध जो गौतम बुद्ध के नाम से भी प्रसिद्ध है, वह विश्व के महान दार्शनिकों में से एक हैं। उनका जन्म 563 ईसा पूर्व में नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था। युवावस्था में ही उन्होंने सांसारिक दुखों को देखकर सत्य की खोज में अपना राजसी जीवन और राजसी ठाँठ-बांठ को त्याग दिया और योग माया की ओर चल पड़े। बुद्ध ने कुरीतियों का विरोध किया, लेकिन वेदों और उपनिषदों के दार्शनिक विचारों को भी अपने दर्शन में




शामिल किया। उनकी शिक्षाओं का गहरा प्रभाव मध्यकालीन विचारक कबीरदास और आधुनिक विचारक डॉ. अंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन पर भी पड़ा। बुद्ध की मृत्यु के बाद, उनके शिष्यों ने उनकी शिक्षाओं को संहिताबद्ध किया, जिन्हें त्रिपिटक के रूप में जाना जाता है। इनमें विनय पिटक, सुत पिटक और अभिधम्म पिटक शामिल हैं, जो पाली भाषा में लिखे गए हैं। उन्होंने चार आर्य सत्यों और अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया, जो नैतिक आचरण, मानसिक अनुशासन और ज्ञान पर आधारित हैं। बुद्ध ने अहिंसा, करुणा और समानता के सिद्धांतों पर जोर दिया, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी शिक्षाएं न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं, जो शांति, सद्भाव और आत्म-ज्ञान की ओर ले जाती हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ओम वर्मा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक मंडल प्रभारी सुभाष पांडे सह मीडिया प्रभारी सत्यम शुक्ल नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई हरदोई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय ऋषभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## फरीद किदवई ने पुल की रखी आधारशिला




रामनगर/बाराबंकी, 12 मई (तरूणमित्र)। विधानसभा रामनगर के ब्लॉक सूरतगंज में सपा विधायक फरीद महफूज किदवई ने प्रदेश सचिव/विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवई के साथ भाई लाल रेती मजरे बसंतपुर मँझारा में 40 लाख की लागत से पुल निर्माण की आधारशिला रखी।

इस पुल के बनने से ग्राम गोड़ा, मोहड़वा, बसंतपुर, भाई लाल रेती, बिझला, बेलपुरवा,भैरमपुर, गोवा, मोहड़िया, नयापुरवा आदि गांवों को ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और दस से बारह किलोमीटर के दूरी का घुमाव कम होगा। इस पुल के निर्माण को लेकर क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। यहां के लोग बताते है कि आजादी से लेकर आज तक किसी नेता, विधायक ने हमारी तकलीफों को नहीं समझा। अधिक दूरी होने के कारण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते थे, जिससे हमारा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में भी पीछे है। जब आमजन को इलाज की आवश्यकता पड़ती थी बारिश के महीने में आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्रवासियों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। इस पुल से न केवल लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप में भी यह पुल एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।

# बिजली के खंभे में लगी आग, अफरा-तफरी का माहौल

हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली शहर क्षेत्र के व्यस्ततम सिनेमा रोड पर उस समय हड़कंप मच गया जब काशीनाथ ज्वेलर्स के पास एक बिजली के खंभे में अचानक आग लग गई।बिजली के तारों में लगी भीषण आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के दौरान मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही रोक दी। इससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका को टाल दिया गया। वहीं, स्थानीय दुकानदार और राहगीर मौके से सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही बिजली के तारों में ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में धुएं का गुबार छा गया। आग इतनी भीषण थी कि आसपास की दुकानों के शटर बंद कर दिए गए। बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, हालांकि इसकी पुष्टि बिजली विभाग द्वारा जांच के बाद ही की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बिजली सप्लाई बंद कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ।विद्युत विभाग ने आग के कारणों की जांच शुरू कर दी है और पूरे इलाके की वायरिंग की स्थिति का परीक्षण भी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर चिंता जताई है और विभाग से पुराने तारों को बदलने व समय-समय पर जांच की मांग की है।फिलहाल सिनेमा रोड पर स्थिति सामान्य है, लेकिन घटना ने नगर पालिका और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## तेज रफ्तार कार पलटी एक की मौत व तीन घायल

सुल्तानपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। बारातियों की तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड्ड में पलट गयी। जिसमे एक की मौके पर मौत हो गयी।तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे दो की हालत नाजुक बनी हुई है।सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर सुल्तानपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अम्बेडकरनगर किया गया रिफर।

दुर्घटना बीती रात संसार पट्टी , थाना सरपतहां, जौनपुर में हुई। आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र से असैथा बालचनपट्टी,जौनपुर आई हुई थी बारात। घाललों में संजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामजीत विश्वकर्मा 30 वर्ष निवासी कुशवां थाना दीदारगंज,आजमगढ़ को किया मृत घोषित। करन विश्वकर्मा पुत्र जनार्दन विश्वकर्मा, एवं अभिषेक विश्वकर्मा को रिफर किया गया।सुनील विश्वकर्मा को उपचार के पश्चात घर जाने दिया।

गांव वालों के सहयोग से कार के तोड़कर घायलों निकालकर सीएससी अखंड नगर भेजा गया। सूचना पर सीएससी अखण्डनगर पहुंची पुलिस। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है,शव को कब्जे में को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

### गंगा स्नान जा रहे युवक को मौत, महिला घायल

शाहजहांपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। थाना मिजार्पुर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए जा रहे दंपति की मोटरसाइकिल सामने से आ रहे तांगे से टकरा गई। हादसे में जलालाबाद के प्रताप नगर निवासी नेकपाल की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी मीरा गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल मीरा को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है। मृतक नेकपाल मूल रूप से चित्रऊ गांव के रहने वाले थे। वह जलालाबाद में राजपूत स्टील वर्क्स के नाम से फर्नीचर की दुकान चलाते थे। उनके दो बेटे हैं - मोहित और दीपेश, जो दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लापता युवती को बरामद कर आरोपी को भेजा जेल

हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। बेनीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी के मामले में पुलिस ने युवती को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 9 मई को युवती के पिता द्वारा बेनीगंज कोतवाली पर तहरीर दी गयी कि ललित तिवारी उर्फ छोटू पुत्र अनिल तिवारी निवासी कमराबाद मजरा झरोईया थाना बेनीगंज उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में युवती के पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी। बेनीगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक गोपाल मणी मिश्रा और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया है।

## 12 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई लूट की रिपोर्ट

शाहजहाँपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। थाना तिलहर क्षेत्र में एक बुजुर्ग से लूट और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। घटना 12 दिन पहले की है। निजामगंज निवासी रमनपाल फसल के 65 हजार रुपए लेकर जा रहे थे। उनके बेटे रामगोपाल ने बताया कि पिता दुकान से घर लौट रहे थे। रास्ते में कुछ दबंगों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों में बदायूं के भी कुछ लोग शामिल थे।

हमलावरों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला किया। तमंचे की बट से भी मारा। आरोपियों ने फायरिंग करते हुए रमनपाल की जेब से रुपये निकाल लिए। गोली रमनपाल को नहीं लगी। आरोपी उन्हें मृत समझकर भाग गए। आरोप है कि पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत की। पहले कार्रवाई का आश्वासन मिला। बाद में पुलिस ने उल्टा धमकाना शुरू कर दिया। गुंडा एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित के बेटे रामगोपाल ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। रामगोपाल ने बताया कि वह हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन के माध्यम से उग्र आंदोलन किया जाएगा। थाना प्रभारी का कहना है कि लूट और फायरिंग की घटना की जांच में कोई सच्चाई नहीं मिली है। मारपीट की शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसी को थाने से भगाने से इनकार किया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मां बेटी की मौत

हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। बालामऊ जंकशन पर मेन लाइन पर खड़ी ट्रेन से उतरते समय दूसरी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मां बेटी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जीआरपी और सिविल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त विवरण में हरदोई निवासी अवनीश अपनी पत्नी 35 वर्षीय उर्मिला और 7 वर्षीय पुत्री कोमल और बच्चों के साथ चंडीगढ़ में रेहड़ी लगाने का कार्य करता था।चंडीगढ़ से हरदोई घर आते समय सोमवार की सुबह उसकी पत्नी और पुत्री ट्रेन में भीड़ होने की वजह से हरदोई स्टेशन पर नहीं उतर पाए थे।सुपरफास्ट ट्रेन को पास करने के लिए चंडीगढ़ एक्सप्रेस को बालामऊ रेलवे स्टेशन पर मेन लाइन पर रोका गया था। ट्रेन रुकने पर उर्मिला अपनी बेटी कोमल के साथ ट्रेन से उतर रही थी। तभी दूसरी लाइन पर आ रही तेज रफ्तार सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से मां बेटी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।

## युवाओं व बच्चों को प्रसिद्ध सर्जन डॉ. एसके सिंह ने इनडोर बैडमिंटन हॉल की दी सौगात

कछौना/हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। जिले के प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर एस.के. सिंह ने स्वर्गीय पिता शेर बहादुर सिंह की स्मृति में मूल निवास ग्राम कामीपुर में बच्चों व युवाओं को खेलकूदों के प्रति रुचि में बढ़ावा देने के लिए एक अत्याधुनिक इनडोर बैडमिंटन हाल की सौगात दी, जिसका उदघाटन मातृ दिवस पर माताजी ने पिता काटकर किया।

डॉक्टर एस.के. सिंह ने आसपास गांव के युवकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इसे समर्पित किया। इससे युवाओं को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए एक मंच मिलेगा। यह बैडमिंटन हॉल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें बुनियादी सुविधाएं वॉशरूम, पर्याप्त रोशनी, आरामदायक सतह, बैडमिंटन कोर्ट, नेट, बैठने के लिए बेंचें आदि



सुविधाएं हैं। खेलने के लिए उपयुक्त स्थान है। किसी भी मौसम में खेल सकते हैं। यह इनडोर बैडमिंटन हॉल ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। कई वर्षों से यह खेल क्षेत्र में लोकप्रिय है। डॉक्टर एस. के. सिंह के इस कदम से युवा व बच्चे काफी उत्साहित हैं। उनके इस कदम की सभी सराहना कर रहे हैं। डॉक्टर एस.के. सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस हाल से खेल के प्रति बच्चों व युवाओं में रुचि बढ़ेगी।

# उन्नाव में खुलेआम धधक रही अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां

## कार्यवाइयों का आंकड़ा बया करता है अवैध कच्ची शराब की हकीकत

उन्नाव, 12 मई (तरूणमित्र)। आबकारी विभाग भले ही अवैध कच्ची शराब को पकडने का दावा करता हो लेकिन इस बात से यह भी कही न कही सिद्ध होने की संभावना जतायी जाती है कि अवैध शराब अगर न बनती होती तो पकडी कैसे जाती। सूत्र बताते है कि अवैध शराब में नशीली टेबलेट पीसकर मिलायी जाती है। इतना ही नही नौसादर को भी मिलाने का काम जोर शोर से किया जाने की संभावना जतायी जा रही है। जिले में वैसे तो आबकारी की टीमें छापेमारी करती है। इसके बावजूद इन अवैध शराब माफियाओं पर नियंत्रण नही हो पा रहा है। विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद अवैध शराब को बेचने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्रामीणा आंचल के सीमावर्ती क्षेत्रों को इस कारोबार के लिए मुफीद माना जाता है। ऐसे में वहां से जल मार्ग से भी शराब का ट्रांसपोर्ट एक जिले से दूसरे जिले में किए जाने



की संभावना अक्सर जतायी जाती रही है। कई बार स्थानीय लोग भी इसको लेकर

**क्या बोले जिला आबकारी अधिकारी ?**

जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर से बात की गयी तो उन्होने बताया कि शिकायत व जानकारी के आधार पर क्षेत्रीय निरीक्षकों को निर्देश दिए जाएंगे। कि चिन्हित स्थानों पर विशेष तौर पर छापेमारी की जाए। ताकि अवैध शराब पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके।

आवाज उठाते है लेकिन विभाग की सुस्ती से इस पर कोई ठोस कार्यवाही हो नही पाती है।

**इन क्षेत्रों में अवैध शराब बनाएं जाने की चर्चाएं:** बता दें कि शहर,मौरावां, बारासगवर सहित पुरवा में शराब का अवैध धंधा करने वाले लोग बेखौफ होकर सक्रिय है। इसके अलावा बिहार क्षेत्र के जमीपुर, अकवारा, मवईयां, ग्राम सहिला, नमाखेडा, नेवती आदि गांवों में भी घरों में व अन्य कई स्थान पर इस अवैघ शराब को बनाने व बेचने का काम किया जाता है। हालत यह है कि दर्जनभर स्थानों पर शराब की दुकानों के अलावा परचून की छोटी दुकानों व पान की दुकानों, घरों से इसकी बिक्री धडल्ले से की जा रही है। इसके बावजूद स्थानीय जिम्मेदार मौन धारण किए है। ऐसे में पूर्व की घटनाओं से भी स्थानीय विभाग के लोग सबक नही ले रहे है। कई बार मिलावटी शराब की वजह से लोगो के जीवन संकट में पड चुके है। कई गांव ऐसे भी है जहां परिवार के परिवार इस अवैघ कारोबार में संलिप्त है।

**कार्यवाही बताती है अवैध शराब बनती है...**- जिले में आबकारी विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से यह बात स्वतः सिद्ध हो जाती है। इसमें कोई संदेह नही बचता है। अगर अवैघ मिलावटी शराब बन नही रही होती तो कार्यवाही में शराब की बरामदी नही होती।

## मैरिज लान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद/हरदोई, 12 मई (तरूणमित्र)। कस्बे के एक मैरिज हॉल के बाहर से शनिवार की रात वैवाहिक समारोह में शामिल होने आए व्यक्ति की बाइक पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस नेरीपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की है। प्राप्त विवरण में राजकुमार अवस्थी पुत्र दयाशंकर अवस्थी अपने पुत्र आयुष अवस्थी के नाम रजिस्टर्ड बाइक संख्या यूपी 27 एजी 1444 लेकर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर के सुमन मैरिज हॉल अपने भतीजे के विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। मैरिज हाल के बाहर से किसी अज्ञात चोर ने उनकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध बाइक चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

## ऑपरेशन सिंदूर की गूंज में थमी रौशनी नुमाइश पर सैन्य अलर्ट की छाया

शाहजहांपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। देश एक बार फिर सतर्क मोड पर है सीमाओं पर तनाव, फिजाओं में सैन्य तैयारी की गूंज, और इसके बीच आम जनजीवन पर पड़ता प्रभाव। ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत भारत की सीमाएं पूरी तरह हाई अलर्ट पर हैं, और इसी साये में शाहजहांपुर की ऐतिहासिक नुमाइश भी थम गई।

छावनी परिषद क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में हर साल की तरह इस बार भी रंग-बिरंगी रोशनी, झूले, सांस्कृतिक मंच और चहकती भीड़ की तैयारी थी। मंच बन चुका था, मंत्री के आने के निमंत्रण पत्र बंट चुके थे। लेकिन ऐन वक्त पर एक फोन कॉल ने सब कुछ रोक दिया – यह कॉल था देश की सुरक्षा का। सेना ने कैंट क्षेत्र में लगने वाली नुमाइश को लेकर जिला प्रशासन को आगाह किया। सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई, और प्रशासन ने बिना देरी किए आयोजन की अनुमति पर ब्रेक लगा दिया। 9 मई की रात 8 बजे उद्घाटन समारोह प्रस्तावित था – अब वह अनिश्चितकाल तक टाल दिया गया है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत देशभर में युद्ध जैसी तैयारी – ब्लैकआउट अभ्यास, मॉकड्रिल्स, और सीमावर्ती इलाकों में अत्यधिक सतर्कता – चल रही है। ऐसे में किसी बड़े सार्वजनिक आयोजन की तेज रोशनी और भारी भीड़ सुरक्षा के लिए जोखिम बन सकती थी। क्या हम केवल समाचारों में युद्ध की खबरें पढ़कर संवेदनशील हो जाते हैं, या अपने शहर, अपने फैसलों में भी वह जिम्मेदारी निभाते हैं जो इस वक्त देश को चाहिए? नुमाइश का स्थगन एक छोटा निर्णय जरूर है, लेकिन यह उस बड़ी तस्वीर का हिस्सा है जिसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका अहम हो जाती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 13 मई 2025
विक्रम संवत्– 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष– प्रतिपदा

## सामान्य स्थिति की ओर

22 अप्रेल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद 6/7 मई की रात्रि से 10 मई तक दोनों देशों की सेनाओं के बीच चले संघर्ष के बाद सीजफायर की घोषणा हो गई। दोनों देशों के डीजीएमई भी बात कर चुके है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश की जनता को सम्बोधित कर भारत की सीमाओं की सुरक्षा, कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में शांति का आश्वासन दे चुके हैं। इन चीजों के बाद अब सीमावर्ती राज्यों जम्मू -कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के पाकिस्तान से लगे शहरों में अब जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। पंजाब के लगभग एयरपोर्ट खोल दिए गए हैं और जल्द ही सभी उड़ानें रूटीन पर लौट आएँगी। कश्मीर में भी हमलों के बाद का दर्द लोगों के चेहरों पर है, तब भी लोग सामान्य कामकाज की ओर लौट रहे हैं। परन्तु एकाएक सीजफायर के ऐलान पर अब भी सवालिया निशान मौजूद हैं। विपक्ष से लेकर सोशल मीडिया तक यह दौर जारी हैं। कहीं -कहीं तो भाजपा कार्यकर्त्ता भी इस अभियान में शामिल हैं। गंभीर सवाल यह है कि इस संघर्ष से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना तय लक्ष्य हासिल कर लिया है। सेना इस बारे में बार बार साफ कर रही है कि यह अभियान पाकिस्तान में पल रहे आतंक के ठिकानों पर कार्यवाही तक सीमित था। अगर पाकिस्तान जवावी कार्यवाही नहीं करता तो यह संघर्ष युद्ध जैसा रूप नहीं लेता। लेकिन सच यही है कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को भारत अब भी पकड़ नहीं पाया है। पीओके पर सवाल अब भी बरकरार है। बेशक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया है कि अब भविष्य में देश में आतंकी हमला होगा, उसे 'युद्ध' करार देते हुए भारत पलटवार करेगा। लेकिन पाकिस्तान और भारत में इस सैन्य संघर्ष को लेकर युद्ध जैसा ही वातावरण था। भारतीय सेना के प्रवक्ता दावा किया है कि उसने पाकिस्तान स्थित आतंकियों के अड्डे मलबे में बदल दिए हैं, 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट भी उतारा है, यह निश्चित ही बड़ी सफलता है, लेकिन यह सच है कि आतंकियों के हौसले अब भी बुलंद हैं। पाकिस्तान मीडिया निरंतर इस तरह का माहौल अपने देश में निर्मित कर रहा है कि उसे भारत के साथ कथित युद्ध में बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। बेशक, यह झूठ है लेकिन पाकिस्तानी आवाम का मनोबल ऊँचा बनाए रखने के लिए इस तरह की खबरें फैलाई जा रहीं हैं जो इस बात का सुबूत है कि भविष्य में उसके हुक्मरान और उसकी सरपरस्ती में पल रहे आतंकी जल्द पुनः सिर उठाएंगे और तब भारत को पुनः 'एक्ट ऑफ वार' जैसी कार्यवाही अमल में लानी पड़ेगी। फिलहाल स्थिति यही है कि भारत यह संघर्ष जीत कर भी विजेता नहीं बन सका। भारत में कोई भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान का स्थाई ईलाज जरुर चाहता। इसलिए हमारी सेना ने जो अवसर निर्मित किया था, वह समाधान के करीब था। इसलिए देश 'ऑपरेशन सिंदूर' को अधूरा छोड़ने पर हैरान है। फिलहाल भारत के नेतृत्व को प्रत्येक देशवासी को इस पर संतुष्ट करना जरुरी है। सीमा पर युद्ध सेना अवश्य लड़ती है, लेकिन देशवासियों को भी युद्ध की विभीषिका से जूझना पड़ता है। युद्ध में हर देशवासी सैनिक ही होता है, फिर भले ही वह मोर्चे पर न हो। फिर भी आशा की जानी चाहिए कि जैसा सरकार और सेना दावा कर रही है, सीमाओं पर फिलहाल शांति स्थाई रूप ले। रहा, पीओके का सवाल, तो यह तय है कि वह दोनों देशों के हुक्मरानों के लिए किसी भी संकट में ढाल बन जाता है, इसलिए संभवतः दोनों देश इस मुद्दे का स्थाई समाधान नहीं चाहते।

### मारेंगे हम गोला !



कृष्णेन्द्र राय

चली वहां से गोली तो ।
मारेंगे हम गोला ।।
अब माया और ममता की ।
दिए उतार चोला ।।
फिर भी अब तक हमने ।
ताकत है दिखाई ।।
हर मोर्चे पर दुश्मन ने ।
है मुंह की ही खाई ।।
नहीं हैं डरने वाले ।
ना कोई विराम ।।
जान चुकी ये दुनिया ।
कर सकते तमाम ।।
लेकिन अब तक संयम से ही ।
लिया है हमने काम ।।
दूर दूर तक गूंज उठा ।
आखिर अपना नाम ।।

## शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना



ललित गर्ग

**भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई।**

दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा।

यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी। पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है।

दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया।

लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था। यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है।

भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता।

सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था।

मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया। पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरूआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है। आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय एवं शर्मनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

भारत का मकसद आतंकवाद का खात्मा है, युद्ध नहीं है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे।

पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा झेल पाने में असमर्थ है, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार इसका विरोध करेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## दसवीं के बाद सही विषयों का चुनाव चुनौतीपूर्ण



देवेन्द्र जोशी

दसवीं कक्षा के बाद करियर प्लैनिंग करना छात्रों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। सही दिशा में उठाए गए कदम भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। यही वह सही समय है जब छात्र अपनी रुचिए दक्षता और क्षमता के अनुसार अपना सही करियर विकल्प चुन सकते हैं, तो जीवन में सफलता की राह आसान हो जाती है। हमारे देश में जल्द ही दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित होने वाला है, इसके बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों में सही विषय चयन को लेकर एक बहुत बड़ी चुनौती पेश होगी । इस आर्टिकल के माध्यम से हम उन चुनौतियों का समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे ।

किसी विद्यार्थी की रुचि एउसकी क्षमता और लगातार बदलती परिस्थितियों में एक बेहतर भविष्य के लिए के अनुसार वर्तमान में विषयों का चयन किया जाना चाहिए। दसवीं कक्षा तक आते-आते लगभग हर एक विद्यार्थी की रुचि किसी विषय में स्पष्ट हो जाती है ऐसे में विद्यार्थी का परिणाम और उसके शिक्षकों से सलाहकार उसकी रुचि का पता आसानी से लगाया जा सकता है, विद्यार्थी की क्षमता उसके व्यक्तित्व से तय होती है।

कुछ विद्यार्थी अत्यधिक जिज्ञासु प्रवृत्ति के होते हैं तो कुछ विषयों को रटना पसंद करते हैं कुछ सामाजिकता में निपुण होते हैं तो कुछ अंतमुर्खी प्रवृत्ति के होते हैं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के अनुसार विषय चयन उनके साथ न्याय करना भी है और लगातार बदलती परिस्थितियों में हम देखते हैं कि स्टार्टअप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, हॉस्पिटैलिटी और बेहतर संचार कौशल का ज्ञान भी उज्जवल भविष्य का संकेत देता है। हमारे देश की नई शिक्षा नीति भी इन्हीं बातों पर फोकस करती है। सबसे पहले हम परंपरागत तरीके से स्ट्रीम चयन की बात करें तो साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स के विकल्प हमारे सामने मौजूद हैं। आर्ट्स में ज्योग्राफी, इकोनॉमिक्स, विविध लैंग्वेज, इतिहास एसाइकोलॉजी, फिलासफी और ड्राइंग जैसे विषय वर्तमान में ज्यादा विद्यार्थियों की पसंद है। मुख्यतः हमारे देश में आर्ट्स के विद्यार्थी सिविल सेवाओं, अन्य सरकारी सेवाओं और काउंसलिंग जैसे क्षेत्रों में सेवाएं देते हैं।

साइंस स्ट्रीम के विद्यार्थी मेडिकल और नॉन मेडिकल (तकनीकी क्षेत्र) विषयों के जरिए इंजिनियरिंग, चिकित्सा, पैरामेडिकल, नर्सिंग आदि क्षेत्रों में बेहतर करियर बना सकते है। कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों के लिए वर्तमान में पहले की तुलना में ज्यादा अवसर मौजूद है क्योंकि आर्थिक युग में उनके अवसर लगातार बढ़ रहे हैं।

सीए, सीएमए, सीएस जैसे परंपरागत विकल्पों के अलावा फाइनेंस से जुड़े अन्य क्षेत्र जैसे शेयर बाजार, बैंकिंग, फाइनेंशियल जागरूकता और बीमा जैसे क्षेत्रों में बेहतर मौके मौजूद है।

पिछले कुछ वर्षों से एक बदलाव शिक्षा क्षेत्र में आया है, दसवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी आगे की कक्षाओं के लिए ऑनलाइन पढ़ाई को महत्व देते हैं और वोकेशनल स्ट्रीम के कोर्स करते हैं। इनमें फैशन डिजाइनिंग, ज्वेलरी डिजाइनिंग एइंटीरियर डिजाइनिंग साइबर लॉ जैसे कोर्स महत्वपूर्ण है।

इन कोर्सेस की अवधि बहुत कम होती है और उसके बाद विद्यार्थी की क्षमता और उसके नवाचार के अनुसार उसको बहुत बेहतरीन जॉब मिल जाती है। इन वोकेशनल कोर्सेज के अलावा विद्यार्थी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स करके भी छोटी उम्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, फंक्शनल इंग्लिश, एनीमेशन, बैंकिंग एइंश्योरेंस, फाइनेंशियल अकाउंटिंग, अकाउंटिंग, टैक्सेशन एडिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इवेंट मैनेजमेंट, फिल्म मेकिंग, मीडिया, ट्रैवल-टूरिज्म और रोबोटिक्स में वर्तमान में बेहतर अवसर उपलब्ध हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## हे राम यह कैसा संघर्ष विराम



प्रेम शर्मा

संघर्ष विराम की घोषणा के बाद पाकिस्तानी सेना जो दुसाहस दिखा रही है वह पूरी दुनिया देख रही है। यह पहला अवसर नही इस तरह की वायदा खिलाफी और सहमति को पाकिस्तान कई बार नकार चुका है। संघर्ष विराम समझौते के कुछ ही घंटों बाद, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने संघर्ष विराम समझौते पर सवाल उठाए, क्योंकि शनिवार शाम श्रीनगर में जोरदार धमाकों की आवाजें गूंज उठीं। अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा, संघर्ष विराम को आखिर क्या हो गया? श्रीनगर में धमाकों की आवाजें सुनी गई। यह कोई संघर्ष विराम नहीं है। श्रीनगर के बीच में हवाई रक्षा इकाइयों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी।

यहा भारत सरकार को भारत पाक के बीच अमरीका की कूटनीति और व्यापारनीति को भी समझना होगा। अमरीका के लाख प्रयास के बाद भी रूस द्वारा यूक्रेन खिलाफ युद्ध विराम ना करना भारत के लिए एक बड़ा संकेत है। यहॉ अमरीका की कूट और व्यापार नीति को उजागर करने वाली दिसंबर 2024 के संघर्ष सूचकांक की रपट बताती है कि पिछले पांच वर्षों में, संघर्ष का स्तर लगभग दोगुना हो गया है। यह काफी हद तक उस समय के दौरान शुरू होने या फिर से शुरू होने वाले तीन बहुत बड़े संघर्षों यूक्रेन, गाजा और म्यांमा के कारण है। साथ ही सूडान, मैक्सिको, यमन और साहेल देशों सहित संघर्ष की उच्च दर वाले कई अन्य देशों में जारी हिंसा के कारण है। गाजा में इन हताहतों में कम से कम 21.5 फीसद का योगदान था। एमईएन क्षेत्र में मौत में 315 फीसद की वृद्धि हुई। गाजा और यूक्रेन में अमेरिका की गहरी संलिप्तता है। अमेरिका अक्सर अपने प्रमुख संपयों को भी बुद्ध के रूप में वगीर्कृत नहीं करता है, जिनमें हर साल कम से कम 1,000 मौत होती हैं। इराक, अफगानिस्तान, फारस की खाड़ी, कोरिया, वियतनाम के बड़े संघर्ष युद्ध के रूप में वगीर्कृत होने से बच गए हैं। जानकारों को आशंका है कि 2025 में इजराइल, गाजा, वेस्ट बैंक, लेबनान, ईरान, इराक, सीरिया, यमन, म्यांमा, मैक्सिको, बुर्किना फासो, माली, नाइजर, सूडान, यूक्रेन, कोलविया, पाकिस्तान रवांडा, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो, युगांडा और बुरुंडी में हालात और खराब हो जाएंगे। अमेरिका ने इनमें से कई देशों को पहले ही उकसाया है। 2022 में अमेरिका ने अकेले यूक्रेन को 18.1 अरब डालर के हथियार दिए। 2023 में यह बढ़कर 80.9 अरब डालर हो गया। दुनिया भर में बिक्री 238 अरब डालर की थी, जिसमें से 81 अरब डालर के लिए अमेरिकी सरकार ने सीधे बातचीत की, जो 2022 से 56 फीसद की वृद्धि है। 2023 में अमेरिका ने इजराइल को 21.2 अरब डालर दिए 2024 में यह बढ़कर 42.76 अरब डालर हो गया। यानि की अमरीका अपनी चौधराहट बहाल रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए विवश तो हुआ, लेकिन शायद आसानी से सुधरने के लिए तैयार नहीं है। यह इससे स्पष्ट है कि उसने संघर्ष विराम को कुछ ही घंटों के अंदर तोड़ने की हिमाकत की। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था। कहना कठिन है कि क्या इससे बचने के लिए उसने संघर्ष विराम तोड़ा या फिर धोखेबाजी की अपनी आदत के चलते? जिसे संघर्ष विराम कहा जा रहा, उसे ऐसा सीमित युद्ध कहा जाना चाहिए, जिसमें भारत कोई रियायत बरतने के लिए तैयार नहीं था। यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर बिल्कुल सही किया।पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। संघर्ष विराम की घोषणा के चंद घंटों के भीतर पाकिस्तान की हरकत क्या लगता है कि वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तानी सेना आतंक का सहारा लेना बंद करे। इसका पता तब चलेगा, जब पाकिस्तानी सेना आतंकियों की फौज तैयार करना बंद करेगी। पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए यह आसान नहीं दिखता, लेकिन भारत का लक्ष्य यही होना चाहिए कि वह सिर न उठाने पाए। यह उससे बातचीत करने से संभव नहीं। यह तो तभी संभव है, जब भारत उसके प्रति वैसी ही कठोरता दिखाता रहेगा, जैसे उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई। पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए विवश तो हुआ, लेकिन शायद आसानी से सुधरने के लिए तैयार नहीं है।

भारत के प्रति नफरत के चलते पाकिस्तानी सेना और सरकार यह समझने को तैयार नहीं कि वह अपने देश को तबाही की ओर ले जा रही है। वहां की जनता एक वर्ग अवश्य यह महसूस कर रहा था और इसीलिए वह आसिम मुनीर को कठघरे में खड़ा कर रहा। वह उन्हें एक जिहादी जनरल के रूप में देख रहा है। पाकिस्तान के सत्ताधारी नेता अपनी सेना की कठपुतली बनने के कारण साख गंवा चुके थे। इसीलिए उसका विश्व के प्रमुख देशों ने साथ नहीं दिया। इससे भी उसके हौसले पस्त हुए, लेकिन शायद धोखेबाजी की उसकी आदत इतनी जल्दी नहीं छूटेगी। भारत की ओर से पाकिस्तान को अब अंतिम चेतावनी दिया जाना जरूरी थी कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला होता है तो यह युद्ध की घोषणा मानी जाएगी। भारत को अपनी इस नई नीति पर अमल करने की तैयारी रखनी चाहिए, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते और पाकिस्तान का तो रिकार्ड ही है धोखा देना। संघर्ष विराम तोड़ा जाना इसका ताजा प्रमाण है। पाकिस्तान के भारत के हाथों बुरी तरह मात खाने के बावजूद अभी यह पता चलना शेष है कि उसे यह समझ आया कि वह जिस रास्ते पर चल रहा, वह विनाश का रास्ता है। हालाकि युद्ध के दौरान भारतीय या पाक के आम नागरिकों की जो मौते हो रही है उसकी भरपाई तो कभी नही होगी।

इसके बावजूद अगर पाक अपनी नापाक हरकते बंद नही करता तो भारत सरकार को भगवान श्री राम की तरह विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति।। का शतप्रतिशत अनुसरण करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### सूडोकु नवताल- 7428

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7427 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

### आज का राशिफल

**मेष** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृष** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**कर्क** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या** : अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला** : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**वृश्चिक** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**मकर** : आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुंभ** : खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य - सिंह

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** पर्यटन मन्त्री ने तहसील सिरसागंज के ग्राम किसरांव मे आव गंगा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन कर किया,पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को किसरांव में आवगंगा नदी के जीर्णोद्धार के दौरान भूमि पूजन किया उन्होंने बताया कि आंव गंगा नदी की लंबाई 17 किलोमीटर है, जिससे 11 ग्राम पंचायतों को लाभ पहुंचेगा, इसके लिए 11 क्लस्टर बनाए गये है, इस नदी के जीर्णोद्धार में कुल 1200 मनरेगा श्रमिकों को लगाया गया है, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिस तरह से जल की महत्ता बढ़ रही है, इस दिशा में इस नदी का जीर्णोद्धार अविस्मणीय साबित होगा।




उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों ने यह घोषित किया है, कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा, ऐसी स्थिति में हमें अपनी विलुप्त प्राय नदियों को पुनर्जीवित करने में अपना योगदान देना चाहिए। बहुत पहले से यहां पर जल के अत्यधिक दोहन के कारण वाटर लेवल अत्यंत गिर गया था, परंतु इस नदी के जीर्णोद्धार से न केवल वाटर लेवल ऊपर होगा, अपितु इससे किसानों और पशु-पक्षियों को भी लाभ पहुचेगा, जिलाधिकारी के द्वारा इस संदर्भ में किये हुए विशेष प्रयासों के लिए उन्होंने जिलाधिकारी के साथ संपूर्ण प्रशासन को धन्यवाद अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी सदैव ही लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए कृत संकल्पित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इस गांव के विकास से जनपद का विकास होगा और जनपद के विकास से प्रदेश का और प्रदेश के विकास से देश का विकास होगा, शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। हमारी प्रशासन से अपील और उम्मीद दोनों है, कि वह शासन की योजनाओं से वंचित परिवारों को चिन्हित करें, जिससे उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके, कोई भी ऐसा परिवार न हो जो शासन की योजनाओं से वंचित रह जाये। जब सभी लोगों की मूलभूत जरूरतें पूरी होगी, तभी एक सशक्त और मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा, आज कोई भी ऐसा तबका नहीं है, जहां विकास की किरण पहुंच नहीं रही हो, समावेशी विकास हमारे शासन की प्राथमिकता है, हमारे शासन की दृढ़ता और सेना के शौर्य का परिणाम रहा है, कि हमने पाकिस्तान को घुटने पर ला छोड़ा, आज हमारा प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर ग्रोथ इंजन बन रहा है, औद्योगिक घराने अब उत्तर प्रदेश में निवेश करने को आतुर हैं, हम सभी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करें, सरकार आपकी आपके हर कदम में साथ देगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन मंत्री की प्रेरणा से ही इस महत्वपूर्ण कार्य को आज हम वास्तविकता का रूप दे सके हैं, इस नदी के जीर्णोद्धार से इस क्षेत्र के हर तबके का विकास होगा, नदियां समाज नहीं अपितु किसी देश की पहचान होती है, इसके पुनरोद्धार से न केवल किसानों को फायदा होगा अपितु यहां के लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाई जाएगी, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि पर्यटन मंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में वर्षा से पहले हम इस कार्य को अवश्य पूरा कर लेंगे, इस नदी के पुनरोद्धार में मनरेगा के मजदूरों के साथ-साथ बड़ी संख्या में गांव के लोगों द्वारा भी स्वेच्छा से श्रमदान किया जा रहा है।

## परिवार में कराया सुलह

**चित्रकूट, 12 मई (तरूणमित्र)।** चौकी परिक्रमा मार्ग खोही पुलिस ने आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया है। मीरा पत्नी संजय निवासी रहुनियाँ पुरवा ने प्रार्थना पत्र दिया कि उसके पति संजय गाली गलौज करते है। उनि रमेश सिंह यादव ने की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क कर-के उन्हें चौकी पर बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। पति-पत्नी आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने के लिये सलाह दी गयी।

# रिद्धिमा में गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने अर्पित की स्वरांजलि

**बरेली, 12 मई (तरूणमित्र)।** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम गायन कार्यक्रम स्वरांजलि का आयोजन हुआ। इसमें रिद्धिमा के गायन गुरु और गायन के विद्यार्थियों ने अपने स्वरों की साधना से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ गायन की विद्यार्थी स्वरित तिवारी ने 'मोहब्बत करने वाले कम न होंगे' को अपनी आवाज देकर किया।



भरतनाट्यम गुरु तनया भट्टाचार्य और गायन के विद्यार्थी डा.अनुज कुमार ने हेमंत कुमार के सुप्रसिद्ध गाने 'तुम पुकार लो तुम्हारा इंतजार है' को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और गायन के विद्यार्थी अंशुमा अग्रवाल ने गीत 'किसी राह में किसी मोड़ पर' को अपनी आवाज दी। गायन की विद्यार्थी इंदू परडल ने मेहंदी हसन की प्रसिद्ध गजल 'मुझे तुम नजर से गिरा तो रहे हो' को अपनी आवाज में श्रोताओं समक्ष प्रस्तुत किया। विजुअल आर्ट गुरु गौरव कुमार ने गीत 'ये जमी रुक जाये' और गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत 'तुझे याद कर लिया है' को अपनी आवाज देकर मंत्रमुग्ध किया। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने मेहंदी हसन की दूसरी प्रसिद्ध गजल 'रंजिश ही सही दिल को' अपनी आवाज में प्रस्तुत किया तो गायन गुरु प्रियंका ग्वाल के साथ फिल्म जब वी मेट के गाने 'आओगे जब तुम ओ साजना' को भी अपने स्वर दिए।

अंत में गायन गुरुओं और गायन के विद्यार्थियों ने एक साथ गीत 'तेरे इश्क की इन्तहा' को प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## बाइक पर सवार तीन लोगों को कार ने मारी टक्कर, घायल

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** थाना दक्षिण के लालऊ चौराहे के समीप सोमवार की दोपहर एक कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया है जनपद आगरा के रामबाग निवासी गगन पुत्र रामदास अपने बहनोई राहुल पुत्र योगेंद्र सिंह और कुंदन पुत्र ओमवीर के साथ बाइक द्वारा फिरोजाबाद आ रहे थे ,तभी रास्ते में थाना दक्षिण के लालऊ चौराहे के समीप एक असंतुलित कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसके फल स्वरुप वह तीनों लोग गिरकर घायल हो गये, मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां तीनों का उपचार जारी है, इधर घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन भी सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच गये है।

# पर्यटन मंत्री ने गाँव जरौली में कान्हा गौशाला का किया लोकार्पण

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने नगर पंचायत के ग्राम जरौली में कान्हा गौशाला का लोकार्पण और शुभारम्भ विधि विधान के साथ किया सोमवार को नगर पंचायत के गाँव जरौली में कान्हा गौशाला का विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने गौशाला का लोकार्पण भी किया , उन्होंने बताया कि यह गौशाला 500 गौवंशों की क्षमता से युक्त है, और एक करोड़ 98 लाख लागत से निर्मित है, उन्होंने इस अवसर पर गौशाला के प्रांगण में पाखर का पौधा भी लगाया और यहां स्थित गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ और हरा चारा भी खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस गौशाला के बनने से गोवंशो का संरक्षण तो होगा ही, साथ ही छुट्टा गौवंशों के प्रकोप से किसानों को भी राहत प्राप्त होगी, इस अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख कमलेश राजपूत, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।



## बिना टिकट यात्रियों को ले जाने पर परिचालक की संविदा समाप्त, चालक सस्पेंड

**फिरोजाबाद ।** बिना टिकट यात्रियों को सफर कराना एक संविदा परिचालक और नियमित चालक को मंहगा पड़ गया। मुख्यालय से रिपोर्ट आने पर शिकोहाबाद के एआरएम ने संविदा परिचालक की संविदा समाप्त कर दी, जबकि नियमित चालक को सस्पेंड कर दिया। विभाग की इस कार्रवाई से यात्रियों को बिना टिकिट ले जाने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। कुछ चालक-परिचालक मिली भगत से यात्रियों को बिना टिकट यात्रा कराकर विभाग को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों पर विभागीय अधिकारियों की नजर रहती है। आगरा के एआरएम दिनेश यादव ने मथुरा के गांव रैपुरा के समीप शिकोहाबाद डिपो की बस की चेकिंग की। इस दौरान बस में 25 सवारियां बिना टिकट मिलीं। इस पर एआरएम ने चालक से मशीन आदि को अपने कब्जे में ले लिया और उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की। रविवार को मुख्यालय से दोनों कर्मचारियों के विरुद्द रिपोर्ट आई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी, विवाहिता की मौत

**मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप**

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** थाना लाइन पार के गांव रूपसपुर में रविवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई सूचना पर आये मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

थाना लाइन पार क्षेत्र के गांव रूपसपुर निवासी 36 वर्षीय सजनेश पत्नी प्रदीप उर्फ रिंकू यादव की शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई सूचना मिलते ही मृतका के पिता थाना दक्षिण के देव नगर निवासी श्याम सिंह यादव अपने परिवार सहित सजनेश के घर पहुंचे देखा तो वह फांसी पर लटकी हुई थी। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को फांसी से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है, मृतका के मायके वालों का कहना है, सजनेश के ससुराली जन उसे प्रताड़ित करते थे, मृतका ने अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर निकाली गई धम्य पदयात्रा

**बिजनौर, 12 मई (तरूणमित्र)।** जिले में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से प्रदेश संरक्षक गुरदयाल सिंह बौद्ध एवं जिला अध्यक्ष तिलक राज बौद्ध के मार्गदर्शन में शहर के मुख्य मार्ग से धम्य पदयात्रा निकाली गयी।

इसमें जनपद के विभिन्न धम्म बंधु शामिल हुए और आमजनमानस को तथागत भगवन गौतम बुद्ध के दिए गए समता समानता एवं भाईचार शांति के संदेश को दिया। धम्म यात्रा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा फल व जल वितरण किया। धंम यात्रा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एड. राकेश



कुमार एड. गंगाराम सिहं मा. परवेन्द्र रायसान हरीराजसिहं केसरी नवल सिहं बोद्ध चंद्रहास सिंह नरेंद्र कुमार मा. चंदू सिंह प्रो.धन सिंह एड जितेंद्र कुमार नरेंद सिहं देश दीपक विम्बसार गौतम हरज्ञान सिंह मानू ब्रह्मपाल सिंह राजवीर सिंह उमेश कुमार सुरेश सिंह महावीर सिंह वेद प्रकाश बौद्ध इंजी मणिकांत बौद्ध राम कुमार धर्मबीर सिंह नेतराम सिंह नूतन भारती सुधा बौद्ध बबीता नीतू सुमित्रा नंदनी रोहिताश सिंह इंजी. सुखबीर सिंह एड देशराज सिंह गिरधारी सिंह करन सिंह सीपी सिंह योगेंद्र कुमार नकुल बौद्ध केपी सिंह राजीव कुमार धर्मसिंह आदि उपस्थितरहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फूल मालाएं पहनाकर किया हज के लिए रवाना

**बरेली, 12 मई (तरूणमित्र)।** नगर पंचायत सिरौली से हाजी हज के लिए रवाना हुए हज पर जाने वालों का नगर पंचायत चेयरमैन चमन सकलैनी, कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करके रवाना किया और खान ए काबा पर दुआ करने की गुजारिश की, कस्बे से इस बार चार लोग हज पर जा रहे है। हज करने जाने बालों में निराले मियां, बन्ने मियां और दोनों की पत्नियाँ साथ में जा रही है कस्बे के लोगों ने सभी को गले मिल कर मुबारकबाद पेश कर उनको रवाना किया। स्वागत करने वालों में कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, चेयरमैन चमन सकलैनी, हाजी आबिद बेग, अजहर बेग, सभासद मुस्तकीम अली, यामीन अंसारी, रियाजुल पधान, कलीम खान, सनब्बर खान, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



### बड़े भाई की डांट से क्षुब्ध युवक झूला फांसी पर, मौत

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** थाना उत्तर के जैन नगर में रविवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया हैजैन नगर निवासी 22 वर्षीय जीतू पुत्र चुन्नालाल का अपने बड़े भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया भाई ने उसे डांट दिया जिससे क्षुब्ध होकर जीतू ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर झूल गया, जिसकी जानकारी सुबह तब हुई जब वह सो कर नहीं जागा देखा, तो वह फांसी पर लटक रहा था , जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गये। सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने किवाड़ तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली गई प्रभात फेरी

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** शिकोहाबाद नगर में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सुबह आठ बजे बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयाइयी नगला किला स्थित आंबेडकर पार्क पर एकत्रित हो गये यहां सभी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यापर्ण किया। इसके बाद प्रभातफेरी निकाली। प्रभात फेरी आंबेडकर पार्क नगला किला से प्रारंभ हुई। एसपी गौतम, खेमचंद्र मैनेजर और डॉ आरबी बौद्ध ने संयुक्त रूप से आंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन किया। इसके बाद प्रभात फेरी को रवींद्र सिंह बौद्ध ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके बाद युवाओं ने प्रभात फेरी पूरे नगला किला में निकाली। इस दौरान लोग जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली का आंबेडकर पार्क में आकर समापन हुआ। इस अवसर पर बॉबी जाटव, संदीप पाटिल, राहुल कुमार, रामवीर, मनीष, सर्वेश कुमार, जगदीश, अनूप और नरेंद्र कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### ड्रोन बूट कैम्प में राजश्री कालेज के अशनीक, लोकेश रहे प्रथम

**रिठौरा-बरेली, 12 मई (तरूणमित्र)।** महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय ड्रोन बूट कैंप में राजश्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के बीटेक द्वितीय वर्ष मैकेनिकल के छात्र अशनीक चौधरी ने प्रथम और लोकेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक इं0 रोहन बंसल, डीन प्रो0 साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी। ड्रोन बूट कैंप का आयोजन रूहेलखंड इनोवेशन फाउंडेशन एवं आईआईटी धनबाद के तत्वाधान में किया गया। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को तकनीकी प्रतिभा और कौशल के विकास के लिए नवीनतम तकनीकी से जुड़ना बेहद आवश्यक है। इसके लिए छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं उनमें सेवारत अनुभवी प्रोफेसर्स और वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन प्राप्त कराना राजश्री संस्थान की प्राथमिकताओं में है। संस्थान के निदेशक प्रो0 पंकज शर्मा ने बताया कि बूट कैंप का उद्देश्य मानव रहित विमान चालन तकनीकी को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में एक अच्छा प्रयास साबित हुआ इसमें एयरक्राफ्ट सिस्टम की मूलभूत जानकारियों, उनके अनुप्रयोगों एवं ड्रोन के असेंबलिंग को छात्र-छात्राओ ने चरणबद्ध तरीके से समझा। बूट कैंप के आयोजन में प्रो0 यतेंद्र कुमार, आईआईटी धनबाद से प्रो0 रवि कुमार गंगवार, प्रो0 जय सिंह, प्रो0 सम्राट मुक्तोपाध्याय मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका में रहे।




# आईवीआरआई और एसकेयूएएसटी के बीच शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श

**बरेली, 12 मई (तरूणमित्र)।** शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू (एसकेयूएएसटी /जम्मू) के कुलपति एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्व उपमहानिदेशक (पशु विज्ञान) डॉ. बी.एन. त्रिपाठी ने दो दिवसीय दौरे पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई ), इज्जतनगर का भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक समिति कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें आईवीआरआई और एसकेयूएएसटी/जम्मू के मध्य अनुसंधान और शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईवीआरआई के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने डॉ. त्रिपाठी का स्वागत किया और बैठक के एजेंडे को प्रस्तुत करते हुए दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह उल्लेख किया कि दोनों संस्थानों के बीच पूर्व में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) हस्ताक्षरित हो चुका है, परंतु उसके दायरे का विस्तार कर अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी ) गतिविधियों, छात्र एवं संकाय विनिमय जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। डॉ. त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि दोनों संस्थान मिलकर पशु शल्य चिकित्सा, नैदानिक विषयों, जैव प्रौद्योगिकी, रोग पहचान एवं रोग अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने एग्रीबिजनेस प्रबंधन, संकाय विकास एवं क्षमता निर्माण जैसे विषयों में सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में यह सहमति बनी कि रोग निदान नेटवर्क, रोग निगरानी तथा खुरपका (फुट राट) जैसे रोगों के लिए वैक्सीन विकास हेतु संयुक्त कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दोनों संस्थानों के शैक्षणिक कार्यक्रमों में संकाय की पारस्परिक भागीदारी से शिक्षा गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि दोनों संस्थानों के उच्च अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक दोनों परिसरों में आयोजित की जाए, ताकि अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जा सके।




इस महत्वपूर्ण बैठक में आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक (शोध) डॉ. संजय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), डॉ. एस.के. मेंदिरत्ता स्नातक समन्वयक डॉ रजत गर्ग एवं परास्नातक समन्वयक डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह तथा पीएमई सेल के प्रभारी डॉ समीर श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय यादव महासभा ने ऑपरेशन सिन्दूर को उचित ठहराया

**फिरोजाबाद, 12 मई (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ स्वपन कुमार घोष ने ऑपरेशन सिन्दूर को उचित ठहराते हुए भारत सरकार एवं नरेन्द्र मोदी को बधाई दी हैअखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ स्वपन कुमार घोष ने भारतीय सेना के द्वारा किया गया ऑपरेशन सिन्दूर को उचित ठहराते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत सरकार को बधाई देते हुए कहा है। कि भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों और सेना के अधिकारियों के अद्भ्य साहस और वीरता को नमन कर उन्होंने प्रेस को बयान जारी कर कहा है।कि भारत के सपूत किसी भी दुश्मन के सामने कभी सिर नही झुकाते उन्होंने पाकिस्तान सहित अन्य सभी युद्ध मे सेना ने दुश्मनो को झुकने को मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि यादव महासभा तन मन धन से भारत सरकार के समर्थन में मुस्तेदी के साथ खड़ी है। हमारे वीर सैनिक अपनी जान की परवाह किये बिना देश की रक्षा कर दुश्मनो से लोहा ले रहे है। ऐसे समय मे हम सभी को एक होकर माँ भारती की शान में न्यौछावर रहने को तैयार रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में यादव सिपाहियों की सर्वाधिक संख्या है। 1962 के रेन्जागला युद्ध मे यादव सैनिको के योगदान को दुनिया मे सराहा जाता है। इसी कारण सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग यादव महासभा वर्षो से करती आ रही है। डॉ घोष ने महासभा के सभी कार्यकताओं से अपील की है, कि वे सदैव सरकारी निदेशों का पालन कर देश की सेवा के लिये तैयार रहे।

# एसआरएमएस नर्सिंग कालेज में केक काट कर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स डे

## मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण नर्सों का सम्मान

**बरेली, 12 मई (तरूणमित्र)।** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर 12 मई को केक काट कर धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति जी और सचिव आदित्य मूर्ति जी ने नर्सिंग छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया।

उन्होंने नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा के साथ समाज और अर्थव्यवस्थाओं के विकास और स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी जरूरी बताया। समारोह में नर्सों को सम्मानित भी किया गया। दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। अतिथियों के संबोधन और नर्सों के सम्मान के बाद 'केयरिंग हैंड्स क्लब' की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ हुआ। गायन, फैशन शो, एकल नृत्य, युगल नृत्य में नर्सिंग छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नर्सों के वास्तविक जीवन के संघर्ष, समर्पण और करुणा को दर्शाती हुई स्किट का भी मंचन हुआ। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कार वितरित किया गया। इससे पहले एसआरएमएस आईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) आरपी सिंह ने नर्सिंग पेशेवरों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डा.मुथू महेश्वरी ने कार्यक्रम की थीम 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य- नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है' की जानकारी दी। डिप्टी मेट्रन नीतू ने सभी का स्वागत किया। नर्सिंग की भूमिका पर विद्यार्थियों ने विभिन्न पोस्टर बनाए। इनका मूल्यांकन मुख्य अतिथि मेट्रन मैडम ने किया।




अंत में नर्सिंग के एसोसिएट प्रोफेसर मयंक कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया एवं अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन तान्या चौहान और सिमरनजीत कौर ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पारसराम सहित कॉलेज के सभी फैकेल्टी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भगवान गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव पर निकली झांकियां

**फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव डा. बाबा साहब अंबेडकर मिशन भारत की जनपद शाखा के तत्वाधान में मनाया गया। तथागत गौतम बुद्ध के बताए गए रास्तों पर चलने का लोगों ने संकल्प दोहराया। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया इसके बाद विभिन्न स्थानों से आई झांकियां निकाली गई। शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करके झांकिया आयोजन स्थल पहुंची। रास्ते में कई जगह स्वागत हुआ।




डा. बाबा साहब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वाधान में ज्ञान के सागर विश्वदीप तथागत भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव महापर्व कलेक्ट्रेट स्थित बुद्धा पार्क में मनाया गया। भगवान की प्रतिमा के समक्ष पूज्य भिक्ख संघ से पूज्य भंते विजयानंद ने भगवान बुद्ध की मूर्ति के समक्ष मोमबत्ती, धूपबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ उनके बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प दोहराया। मिशन के जिला सचेतक रमेश बौद्ध ने कहा कि एक दीपक से हजारों दीपक जलाए जा सकते हैं। इसके बावजूद वह दीप नहीं बुझेगा, ठीक इसी तरह खुशी बांटने से कभी कम नहीं होती। बताया कि बुद्ध के जन्म के समय देश में तमाम तरह की बुराईयां व्याप्त थीं। जो समाज सहित आम जनमानस की जड़ों को खोखला कर रही थीं। भगवान बुद्ध ने उन बुराईयों को दूर करने के वैदिक परम्परा की स्थापना की थी। उन्होंने पशुओं की बलि प्रथा को समाप्त कराया और समाज के लोगों ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तत्पश्चात ग्रामीणांचलों से आई झांकियां कलेक्ट्रेट के पूर्वी गेट से निकाली गई। जो पत्थरकटा, बिंदकी बस स्टाप, सदर अस्पताल, बाकरगंज, ज्वालागंज से होकर पीरनपुर, वर्मा चौराहा, आईटीआई रोड, पटेलनगर चौराहा होकर पुनः कचेहरी गेट से बुद्धा पार्क पहुंची। इस मौके पर चेयरमैन राजकुमार मौर्या एडवोकेट, दीपक कुमार डब्लू, मायाराम गौतम एडवोकेट, नरेश नागर, प्रकाश बाबू, नीरज कुमार, धीरज कुमार बाल्मीकि, सूरज तिलक, रमेश बौद्ध, राजकुमार तिलक भी मौजूद रहे।

- विभिन्न मार्गों पर हुआ भ्रमण, जगह-जगह हुआ स्वागत
- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का दोहराया संकल्प

## फांसी लगा युवक ने दी जान

**फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम उमरा में रविवार की रात 28 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर अपने निजी सबमर्सिबल में जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार उमरा गांव निवासी रामविशाल का पुत्र धर्मेन्द्र सिंह रात खाना खाकर निजी समर सर्बिल में सोने चला गया। सुबह जब वह घर वापस नहीं आया तो घर वालो ने जाकर देखा तो सभी के पैरो तले से जमीन खिसक गयी। धर्मेन्द्र का शव फांसी पर लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई मान सिंह ने दिया।

# जेएमएस स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन किया गया

**हापुड़, 12 मई (तरुण मित्र)।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों और उनकी माताओं को विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान का इजहार किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. निधि मलिक ने सभी के जीवन में माताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके त्याग और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विद्यालय सचिव डॉ. रोहन सिंघल और प्रधानाचार्य डॉ. निधि मलिक उपस्थित थे।



बच्चों ने अपनी माताओं के लिए नृत्य प्रस्तुत किए और माताओं ने भी नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, माताओं और बच्चों ने साथ में रैंप वॉक भी किया, जिसमें सभी ने भारतीय परिधानों में अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निदेशक डॉ. आयुष सिंघल ने सभी माताओं से अपने बच्चों को बहादुर और देशभक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सेवा करना हम सभी का धर्म और कर्तव्य है। इस आयोजन ने माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका प्रस्तुत किया।

## अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, खलासी की मौत

**फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम महना के समीप रविवार की देर रात अनियंत्रित होकर ट्रक पेड से जा टकराया जिससे 25 वर्षीय खलासी की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार जनपद सीतापुर के थाना मोहली गांव चडरा निवासी रामखेलावन यादव का अनूप सिंह यादव ट्रक में खलासी का काम करता था। बताते हैं कि रात ट्रक चालक अनिल के साथ भाडे.के लिए जा रहा था। जैसे ही ट्रक ललौली थाने के महना गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड से जा टकराया। जिससे खलासी अनूप सिंह यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयीं सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# इंटरनेशनल नर्सेज डे फ्लोरेंस नाइटिंगेल को किया याद

**फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** इंटरनेशनल नर्सेस डे पर मॉ रामरती मेमोरियल नर्सिंग कालेज में पूर्व सांसद डॉ अशोक पटेल की मौजूदगी में कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव नयन गिरि रहे। जिन्होने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने कहा कि नर्सिंग क्षेत्र में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होने अपना संपूर्ण जीवन मरीजों की सेवा में समर्पित कर दिया और नर्सिंग को एक सम्मानजनक पेशे का दर्जा दिलाया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस का केक भी काटा गया।

संस्था के चेयरमैन डा0 अशोकपटेल ने कहा कि 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस को इंटरनेशनल नर्सेस डे के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म इटली शहर में हुआ था। साथ ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल के नर्सिंग के क्षेत्र में उनके किए गए योगदान एवं समर्पण के बारे में बताते हुए कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अपना सम्पूर्ण जीवन मरीजों और दीन दुखियों की सेवा करने में समर्पित कर दिया। मरीजों की सेवा करते हुए वह खुद भी बीमार हो गई थीं, लेकिन उन्होंने अपना सेवाकार्य नहीं छोड़ा। उन्होंने नर्सों के काम को एक सम्मानजक कार्य का दर्जा दिलाया। उन्होंने नर्सिंग के कार्य को एक सम्मानजनक व्यवसाय में बदला। आज दुनिया भर में उनके जन्मदिन पर अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जाता है। मेडिकल क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या



से लड़ने में नर्स सबसे आगे रही हैं। प्रधानाचार्य किशुन झा ने नर्सिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक मिशन के रूप में देखा था और हमें उनके योगदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। नर्सों की मेहनत और संघर्ष की वजह से ही आज स्वास्थ्य सेवा की दुनिया इतनी प्रगति कर पाई है। उन्होने छात्रों से यह भी कहा कि सभी का दायित्व सिर्फ मरीजों को देखभाल ही नहीं करना बल्कि समाज में नर्सिंग पेशे को सम्मानित और प्रतिष्ठित बनाना है। इस मौके पर कुसुम पटेल, डा0 जवाहर लाल, कालेज प्रशासिका प्रियंका सिंह, डा0 प्रतीक पटेल, डा0 नितिका पटेल, अंजली कुशवाहा के अलावा नर्सिंग कालेज टीचर्स व स्टाफ भी मौजूद रहा।

**केजेजे नर्सिंग होम में भी मनाया नर्सिंग डे**

**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन स्थित करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर समाज से जुड़ी सेविका व बीमार व्यकित की देखरेख करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। नर्सिंग होम के ऑनर डा0 अमित मिश्रा व डा0 अर्चना मिश्रा ने सभी नर्सों को उनके अच्छे कार्य के लिए बधाईयां व प्रोत्साहन देते हुए केक काटकर हर्षोल्लास से नर्सिंग डे मनाया। सभी स्टाफ के लोगों के साथ बैठकर कार्य को जिम्मेदारी से करने व मरीजों की देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अफसर सिद्दीकी, आयुष्मान इंचार्ज सचिन कुमार, स्टाफ हेड शादाब अख्तर, संदीप श्रीवास्तव, ओपी शर्मा आदि थे।

# गौशाला में गोवंशों के हमले से केयरटेकर घायल, हालत नाजुक

## मेडिकल कॉलेज में उपचार के बाद हायर सेंटर किया रेफर

**एटा, 12 मई (तरूणमित्र)।** जनपद मैनपुरी के कुरावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जखऊआ स्थित एक गौशाला में गोवंशों के हमले में केयरटेकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान अजब सिंह (45) पुत्र मेघ सिंह, निवासी जखऊआ के रूप में हुई है, जो गौशाला की देखरेख का कार्य करता है।

12 मई को सुबह करीब 11 बजे अजब सिंह को गंभीर हालत में एटा स्थित वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घायल के साथ आए लोगों ने बताया कि गौशाला में गोवंशों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे अजब सिंह बुरी तरह जख्मी हो गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को गंभीर बताते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन भी हरकत में आ गया है। ग्रामीणों में घटना को लेकर चिंता और भय का माहौल है। पुलिस व प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं और गौशाला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विचार किया जा रहा है।

# भीम मिलन समारोह में गूंजा सामाजिक एकता व अखंडता का स्वर

**एटा, 12 मई (तरूणमित्र)।** महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, जी.टी. रोड, एटा में बुद्ध जयंती की पूर्व संध्या पर भीम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता व अखंडता को समर्पित महापुरुषों का सम्मान और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। आयोजन की शुरूआत बुद्ध वंदना से हुई, तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित अन्य बहुजन महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।




मुख्य वक्ता बृजेश कुमार ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के निजीकरण, आरक्षण पर संकट, और सामाजिक चेतना की अनिवार्यता पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या जड़ों से कटने की है, और यदि हम मौन रहे तो आने वाली पीढ़ी हमें कायर कहेगी। कार्यक्रम में मेधाव्रत शास्त्री, लेखक राजेश बाहाना, कवि डॉ. जितेन्द्र कुमार, सज्जन सिंह क्रांति, स्वरूप दिनकर और डॉ. पुनेस समदर्शी ने अपने लेखन व कविता के माध्यम से सामाजिक चेतना का प्रसार किया।

इं. जयन्ती प्रसाद सुमन ने समारोह को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बाबा साहब के मिशन को जन-जन तक पहुंचाने की मजबूत कड़ी बनेगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा, बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, माता सावित्रीबाई संघ, अखिल भारतीय यादव महासभा, वाल्मीकि अटल सेना, अटेवा, अखिल भारतीय खटीक महासभा सहित 16 से अधिक सामाजिक संगठनों ने सहभागिता की।

- सर्व समाज ने किया महापुरुषों को नमन, सामाजिक बदलाव का लिया संकल्प

कार्यक्रम का संचालन राजू राम रतन और दीपक राज अम्बेडकर ने किया। इस दौरान आयोजक अशोक कुमार वाल्मीकि, राजू राम रतन (प्रधानाचार्य), दीपक राज अम्बेडकर (स्वतंत्र विचारक) उपस्थित रहे। सम्मानित व्यक्तियों को संविधान की उद्देशिका, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विशेष योगदान देने वाले साथियों में रूबी राज अम्बेडकर, दीपक लालाराम चौहान, अमन अटल, मालती सिंह, भावना सिंह, प्रेमलता सिंह सहित कई मिशनरी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बाईपास हाइवे पर मोबाइल छीनने की कोशिश

**खागा,फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी बाईपास हाइवे पर उस समय हड़कंप मच गया जब तीन अज्ञात युवकों ने एक बाइक सवार युवक से मोबाइल छीनने की कोशिश की। हालांकि युवक ने साहस दिखाते हुए मोबाइल नहीं देने दिया। इसके बाद आरोपित युवक मौके से भाग निकले।

घटना के संबंध में नई बाजार मोहल्ला निवासी संतोष लोधी ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आकाश कुमार सरसई गांव स्थित अपने दोस्त से मिलकर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान तीन अज्ञात युवक बाइक से आए और आकाश से मोबाइल छीनने लगे। आकाश के विरोध करने पर युवक उसे धमकी देकर भाग निकले। घटना यहीं खत्म नहीं हुई। तहरीर में बताया गया कि कुछ देर बाद वही तीनों युवक लगभग दो दर्जन अन्य लोगों के साथ आकाश के घर पहुंच गए और गाली-गलौज व मारपीट करने की कोशिश की। इस दुस्साहसिक घटना से मोहल्ले में दहशत फैल गई। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी गिरींद्र पाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कारवाई की जाएगी।

# सपाईयों ने भगवान बुद्ध की जयंती मना किया याद

**फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की।



गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने की। उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व अनार्य शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था जो कोलीय वंश से थीं। भगवान बुद्ध के जन्म के सात दिन बाद माता का निधन हुआ। उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापती गौतमी ने किया। 29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ विवाहोपरांत एक मात्र प्रथम नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्यागकर संसार को जरा, मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपाठ का मोह त्यागकर वन की ओर चले गए। वर्षों की कठोर साधना के पश्चात बोध गया (बिहार) में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए। उनके द्वारा किए गए त्याग व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष विपिन यादव, रामतीरथ परमहंस, नंदकिशोर पाल, मनोज यादव, रामबाबू यादव, हीरालाल साहू, रत्नेश रत्ना, अनिल यादव, डा अमित पाल, बौद्ध फूल सिंह मौर्या, नरेश कोरी, संदीप सैनी, सुहैल खान, रिशु तिवारी, शिव शंकर यादव, दानिश खान, जय चौधरी, अंकित सोनकर, रमेश सैनी, रवि गुप्ता, सर्वेश आदि रहे।

# एसपी ने डब्लूटीएम कॉलेज में रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

**अमरोहा, 12 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद ने आज डब्लूटीएम कॉलेज का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने आवासीय सुविधाओं, कक्षाओं, स्नानागार, शौचालय आदि का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण स्थल पर मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अमित कुमार आनंद ने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आरटीसी बैरकों में पर्याप्त संख्या में कूलर, पंखे और बल्ब लगाने, तख्तों की



व्यवस्था करने तथा पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण हों ताकि प्रशिक्षण में कोई बाधा न आए।

डब्लूटीएम कॉलेज में आगामी प्रशिक्षण सत्र में कुल 287 रिक्रूट आरक्षियों को जेटीसी (JTC) प्रशिक्षण और 200 रिक्रूट आरक्षियों को आरटीसी (RTC) प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

# क्राइम कंट्रोल पर दें विशेष ध्यान, रात्रि गश्त बढ़ाएं: एसपी

**फतेहपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि जिले में अपराधियों के हौसलों को पस्त किया जाए और सभी पुलिस कर्मी विशेषकर क्राइम कन्ट्रोल पर ध्यान दें। रात्रि गश्त भी बढ़ाया जाए। जिससे अपराधी घटनाओं को अंजाम न दे सके। यदि किसी थाना क्षेत्र में बड़ी वारदात सामने आएगी तो उसके जिम्मेदार संबंधित थाना प्रभारी व थानाध्यक्ष होंगे। इसलिए अपने कार्यों के प्रति ईमानदार रहें और थाने पर आने वाले पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करें।



यह बात सोमवार को अपने कार्यकाल में पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पहली अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए एसपी अनूप कुमार सिंह ने कही। अपराध समीक्षा बैठक में सभी सर्किल के सीओ समेत सभी थाना प्रभारी व थानाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी श्री सिंह ने शासन के निर्गत आदेशों व निर्देशों के अनुपालन का पाठ पढ़ाया। उन्होने कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य को अंजाम दें। अवैध शराब निष्कर्षण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। महिला संबंधित अपराध व अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर, हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की जाए। अपराध की रोकथाम व जनता के साथ संबंध स्थापित कर समस्याओं के समाधान हेतु बीट प्रणाली को और अधिक कारगार बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। थानावार टॉप-10 अपराधियों, जेल से रिहा हुए अपराधियों का सत्यापन आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, समस्त क्षेत्राधिकारीगण के अतिरिक्त समस्त शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

## रोजगार मेला कल

**सोनभद्र, 12 मई (तरूणमित्र)।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए बुधवार को प्रातः 10 बजे से इस में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 14 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय में लिया जायेगा।

# मनाई भगवान बुद्ध की जयंती

**सोनभद्र, 12 मई (तरूणमित्र)।** सपा कार्यालय में बुद्ध पूर्णिमा को भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई तत्पश्चात जिलाध्यक्ष रामनिहोर की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सपा जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया था उन्होंने कहा था कि ज्ञान मुक्ति का मार्ग है। ज्ञान से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। संचालन जिला महासचिव मोहम्मद कुरैशी कुरैशी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल, संजय यादव, विजय यादव, अनिल प्रधान, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, डॉ0लोकपति सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, परमेश्वर यादव, शशि प्रकाश मिश्रा, दयाराम मौर्य, दीपक केसरी, रमेश यादव, सरदार पारब्रह्म सिंह, कामरान खान, मिथिलेश सिंह, रामप्यारे सिंह पटेल, चंद्र भूषण यादव, इमरान खान, एमडी सिंह, लालबरत यादव, फारूक अली जिलानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य–उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-F1-LK0-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20401-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:10 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:20 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14235-SLR-F1-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14235-SLR-F2-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:10 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:20 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14013-SLR-F2-SLN-ANVT-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12184-SLR-F1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारभ्य तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 13:00 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders** | **E-Auction Module of www.ireps.gov.in** |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1405/2025

# हरियाली रिसॉर्ट में भव्य कार्यक्रम का किया आयोजन





बहराइच , 12 मई (तरूणमित्र)। मातृ दिवस के अवसर पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल बहराइच के द्वारा हरियाली रिसॉर्ट में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विमला देवी जैन तथा विशिष्ट अतिथि स्कूल के निदेशक रनीश जैन व पंकज अग्रवाल स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता सक्सेना के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की ओर मातृ शक्ति को नमन करते हुए समाज में अपना विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है, जिनमें डा बीना टंडन, डा रीना केडिया, पुष्पा चतुर्वेदी, डा मोहिनी गोयल, डा अभिलाषा वर्मा, डा सगुना वर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग नृत्य व नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल की प्रधानाचार्या व सभी मातृ शक्तियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, समाज की शत प्रतिशत बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या अनीता सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए रैंप वॉक और टैलेंट हंट प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों तथा नृत्य व नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को उपहार वितरित किया गया। स्कूल के एकेडमी हेड आमिर परवेज में सभी आगंतुकों का आभार जताते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की और सफलता पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल स्टॉप को बधाई दीं।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में 8 मुद्दों पर विमर्श: बनाया संघर्ष की रणनीति

बस्ती , 12 मई (तरूणमित्र)। सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवा निवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिये संघर्ष तेज किये जाने के साथ ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति के निस्तारण का मामला छाया रहा। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने बैठक में कहा कि एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगो को पूरा कराने, समस्याओं का समाधान कराने की दिशा में निरन्तर पहल की जा रही है और अनेक मोर्चों पर सफलता मिली है। लम्बे संघर्ष के बाद अंततः जिला कोषागार में पेंशनर भुगतान पटल के लिपिक को हटना ही पड़ा। महामंत्री उदय प्रताप पाल ने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समय से भुगतान न होने के करना पड़ रहा है।

## नव निर्मित भोजनालय में मिलेगा पोषणयुक्त भोजन- पुलिस अधीक्षक



अम्बेडकरनगर, 12 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार द्वारा थाना को0 अकबरपुर परिसर में नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया सोमवार को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा थाना को0 अकबरपुर में नवनिर्मित भोजनालय कक्ष का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। नवनिर्मित भोजनालय को मेनू के अनुसार पोषणयुक्त भोजन मिलेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अथक परिश्रम करते हैं उनके कार्य क्षमता और मनोबल को बनाए रखने के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। नवनिर्मित भोजनालय पुलिस कर्मियों को स्वच्छ,पौष्टिक और समयबद्ध भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिससे उनके कार्य कुशलता में भी वृद्धि होगी। यह भोजनालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त है जिसमें स्वच्छता,उचित बैठने की व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की कल्याण और उनके कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाना है। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भोजनालय की गुणवत्ता और संचालन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोजनालय का संचालन नियमित रूप से सुचारू रखा जाए और पुलिस कर्मियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव, क्षेत्राधिकारी नगर देवेंद्र कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी भीटी नितीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक को0 अकबरपुर श्रीनिवास पांडे, पीआरओ एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## बेटी पैदा होते ही पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी

आजमगढ़, 12 मई (तरूणमित्र)। जनपद के थाना कंधरापुर क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और बेटी पैदा होने के नाम पर एक महिला के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। पीड़िता सीमा, पत्नी गुंजन, ने थानाध्यक्ष कंधरापुर को दिए प्रार्थना पत्र में अपने पति, सास, और देवरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 9 मई 2025 की रात को दहेज की माँग को लेकर सीमा के साथ मारपीट की गई और पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी दी गई।सीमा, जो मूल रूप से ग्राम हरिपुर, थाना कंधरापुर की निवासी हैं और वर्तमान में अपने मायके ग्राम नेवादा, थाना रौनापार में रह रही हैं, ने बताया कि उनकी शादी छह साल पहले गुंजन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उनके पति गुंजन, सास कमला, और देवर भीम व सिंटू दहेज को लेकर ताने मारते रहे और उत्पीड़न करते रहे। सीमा ने बताया कि उनकी पहली संतान बेटी थी, और दूसरी बार भी बेटी पैदा होने के बाद से ससुराल वालों का अत्याचार और बढ़ गया।9 मई 2025 की रात को स्थिति तब और भयावह हो गई, जब गुंजन, भीम, सिंटू, और कमला ने सीमा के साथ बुरी तरह मारपीट की। प्रार्थना पत्र के अनुसार, सिंटू ने कहा, ₹पेट्रोल लाकर जला दो, मैं 50 हजार देकर छूट जाऊंगा। इसके माता-पिता गरीब हैं, कुछ नहीं कर पाएंगे।₹ डर और जान बचाने के लिए सीमा किसी तरह ससुराल से भागकर अपने मायके पहुंची और अपने पिता के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराने आई।सीमा ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पिता आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय हैं, जिसका फायदा उठाकर ससुराल वाले लगातार अत्याचार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने दहेज और बेटी पैदा होने को लेकर उन्हें बार-बार अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी।सीमा ने थानाध्यक्ष से अनुरोध किया है कि उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर ऋक्ष्क दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि उनकी जान-माल की सुरक्षा हो सके और उन्हें न्याय मिले। पुलिस ने पति गुंजन, देवर भीम, चिंटू और सास कमला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 7 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना का 72 घंटे में सफल अनावरण

श्रावस्ती, 12 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी इकौना सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम एवं थाना इकौना पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। दुष्कर्म की जघन्य घटना में वांछित अभियुक्त छोटकऊ उर्फ अलाउद्दीन को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी है। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा, एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं। दिनांक 09.05.2025 को मु0अ0स0 110/2025 धारा 137(2) बीएनएस के वादी निवासी चिचडी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती की 7 वर्षीय बच्ची को घर के बगल से तिलक समारोह से फुसला कर हाथ पकडकर ले जाकर बहराइच भिनगा मार्ग पर खडी स्वंय की ई रिक्शा स्काई ब्लू कलर की जिसमें बैठाकर ले जाना तथा उसके साथ जंघन्य दुष्कर्म करना व छोड कर भाग जाना जिसके गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा शीघ्रतम अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## शिव सैनिक पाक से युद्ध की परिस्थितियों में लगाएंगे रक्तदान शिविर

बाराबंकी, 12 मई (तरूणमित्र)। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव, युद्ध की स्थिति के मद्देनजर शिवसेना यूबीटी उत्तर प्रदेश इकाई की बैठक प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित की गई जिसमें बाराबंकी निवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्वांचल प्रभारी मनोज मिश्र विद्रोही ने हिस्सा लिया। बैठक से भाग लेकर लौटे पूर्वांचल प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव श्री विद्रोही ने बताया कि राज्य प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह के निर्णय के अनुसार भारत पाक युद्ध की स्थिति को देखते हुए शिवसेना यूबीटी सैन्य बलों के आपात स्थिति में घायल सैनिकों के लिए रक्त की आपूर्ति हेतु सभी जनपदों में ब्लड डोनेशन कैंप चलाया जाएगा जिसके लिए पार्टी मुख्यालय से प्रपत्र जारी कर शिवसैनिको के ब्लड ग्रुप व अन्य जानकारी जुटा रही है युद्ध की परिस्थितियों में प्रत्येक जनपद से सौ यूनिट रक्त एकत्र करने की योजना है इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर शिवसैनिक अपने शस्त्रों के साथ सेना की आवश्यकता पर रणभूमि में उतरने की योजना है देश के सैनिकों के लिए शिवसेना हर परिस्थिति में तैयार है। इस बाबत बाराबंकी समेत पूर्वांचल के सभी जनपदों में शिवसैनिको को अपनी तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया जा रहा है ताकि शिवसेना यूबीटी सैनिकों के उत्साह व सम्मान में खड़ी नजर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीआरबी टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला सांड को निकाला कुएं से बाहर

बाराबंकी , 12 मई (तरूणमित्र)। पीआरवी टीम द्वारा कुएं में गिरे सांड़ को अथक प्रयास के उपरांत रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला गया। शनिवार को यूपी 112 के माध्यम से पीआवी 5496 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत कामीपुर में एक सांड़ कुएं में गिर गया है। उक्त सूचना पर पीआरवी 5496 टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में पानी भरकर अथक प्रयास के उपरांत रेस्क्यू कर सांड़ को कुएं से सकुशल बाहर निकाला गया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस द्वारा पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर पीआरवी 5496 टीम सब कमाण्डर हे0 का0 प्रमोद कुमार सब कमाण्डर का शोभित कुमार पायलट हो0गा0चा0 अम्बिका प्रसाद आदि का प्रयास काफी सराहनीय रहा।

### अज्ञात कारणों से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 12 मई (तरूणमित्र)। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के लदाई का पुरवा गांव के पास सुमित वर्मा की बाग में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। गांव के संतोष पटेल ने देखा तो वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना देते हुए बताया कि कल रात में आई आधी तूफान के कारण मोर की मौत हो गई है। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई है।

### लोहे की राड से सिर पर हमला, मुकदमा दर्ज

सैदनपुर/बाराबंकी, 12 मई (तरूणमित्र)। गाड़ी लादने को लेकर हुए विवाद में विपक्षी ने लोहे की राड से सिर पर प्राण घातक हमला कर दिया जिसके संबंध में उसके चाचा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। मामला कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के मेला रायगंज गांव का है जहां पर राजू का भतीजा अजय पड़ोस में गाड़ी लादने के लिए गया था जहां पर सोनू पुत्र राम लखन से गाड़ी लादने को लेकर विवाद हो गया जिस पर सोनू ने जमीन में पड़े लोहे की राड को उठाकर उसके सिर पर प्राण घातक हमला कर दिया जिससे वह जमीन पर गिरकर लहुलुहान हो गया जब पास पड़ोस के लोग इकट्ठा हुए तो वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

### जनता दर्शन में सीओ सिटी ने सुनी जनसमस्याएं

श्रावस्ती, 12 मई, (तरुणमित्र)। क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 03 जमीनी विवाद,03 मारपीट संबंधी विवाद,01 महिला संबंधी, 04 पारिवारिक 04 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### 14 को जनपद आयेंगी सदस्य राज्य महिला आयोग

श्रावस्ती, 12 मई, (तरुणमित्र)। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है, कि एक दिवसीय जनपद भ्रमण हेतु राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अंजु प्रजापति जी दिनांक 14.05.2025 को जनपद श्रावस्ती पहुंचेगी। तत्पश्चात जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी।उक्त कार्यक्रम विकास भवन सभागार में पूर्वाह्व 11 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमे पीड़ित महिलाए अपनी समस्या सदस्या के समक्ष प्रस्तुत कर सकती हैं।

### झाड़ी में नर कंकाल मिलने से मची सनसनी

कर्नलगंज (गोंडा) , 12 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ हाईवे के निकट ग्राम गोनवा के पास शनिवार सुबह झाड़ियों में एक नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। कंकाल बाउंड्री के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा था,जिसकी जानकारी होते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन अंजान बना है। सूत्रों के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति की हत्या कर शव को इस सुनसान स्थान पर फेंका गया हो। सूत्रों के मुताबिक, कंकाल की प्रारंभिक जांच में यह ग्राम गोनवा डीहा निवासी एक किशोर का बताया जा रहा है,जो कई महीनों से लापता था। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि शव की जांच या फॉरेंसिक पड़ताल से पहले ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस जल्दबाजी ने घटना पर और सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त व्यक्ति के लापता होने के बाद से ही क्षेत्र में कई तरह की अफवाहें थीं, और अब कंकाल मिलने से ये चचाएं और तेज हो गई हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष है कि बिना पूरी गहन जांच पड़ताल के अंतिम संस्कार कैसे कर दिया गया। कुछ लोगों का मानना है कि गहन छानबीन और विभिन्न पहलुओं पर जांच करने से घटना के इस रहस्य से पर्दा उठ सकता है। घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

## बैसाखी पूर्णिमा पर कोटवा धाम में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी , 12 मई (तरूणमित्र)। बैशाखी पूर्णिमा पर श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के दरबार में आस्था का जन सैलाव उमड़ पड़ा डेढ लाख से अधिक श्रद्वालुओं ने श्री कोटवाधाम पंहुच कर बडे बाबा की जय,महतरिया साहेब की जय के जयकारे से कोटवाधाम चतुर्दिक गुंजायमान रहा।मेलार्थियों के सुरक्षार्थ एक सेक्सन पीएसी,जनपद के कई थानो के प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कान्स्टेबल, होमगार्ड के जवानों के साथ साथ मेला कमेटी के चार दर्जन से अधिक वालेंटियर मेलार्थियों के सुरक्षार्थ चप्पे चप्पे पर नजर रखे दिखाई दिए। विकास खण्ड दरियाबाद की ग्राम पंचायत कोटवा धाम के मेले में स्थित पवित्र अभरन सरोवर जो कि अमृत सरोवर के रुप में है जिसका निर्माण कार्य अधूरा पडा हुआ है। मेले में आये हुए लाखों की संख्या में श्रद्धालु अभरन सरोवर के हरी काई युक्त जल में स्नान व आचमन कर स्वामी जी की समाधि पर गुड घनिया परसाद चादर,अंजुरी चढाकर मनवांछित फलों की प्राप्ति एवं विश्वमानव कल्यांण की कामना करते दिखे। साहेब जसकरन दास के समाधि स्थल प्रागंण में भजन कीर्तन चल रहा है।मेले में कास्मेटिक सामग्री, मिष्ठान प्रसाद,चाय पान,चाट लइया की खोंटिया परसाद के साथ साथ कपड़ों की दुकानों पर विक्री शवाब पर है।मन्दिर के पास कमोली धाम के महन्त कमलेश दास, सत्यनाम दास, प्रेमदास, मयंक बाजपेयी, सुरेश तिवारी आदि द्वारा शीतल जल सरबत का प्याऊ लगा कर श्रद्वालुओं को सरबत पानी पिला कर पुण्य कमाया है।श्रद्वालु बडी गद्दी के महन्त नीलेन्द्र बक्श दास नीरज,छोटी गद्दी के महन्त विशाल दास, अमान दास, सोनी दास, फलाहारी बाबा के दरबारों में श्रद्वालु धागा धारण कर गुरु मंत्र ले रहें हैं। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार ने बताया है कि मेलार्थियों के सुरक्षार्थ प्वाइंट वाइज सुरक्षा ब्यवस्था लगाई गई है। मन्दिर परिसर की निगरानी सी सी टी वी कैमरा महिला पुलिस,पी ए सी,व थानों के पुलिस कर्मी संभाले हुए हैं।मेला मालिक की ओर से लगाये गये वालेंटियर अभरन सरोवर, मन्दिर के आस पास,व दुकानों के आस पास सुरक्षा में लगे हुए हैं।

## मण्डल पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों की चयन के लिए भाजपा की बैठक सम्पंन

अंबेडकरनगर, 12 मई (तरूणमित्र)। भाजपा के मण्डल पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों की चयन के लिए भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में सोमवार को भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा और जिला प्रभारी विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी, विधायक धर्म राज निषाद,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम की उपस्थिति एवं डॉ राना रणधीर सिंह की अध्यक्षता में मण्डल गठन सहयोगी पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्ष गणों के साथ सांगठनिक बैठक कर गठन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा व जिला प्रभारी एमएलसी पदम सेन चौधरी ने कहा कि भाजपा की मण्डल समिति में सभी जातियों और महिलाओं की भागीदारी योग्यता को दृष्टि में रख कर किया जाना चाहिए। संगठन सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं को साथ लेकर





ही ठीक से चलाया जा सकता है।जिसमें सभी वर्गो के कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी की जानी चाहिए।अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ राना रणधीर सिंह ने अतिथियों सहित उपस्थित सभी कार्यकताओं का स्वागत करते हुए कहा कि मण्डल समिति में क्रियाशील और मेहनती कार्यकताओं को स्थान देने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा तीन दिन की प्रवास पर जिले में आ चुकी हैं।संगठन के मण्डल समिति की गठन के लिए मंगलवार को जनपद की मंडलों में विचार विमर्श बैठक के लिए कटेहरी मण्डल में दिलीप पटेल देव,केदार नगर सतपाल पटेल,खजुरी कपिल देव वर्मा,भीटी डॉ राना रणधीर सिंह,श्रवण क्षेत्र रमेश चंद्र गुप्ता,टांडा नगर संजय सिंह,बसखारी मनोज मिश्र,सद्दरपुर विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू,हंसवर सुमन पाण्डेय,गोविंद साहब राम प्रकाश यादव, जहांगीर गंज सुरेश कन्नौजिया, राजेसुल्तानपुर दिनेश पाण्डेय,राम नगर डॉ मिथिलेश त्रिपाठी,जलालपुर दीपक तिवारी,जीवत चंद्रिका प्रसाद,नेवादा धर्म राज निषाद,भियांव डॉ रजनीश सिंह,मालीपुर पंकज वर्मा,अकबरपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह,कुर्की बाबा राम शब्द यादव, बेवाना बाल्मीकि उपाध्याय,सैदापुर विनय पाण्डेय मण्डल गठन सहयोगी बनाए गए हैं।

## मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में एसएसबी मुख्यालय भिनगा में कार्यक्रम का आयोजन

श्रावस्ती, 12 मई, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा परिसर में मातृत्व दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संदीक्षा अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा शर्मा, डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट (चिकित्साधिकारी) एवं अन्य संदीक्षा सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान संदीक्षा अध्यक्षा के द्वारा सभी को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके बाद डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट (चिकित्साधिकारी) के द्वारा





बल कार्मिकों के बच्चों को कैरियर काउंसलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे उन्हें अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने में मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। साथ ही संदीक्षा सदस्यों को मुख्य आरक्षी सचिन कुमार के द्वारा धन निवेश एवं बचत जैसे आवश्यक विषयों पर भी उपयोगी जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त, उन माताओं को भी सम्मानित किया गया जिनके बच्चों ने खेलकूद, शैक्षणिक तथा अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार का गौरव बढ़ाया है । हाल ही में केंद्रीय विद्यालय श्रावस्ती की तरफ से अनिकेत कुमार व सिद्धार्थ यादव के द्वारा कानपुर में आयोजित 54वीं संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था इसके सन्दर्भित इनकी माताओ रेनू व बिट्टी देवी को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।इसी क्रम में एक विशेष आकर्षण के रूप में फैशन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें संदीक्षा सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रैंप पर कैटवॉक प्रस्तुत की ।

## दो लोगों को गोली मारने का आरोपी पकड़ा

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। थाना हाईवे के महेन्द्र नगर में रविवार को हुए गोली कांड में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दूध के पैसों के लेनदेन को इस घटना के पीछे का कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले में कार्यवाही कर रही है। घटना में एक छात्र सहित दो लोग गोली लगने से घायल हुए थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलने की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये थे। एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने भी घटना पर संज्ञान लिया था। इस घटना में पीड़ित की ओर से नामजद तहरीर दी गई थी। इकसे बाद पुलिस ने आरोपितों की धरपकड शुरू कर दी थी। दो मोटरसाइकिलों को भी बिरामद किया गया था। अभियुक्त सुभाष पुत्र गुलाब सिंह निवासी बृजधाम कालौनी गिरधरपुर थाना हाईवे जनपद जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

## अपहरण कर डराकर फर्जी बैनामा कराने वाले 6 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर, 12 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा वादी मुकदमा सुनीता देवी पत्नी प्रदीप कुमार नि0 ग्राम राबीपुर बहाउद्दीनपुर थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के पति का अपहरण कर मारपीट व डरा धमका कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लेने के सम्बन्ध मे पंजीकृत से सम्बन्धित अभियुक्त राजेश सिंह उर्फ बबलू पुत्र स्व0 चन्द्रभान सिंह उम्र 49 बर्ष निवासी कृष्णानगर निकट इन्द्रलोक कालोनी थाना को0 अकबरपुर ,प्रदीप कुमार पुत्र रामफल उम्र 35 बर्ष निवासी गौहन्ना थाना अकबरपुर, विनोद कुमार पुत्र जयप्रकाश उम्र 42 बर्ष निवासी शास्त्रीनगर गदाया थाना कोतवाली अकबरपुर , पवन पुत्र जयप्रकाश उम्र 36 बर्ष निवासी शास्त्रीनगर गदाया थाना कोतवाली अकबरपुर ,मो0 अनीश पुत्र मो0 नकी उम्र 40 बर्ष निवासी मुरादाबाद रेलवे स्टेशन थाना कोतवाली अकबरपुर, योगेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम विश्वकर्मा उम्र 37 बर्ष निवासी रतनपुर थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर को मुखबिर की सूचना पर गौहन्ना बाईपास से कारण गिरफ्तारी बताते हुए समय करीब 13.55 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया । आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपरोक्त अभियुक्तगण का एक संगठित गिरोह है जो भोले-भाले व्यक्तियो को बहला फुसला कर अपने बस मे करके उनकी कीमती जमींन को औने-पौने भाव मे खरीद लेते है उल्लेखनीय है ।

# गर्मी में भी बांकेबिहारी दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। सोमवार को बुध पूर्णिमा पर सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी में भक्तों की भीड़ में श्रद्धालुओं की हालत खराब हो रही थी। लेकिन, भक्तों की आस्था कम होती नजर नहीं आई। मंदिर की गलियों और प्रांगण में भीड़ का दबाव बना रहा। मंदिर में प्रवेश के लिए श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बना रहा। जिसे संभालने के लिए पुलिस और सुरक्षागार्डों को दिनभर पसीना बहाना पड़ा। भक्तों ने आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन करने के साथ राधावल्लभ, राधादामोदर, राधारमण समेत अनेक मंदिरों में दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। सुबह ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पट खुलने से पहले ही आसपास के इलाके में पहुंच गई। भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बैरीकेडिंग पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया। जैसे ही मंदिर के पट खुले मंदिर के आसपास मौजूद श्रद्धालु मंदिर के अंदर दर्शन के लिए पहुंच गए और बाहर बैरियर पर खड़े श्रद्धालु इंतजार में खड़े थे। जैसे ही बैरियर खोली गई भीड़ के रूप में श्रद्धालु मंदिर की ओर दौड़ पड़े। पुलिस ने श्रद्धालुओं को बमुश्किल रोककर एकबार फिर बैरियर लगा दिए और मंदिर के अंदर भीड़ कम होने पर लगातार बैरियर को खोलने के साथ श्रद्धालुओं को अंदर प्रवेश दिया गया। मंदिर के अंदर दिव्य फूलबंगला में विराजित आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन कर श्रद्धालु प्रफुल्लित हो रहे थे। ऐसे में श्रद्धालु मंदिर से बाहर निकलने को तैयार न थे। लेकिन, मंदिर में तैनात सुरक्षागार्डों ने श्रद्धालुओं को बाहर निकालकर पीछे से आ रहे श्रद्धालुओं को मंदिर में एंट्री दी। बांकेबिहारी मंदिर के अलावा राधावल्लभ मंदिर, सेवाकुंज, निधिवन राज मंदिर, रंगजी और कात्यायनी मंदिर में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही।

## विश्व हिन्दू महासंघ पदाधिकारियों ने कान्हा गौशाला में चलाया स्वच्छता अभियान

बस्ती , 12 मई (तरूणमित्र)। सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ पदाधिकारियों द्वारा कटेश्वरपार्क के निकट स्थित कान्हा गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाकर गोवंश को चना, गुड़ खिलाया गया। महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह के 33 वे जन्म दिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने उनके सुदीर्घ जीवन की कामना किया। अखिलेश सिंह ने कहा कि हम सबको अपने-अपने जन्म दिन को विशेष सेवा और उद्देश्य से जोड़ने की जरूरत है जिससे समाज में रचनात्मक संदेश जाय। उन्होने महासंघ पदाधिकारियों का आवाहन किया कि अपने जन्म दिन पर ऐसा नेक कार्य करे जो उदाहरण बने। समाज में अच्छा संदेश जाय।इस अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ के विजय शंकर शुक्ला, प्रमोद पाण्डेय, अलोक कुमार, दुर्गेश, अभिषेक, जीतेन्द्र यादव, अर्पण श्रीवास्तव, चन्दन, राकेश सिंह, विपिन सिंह, सनी, बाल कृष्ण सिंह, सौरभ तिवारी, अभिषेक सिंह, अंकित कुमार, मनीष कुमार, उपेंद्र कुमार, समर प्रताप सिंह, सौर्य सिंह, अंकित कुमार उपाध्याय, सतीश पांण्डेय, सन्नी श्रीवास्तव, सुन्दर जी महाराज, भानु गुप्ता, अमित भट, सतीश पांण्डेय, पप्पू, अंकित उपाध्याय, प्रिंसी सिंह, सुंदर जी महाराज, अंकित सिंह के साथ ही अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चचरी चौकी इंचार्ज की तानाशाही के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन,जमकर नारेबाजी

गोंडा , 12 मई (तरूणमित्र)। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चचरी चौकी इंचार्ज की कथित तानाशाही और अवैध वसूली के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने चौकी का घेराव कर चौकी इंचार्ज रमेश कुमार यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुदार्बाद के नारे लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज न केवल अवैध वसूली में लिप्त हैं,बल्कि अपनी दबंगई से क्षेत्र में आतंक का माहौल बना रहे हैं। इस मौके पर भाजपा नेता परमेश्वर सिंह, अशोक सिंह, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, अमरेश मिश्रा, आशु मिश्र सहित सैकड़ों समर्थकों ने कई घंटे जमकर हंगामा काटा और धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि चौकी इंचार्ज द्वारा छोटे-मोटे विवादों में भी भारी रकम वसूलने और धमकाने की शिकायतें आम हैं। कई लोगों ने दावा किया कि बिना वजह के उनके खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों की मांग है कि चौकी इंचार्ज को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ जांच शुरू की जाए। हंगामे की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक भारी पुलिस बल के साथ मौके मौके पर पहुंचे,लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चौकी इंचार्ज व सिपाही मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी न हुईं तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। मामले में ग्राम प्रतापपुर चचरी के निवासी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक, गोंडा को पत्र लिखकर शिकायत की है। पत्र में बताया गया कि दिनांक 12 मई 2025 सोमवार को उसके चाचा दुर्गेश प्रताप सिंह अपने खेत में पानी लगा रहे थे,तभी चौकी इंचार्ज रमेश कुमार यादव वहां से निकले और दुर्गेश सिंह को बुलाकर गाली देते हुए उनसे मोबाइल एवं लाठी छीन लिए। गाली देने लगे कि साले गुंडई करते हो लाठी लेकर चलते हो। इस पर दुर्गेश सिंह ने कहा कि सांड़ एवं छुट्टा जानवर खेत में आते रहते हैं इसलिए जानवरों को भगाने के लिए लाठी लिए हैं। जिस पर चौकी इंचार्ज गाली देते हुए चौकी पर चले आए। इस बात को दुर्गेश सिंह आकर अपने घर पर बताये,तब दुर्गेश सिंह के भतीजे डब्बू सिंह (अरुण कुमार सिंह) ने चौकी पर आकर सामान मांगते हुए कुर्सी पर बैठ गए। इस पर चौकी इंचार्ज ने गाली देते हुए कहा कि साले तुम्हारी औकात कैसे हुई हमारे सामने कुर्सी पर बैठने की। इस पर डब्बू सिंह ने कहा साहब गाली ना दीजिए, चौकी में कोई भी अपनी बात कहने के लिए आ सकता है। इस पर पुनः चौकी इंचार्ज गाली देते हुए ।

# जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

## अधिकारियों से बोले मुख्यमंत्री, हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता



**गोरखपुर ,12 मई (तरूणमित्र)।** रविवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार सुबह जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है लिहाजा हर समस्या को संवेदनशीलता से देखा जाएगा और जरूरी कदम उठाए जाएं। इस दौरान आवास की गुहार लेकर तथा इलाज में सहायता की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया और अधिकारियों से कहा कि आवास से वंचित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए एवं जरूरतमंदों के इलाज में धन की बाधा न आने दी जाए। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किन्हीं कारणों से जो भी पात्र लोग वंचित रह गए हैं, उन्हें योजना के दायरे में लाकर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

# पिंक बूथों के संबंध में नियुक्त महिला अधिकारी कर्मचारीगण की गोष्ठी आयोजित कर किया प्रशिक्षित

**संतकबीरनगर ,12 मई (तरूणमित्र)।** को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान की उपस्थिति में सभागार रिजर्व पुलिस लाइन्स संतकबीरनगर में मिशन शक्ति के तहत सर्किल स्तर पर स्थापित पिंक बूथों पर नामित काउंसलरों व नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की गोष्ठी आयोजित की गयी । बताया गया कि जनपद में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, उनके लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने, कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करने एवं महिला उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, दहेज की मांग, घरेलू हिंसा इत्यादि के प्रकरणों का निस्तारण किए जाने हेतु सर्किल स्तर पर पिंक बूथ की स्थापना की जा रही है । गोष्ठी के दौरान सर्किल खलीलाबाद अन्तर्गत गठित पिंक बूथ पर नामित काउंसलर डा0 प्रमोद कुमार त्रिपाठी (प्राचार्य प्रभादेवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद), सुनीता गौतम (प्रवक्ता गृह विज्ञान, शिवशंकर चतुर्वेदी स्ना0महाविद्यालय, टुंगपार थाना महुली), सर्किल मेंहदावल अन्तर्गत गठित पिंक बूथ पर नामित काउंसलर तारा राय(सामाजिक कार्यकर्ता थाना बेलहरकला), नवल किशोर त्रिपाठी(रिटायर्ड अध्यापक बखिरा), सी0पी0 श्रीवास्तव (सामाजिक कार्यकर्ता), सर्किल धनघटा अन्तर्गत गठित पिंक बूथ पर नामित काउंसलर अवध नारायण मिश्र(से0नि0 प्रवक्ता आदर्श इण्टर कालेज, धनघटा), डा0 आकांक्षा श्रीवास्तव (प्रबन्धक बाल विद्यालय प्रसादपुर, धनघटा) व म03030नि0 शिखा गुप्ता, उ0नि0 संजय सिंह, म0उ0नि0 अंजली सरोज, उ0नि0 राधेश्याम प्रसाद, म0उ0नि0 आरती पाण्डेय, उ0नि0 तूफानी यादव सहित अन्य महिला पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# मां शब्द की महिमा बहुत बड़ी जिसका व्याख्या कर पाना संभव नहीं - गोपाल



**बस्ती ,12 मई (तरूणमित्र)।** दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हवेली खास बस्ती में मातृ दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रधानाचार्य गोपाल त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पअर्पित कर एवं दीप जला कर की। कार्यक्रम के श्रृंखला में प्रधानाचार्य गोपाल त्रिपाठी ने सभी आए हुए मेहमानों और सभी मातृ अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मां शब्द की महिमा बहुत बड़ी है जिसका व्याख्या कर पाने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। मां दया है, क्षमा है, ज्ञान है, बहन है , बेटी है, भाभी है, बुआ है, दादी है। मां के कई रुप है मां ईश्वर के दूसरा रूप है।आज का दिन हमारे लिए विशेष है कि आज हम मां की महिमा का गुणगान करने के लिए यहां इकठ्ठा हुए हैं।सभी ने अपने अपने मन से माताओं को याद करके उनके प्रति सम्मान प्रेषित किया।कार्यक्रम का संचालन सीसीए हेड दिव्या त्रिपाठी ने किया। दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि माँ, यह शब्द ही अपने आप में एक पूरी दुनिया का अर्थ समेटे हुए है। माँ का प्यार, माँ की ममता, और माँ का आशीर्वाद हर किसी के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में आए हुए सभी माताओं के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें ग्रुप डांस, बलून फुलाओ, बॉल पास , म्यूजिकल चेयर सहित कई कार्यक्रम शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम की खूब सराहना की। बहुत सी अभिभावक माताओं ने भी अपने अपने विचार रखें।

# पालिका परिक्षेत्र में शौचालयों के अभाव से बाहरी नारियों के लिए पीड़ादायक

**उतरौला (बलरामपुर), 12 मई (तरुणमित्र)।** उतरौला बाजार, जनपद का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां पर कई मल्टी-कॉम्प्लेक्स, शोरूम, कपड़े और गहनों की दुकानें हैं। खरीदारी के उद्देश्य से न सिर्फ स्थानीय बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी महिलाएं और बेटियां बड़ी संख्या में यहां आती हैं। हालांकि, इस भीड़भाड़ वाले बाजार में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की अनुपलब्धता एक बड़ी समस्या बन गई है।बाजार में खरीदारी के दौरान महिलाओं और युवतियों को अक्सर कई घंटे रुकना पड़ता है। कपड़े, गहने या अन्य वस्त्र खरीदने के लिए दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा एक भी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे महिलाओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।?खरीदारी के दौरान हमें घंटों रुकना पड़ता है, लेकिन शौचालय न होने के कारण काफी परेशानी होती है,? बाजार में खरीदारी करने आई ममता ने बताया।स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता आदिल हुसैन ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि, ?नगर पालिका प्रशासन को महिलाओं की इस जरूरत को समझना चाहिए और सार्वजनिक शौचालय का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।? वहीं, जाहिदा ने बताया कि, ?कई बार महिलाओं को अपनी खरीदारी जल्दी समाप्त करनी पड़ती है, सिर्फ इसलिए कि यहां कहीं भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी इस मुद्दे को नगर पालिका प्रशासन के सामने उठाने का आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन इस दिशा में कदम उठाता है, तो बाजार में महिलाओं की संख्या और खरीदारी दोनों में बढ़ोतरी होगी, जिससे व्यापार को भी लाभ मिलेगा।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार इस संबंध में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, लेकिन नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ?महिलाओं की यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन प्रशासन अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया,? स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष सबिता गुप्ता और अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता से आग्रह किया है कि उतरौला बाजार में महिलाओं के लिए साफ-सुथरे और सुरक्षित सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाए। इसके लिए स्थान चयनित कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त शौचालय बनाए जाने की मांग की गई है।अगर इस दिशा में जल्द कदम नहीं उठाए गए, ।

## संक्षिप्त समाचार

### मानव विकास व बुद्ध सदैव रहेंगे प्रासंगिक -चंद्रभूषण

**देवरिया,12 मई (तरूणमित्र)।** मानव विकास हेतु बुद्ध सदैव प्रासंगिक रहेंगे क्योंकि बुद्ध की पूरी विचारधारा वैज्ञानिक और तार्किक है उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि महामना बुद्ध ने समाज को समता और शांति का संदेश दिया है जो प्रत्येक तरह के शोषण और अन्याय को खत्म करने का हिमायती है। यादव ने कहा कि महामना बुद्ध का जाति विहीन, शोषण विहीन समतावादी पंथ मानव - मानव के भेद को मिटाकर एक शीलवान समाज निर्माण का मार्ग दिखाता है जिसकी आज परम आवश्यकता है। इस दौरान मुरलीधर यादव, रामप्यारे यादव,सुरेश नारायण सिंह, दिनेश प्रसाद, व्यास यादव,दयानंद यादव, अशोक यादव , संजय यादव, श्यामसुंदर प्रसाद, अयोध्या वर्मा, संतोष मद्धेशिया आदि ने महामना बुद्ध को याद करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### बिजली विभाग की टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज ) ,12 मई (तरूणमित्र) ।** बीआरडी मेडिकल कालेज के पीछे नारायण नगरी कालोनी में सोमवार की सुबह जाँच अभियान के दौरान घर घर जाकर जांच किया। मिली जानकारी के अनुसार सेमरा फीडर के अन्तर्गत नारायण नगरी कॉलोनी बीआरडी मेडिकल कालेज के पीछे विधुत विभाग के अधिकारियों द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके दौरान मौके पर 15 उपभोक्ताओं का बिजली की क्षमता बढ़ाया गया 6 उपभोक्ताओं का मीटर बदलने के साथ ही दो लाख बीस हजार की राजस्व वसूली की गयी। जांच अभियान के दौरान मुख्य अभियंता विश्वदीप अम्बरदार,एस ई डीके सिंह ,ईई राजवीर, के साथ एसडीओ प्रदुम्न सिंह,राम इकबाल,जेई कुलदीप श्रीवास्तव,अजय सिंह, मिथलेश कुमार, लाइनमैन संतोष मिश्रा,संतू यादव मोजूद रहे।

### 3 आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा ,12 मई (तरूणमित्र)।** एक दिन पूर्व कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत बुधई पुरवा के पास हुई छिनैती के तीन आरोपी युवको को पुलिस ने दर दबोचा ।मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 11 मई 2025 को समय लगभग 11:05 बजे, थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बुधई पुरवा निवासी महिला वंदना पत्नी मुकेश अपने घर के दरवाजे पर टहल रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा महिला से मोबाइल फोन छीन लिया गया। महिला के शोर मचाने पर थाना कोतवाली नगर की गश्त कर रही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तीनों अभियुक्तों 1. अंकित पाण्डेय पुत्र शेषनाथ पाण्डेय निवासी मोकलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा,2. संजय पाण्डेय पुत्र हरिनारायण पाण्डेय निवासी मोकलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा,3. सुधीर चौबे पुत्र सुरेश बहादुर चौबे निवासी मोकलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को तिवारी बाजार ब्रह्म बाबा स्थान से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से छीना गया एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया

### भीषण गर्मी पर स्टेशन जंक्शन पर किया पानी बिस्कुट का निशुल्क वितरण

**गोण्डा ,12 मई (तरूणमित्र)।** रेलवे-स्टेशन गोंडा जंक्शन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन, गोंडा के सहयोग से यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत देने के लिए निःशुल्क जल व बिस्कुट की व्यवस्था की गई । जिसमें ट्रेनों में यात्रियों को निःशुल्क पानी व बिस्कुट का वितरण किया गया । जिससे जनरल कोच में तथा अन्य यात्रियों को पीने का पानी व बिस्कुट मिलने से यात्रियों को बहुत राहत मिली और सभी यात्रियों ने रेलवे की इस सेवा को बहुत ही धन्यवाद दिया। इस मौके पर रेलवे के कमर्शियल डिपार्टमेंट के सभी कर्मचारी तथा मुख्य टिकट निरीक्षक आशा देवी तथा प्लेटफार्म निरीक्षक के एल यादव एवम अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### 5 साल के मासूम से दरिंदगी, मानवता हुई शर्मसार

बस्ती - जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बीती रात एक दरिंदे ने घर के बाहर सो रही करीब 5 साल की मासूम बच्ची को उठा लिया और उसके साथ अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया। सुबह जब बच्ची घर पहुंची तो उसकी हालत देख मां के होश उड़ गए। बच्ची के गुप्तांग से खून निकलता देख मां घबरा गई और उसे तुरंत नहला-धुलाकर महिला अस्पताल लेकर पहुंची।अस्पताल पहुंचते ही वहां हड़कंप मच गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और बच्ची की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम भी मौके पर अस्पताल पहुंच गई और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस बच्ची और उसके परिवार से पूछताछ कर रही है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है और लोगों में भारी आक्रोश है। मासूम बच्ची के साथ हुई इस बर्बरता ने एक बार फिर मानवता को झकझोर कर रख दिया है।बच्ची के परिजनों से मिलने पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि आरोपी की पहचान के लिए प्रयास किया।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पंचशील धम्मध्वज दिखाकर शोभा यात्रा को किया रवाना



**कुशीनगर ,12 मई (तरूणमित्र)।** भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में त्रिविध पावनी (जन्म, ज्ञान प्राप्ति बोध एवं महापरिनिर्वाण) वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर सम्मिलित हुए तथा पंचशील धम्मध्वज दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान बुद्ध के सिद्धांत और उनके जीवन की घटनाएं हमें शांति व ज्ञान की ओर अग्रसर करती हैं । गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। बैसाख पूर्णिमा को बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन कुशीनगर में ईसा पूर्व 483 में 80 वर्ष की आयु में महापरिनिर्वाण हुआ था। तीनों घटनाएं वैशाख पूर्णिमा को हुई थीं। इसलिए इसे त्रिविध पावनी जयंती भी कहते हैं। भगवान बुद्ध को कुशीनगर से गहरा लगाव भी रहा। इस अवसर पर म्यानमार के राजदूत ऊ जाव, भदंत ज्ञानेश्वर, भंते डॉ नंद रतन थेरो, भंते महेंद्र थेरो, भंते अशोक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, नगर निकाय कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि एवम भिक्षु गण व उपासक, जनपदवासी भी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस,बोले डॉ. संतोष सेबास्टियन करूणा की प्रतीक हमारी नर्सें



**गोरखपुर ,12 मई (तरूणमित्र)।** फातिमा अस्पताल, पादरी बाजार, गोरखपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह आज दिनांक 12 मई 2025, दिन सोमवार को प्रातः 8:00 बजे मनाया गया। फातिमा अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नर्सिंग स्टाफ के योगदान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक आदरणीय फा० डॉ. संतोष सेबास्टियन ने नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि, नर्से सिर्फ एक पेशेवर नही होती वे मानवता की असली प्रतिनिधि होती हैं। उनके हाथों में करूणा है, व्यवहार में धैर्य है और दिल में हर मरीज के लिए अपनापन। जब भी कोई जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करता है, तो एक नर्स निस्वार्थ भाव से उसकी सेवा में खड़ी होती है। हमारी नर्से न केवल चिकित्सा प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा हैं, बल्कि मरीजों के मानसिक और भावनात्मक संबल का भी आधार हैं। आज नर्सेस डे पर हम उन्हें सिर्फ धन्यवाद नहीं, बल्कि दिल से सलाम करते हैं वे हमारे अस्पताल की रीढ़ हैं और हमारा गर्व भी। उन्होने आगे कहा कि उनका सेवा भाव और समर्पण प्रशंसनीय है। इस आयोजन का उद्देश्य उनकी मेहनत और मानवता के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करना हैं। समारोह का प्रारंभ प्रातः दैनिक प्रार्थना से हुआ। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर अस्पताल द्वारा पिछले कई दिनों से सभी नर्सों के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों जैसें रंगोली प्रतियोगिता, गायन, नृत्य, पोस्टर मेंकिंग तथा हेल्दी ड्रिंक प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में केक कटिंग और बेस्ट नर्स अवॉर्ड का वितरण भी शामिल रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नर्सों को पुरस्कार अस्पताल के फा० डॉ. संतोष सेबास्टियन, निदेशक, फादर विलसन एसोसिएट निदेशक, डॉ० विनय सिन्हा चिकित्सा अधीक्षक एवं सिस्टर लता एम.एस. जे. प्रशासिका द्वारा दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट नर्स अवॉर्ड उन नर्सों को प्रदान किया गया जिन्होंने पिछले वर्ष अपने कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया। इसके साथ ही प्रशासिका द्वारा अस्पताल के समस्त नर्सों को नर्सिंग शपथ दिलाया गया। नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती लिलि प्रतिमा द्वारा धन्यवाद का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फा० विलसन, सिस्टर रम्या, सिस्टर नव्या, श्री देवेश पाण्डेय एच.आर., समस्त विभागों के प्रमुख के साथ सभी स्टाफ, नर्सिंग छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहें।1995 में स्थापित प्रदेश आदि से इम्पैनलमेंट है ।

# नर्सेज को थैंक्यू बोलिये, आज इंटरनेशनल नर्सेस डे - अशोक

**मरीज को ठीक करने में डाक्टर से कम नही है नर्सेज का योगदान**



**बस्ती,12 मई (तरूणमित्र)।** स्वास्थ्य जागरूकता और समाजसेवा के विभिन्न आयामों पर कार्य कर रही सामाजिक संस्था ह्यमन सेफ लाइफ फाउण्डेशन की ओर से इंटरनेशनल नर्सेस डे पर केक काटने के उपरान्त नर्सों को सम्मानित किया गया। मालवीय रोड स्थित नवयुग मेडिकल सेण्टर मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्टिपटल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये फाउण्डेशन के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि दुनियाभर में नर्सों को सम्मान मिलता है ।हमे इस सम्मानजनक पेशे के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा और सेवा भावना को हमेशा प्राथमिकता देनी होगी। डा. अभिजात ने कहा आज मरीजों की सेवा करने वाली नर्सेस के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए हर साल इंटरनेशनल नर्सेस डे मनाया जाता है। किसी मरीज को ठीक करने में जितनी भूमिका एक डॉक?टर की होती है उतनी ही भूमिका एक नर्स की भी होती है। उन्होने सभी नर्सों को शुभकामनायें दिया। नवयुग मेडिकल सेण्टर को सेवायें दे रही नर्स अंजली त्रिपाठी ने कहा आज इंटरनेशनल नर्सेस डे है। 12 मई को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। नर्स दिन-रात मरीजों का ध्यान रखकर नर्स दुनिया भर को सेवाभाव का संदेश देती है। मरीजों और उनके परिवारों का भरोसा, उनका आशीर्वाद बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# कुबेरस्थान :आशा कार्यकत्री चला रही , अवैध ओपीडी, गर्भपात कराते पकड़ी गई

**कुबेरस्थान(कुशीनगर),12 मई (तरूणमित्र)।** कस्बे के मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित एक मकान में क्लिनिक खोलकर आशा कार्यकत्री द्वारा अवैध रूप से ओपीडी संचालित करने और गर्भपात कराने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों के अनुसार यह कार्यकत्री खुद को बड़े डॉक्टरों जैसा पेश करते हुए गर्भवती महिलाओं का इलाज करती थी और अवैध रूप से गर्भपात कराती थी ।इस अवैध गतिविधि की शिकायत पहले भी कई बार स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की जा चुकी थी, लेकिन कस्बे के ही एक प्रभावशाली व्यक्ति और सीएमओ दफ्तर में तैनात एक कर्मचारी के संरक्षण के चलते कार्यवाही नहीं हो पाती थी ।हालांकि हाल ही में मिली एक शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. गुप्ता एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी कुबेरस्थान डॉ. धीरज सिंह ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान आशा कार्यकत्री को गर्भवती महिलाओं का इलाज करते हुए और उसी समय एक महिला का गर्भपात करते हुए ।

# श्री दुख हरण नाथ मंदिर का भव्य स्वरूप, नगर पालिका की अनूठी पहल



**उतरौला (बलरामपुर),12 मई (तरूणमित्र)।** जनपद बलरामपुर के उतरौला बाजार स्थित श्री दुख हरण नाथ मंदिर, हिंदू आस्था का प्रमुख केंद्र, अब भव्य धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होने जा रहा है। योगी सरकार और नगर पालिका अध्यक्ष सबिता गुप्ता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता के नेतृत्व में मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी है ।नगर पालिका द्वारा मंदिर परिसर में सुंदर कलाकृतियों, ऐतिहासिक चित्रण, रोशनी की विशेष व्यवस्था और सुविधाजनक मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता ने बताया कि मंदिर की दीवारों पर भगवान शिव, श्रीराम और अन्य पौराणिक कथाओं का चित्रण किया जाएगा ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धार्मिक स्थलों के विकास योजना के तहत इस मंदिर को भी पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्थानीय हिंदू समाज ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष और प्रतिनिधि के प्रति आभार जताया है। मंदिर के सौंदर्यीकरण के अगले चरण में पार्किंग, पेयजल, शौचालय और बैठने की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस प्रयास से मंदिर की पहचान प्रदेश में एक सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के रूप में स्थापित होने की उम्मीद है।

# लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने किया अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर व सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण



**गोरखपुर ,12 मई (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद। संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें, कॉमनमैन (आमजन) की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है। सीएम योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र (अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर) और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्कि जनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा। देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिएमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सीएम योगी ने कहा कि देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। इसी भाव से उत्तर प्रदेश ने विगत आठ वर्षों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में नगरीकरण के विस्तार का अभियान प्रारंभ किया है। पूर्वी यूपी के पांच करोड़ लोगों के जीवन का प्रमुख केंद्र है गोरखपुरसीएम योगी ने कहा कि पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता, वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, कारोबार और रोजगार का केंद्र है। सुविधा से बढ़ेगी कारोबारी सुगमता और जीवन सुगमतामुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में बने अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर के लिए नगर निगम की तारीफ करते हुए कहा कि जब लोगों को नई सुविधाओं से आच्छादित करते हैं तो व्यापारियों के लिए कारोबारी सुगमता और आमजन के लिए जीवन सुगमता बढ़ती है। अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर से 16 वार्डों के लोगों को एक ही स्थान पर नगर निगम की सभी जरूरी सुविधाएं मिल जाएंगी तो सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर में बुजुर्गों को स्वास्थ्य, अध्ययन और मनोरंजन की भरपूर सहूलियत मिल जाएगी। बदलते गोरखपुर से जोड़ना होगा आमजन कोसीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर बदल रहा है। बदलते गोरखपुर से आमजन को जोड़ना होगा। कोई भी बदलाव तभी सफल होता है।

# त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

**बेलसर (गोण्डा),12 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सन्त कबीर इंटर कॉलेज परसदा बेलसर गोंडा में गत शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता तिवारी व योग प्रशिक्षिका साधना मिश्रा के संचालन में त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

यह योग प्रशिक्षण शिविर 10 फरवरी से 10 मई 2025 तक संचालित किया गया ।त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर के सफलता पूर्वक संचालन एवं मार्गदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् के निदेशक विनय श्रीवास्तव एवं जितेन्द्र कुमार (आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग), योजना के सर्वेक्षक संस्थान के महेंद्र पाठक प्रशिक्षण समन्वयक दिव्यरंजन शिवम गुप्ता संस्थान के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र डा. जगदानन्द झा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। योग प्रशिक्षिका साधना मिश्रा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे महात्माबुद्ध के विचार - महेन्द्रनाथ

**बस्ती ,12 मई (तरूणमित्र)।** सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा के दिन महात्माबुद्ध के संदेश पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में किया गया। महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण के बाद सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि आज जब दुनियां चौतरफा युद्ध का आमना- सामना कर रही है। महात्मा बुद्ध के विचार को जीवन में उतारकर हम शांति, प्रेम, भाईचारा स्थापित कर सकते हैं। सदियों पहले भगवान बुद्ध का पूर्णिमा के दिन इस धरती पर अवतरण हुआ, उन्हें तमाम सुख-सुविधाएं प्राप्त थीं। वह चाहते तो आराम से विलासिता का जीवन व्यतीत कर सकते थे, लेकिन उन्होंने परम वैभव को त्यागकर शांति की खोज की, युवावस्था में उन्होंने अपना घर, परिवार, वंश और राज सुख त्याग दिया। गौतम बुद्ध ने जितने हृदयों की वीणा को बजाया है, उतना किसी और ने नहीं। बुद्ध के वचन है, अप्प दीपो भव, अपना दीया खुद बनना। उनका संदेश युगों तक हमें प्रेम, करूणा, त्याग का संदेश देते रहेंगे ।बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित यादव, मो. सलीम, सोनकर आदि ने अपने सम्बोधन में कहा है ।

# बौद्ध धम्म के मार्ग पर चलने को लें संकल्प-वर्मा

## बुद्ध पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



जसपुरा/बांदा, 12 मई (तरूणमित्र)। जसपुरा ब्लाक क्षेत्र के गड़रिया गांव में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को सुंदर नगर गड़रिया स्थित बुद्ध विहार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद सभी आगंतुकों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन बुद्ध विहार के संस्थापक भंते हरहत पुत्र की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सुमेरपुर से पधारे सेवानिवृत्त देवी प्रसाद वर्मा ने भगवान बुद्ध के जीवन, जन्म और उनके द्वारा बताए गए धम्म मार्ग पर चलने की अपील की।

भरुवा सुमेरपुर से आए सेवानिवृत्त अध्यापक सीताराम वर्मा ने बुद्ध के जीवन दर्शन की विस्तृत जानकारी दी। हमीरपुर से आए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीराम वर्मा ने भगवान बुद्ध के तीन मंत्रकृशील, समाधि और प्रज्ञाकृके साथ-साथ बाबा साहब डॉ. अंबेडकर द्वारा ली गई 22 प्रतिज्ञाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों को इन प्रतिज्ञाओं का वाचन कराते हुए बौद्ध धम्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'अप्प दीपो भव' यानी 'अपने दीपक स्वयं बनो' ही भगवान बुद्ध का अंतिम उपदेश है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। इस अवसर पर शिवबली निषाद, तोप सिंह, भंते बुद्ध सेन और भंते बच्चू लाल सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए बौद्ध धम्म के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संचालक की भूमिका रामगोपाल वर्मा ने निभाई। कार्यक्रम में मुन्ना प्रसाद वर्मा, के पी पेंटर, समसेर बहादुर टेणा, राजकिशोर प्रजापति, राजकुमार वर्मा, रामकिशोर, राजाराम वर्मा, संतोष, कपिल बाल्मीकि, राहुल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। महिलाओं की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही।

# भगवान बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक: सिंह

## सपाईयों ने मनाई भगवान बुद्ध की जयंती

ललितपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में बुद्ध जयंती जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर बुद्ध के चित्र पर सपाईयों ने पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने उनके उपदेशों को बताते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में पूरे विश्व को शांति और उदारता की जरूरत है। जो भगवान बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर ही मिल सकती है।

इस मौके पर जिला महासचिव डा शिशुपाल सिंह लोधी, राजेश यादव, अरशद मंसूरी, हरीसिंह यादव जिजयावन, प्रमोद कुशवाहा, आकिब मंसूरी, राजेश झा, गौरव विश्वकर्मा, चरन सिंह रामनगर,



युवजन सभा शहरोज खान, ओमप्रकाश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, सचिन सोलंकी, मोनू यादव, कप्तान यादव, राममूर्ति तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दतिया में आज से निजामुद्दीन -खजुराहो वन्देभारत को मिला स्टॉपेज

झाँसी, 12 मई (तरूणमित्र)। निजामुद्दीन- खजुराहो वन्देभारत एक्सप्रेस को दतिया में नया हाल्ट दिया गया है, इसको लेकर रेलवे ने आदेश भी जारी कर दिया है। हालांकि अभी दतिया में ट्रेन का ठहराव अस्थाई होगा। नए ठहराव के चलते ट्रेन का टाइम टेबल भी बदला गया है। धार्मिक लिहाज से महत्वपूर्ण झांसी मंडल का दतिया स्टेशन मां पीतांबरा के मंदिर के कारण देशभर के भक्तों के आकर्षण का केन्द्र है। इसीलिए रेलवे बोर्ड ने अब हजरत निजामुद्दीन-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस 22469/22470 को दतिया में रोकने का निर्णय लिया है। दतिया में इस ट्रेन का ठहराव 2 मिनट का होगा। झाँसी मंडल के जनसंपर्क

### झाँसी और ग्वालियर में बदला समय, नया टाइम टेबिल जारी

अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन का ठहराव 13 मई से दतिया में शुरू हो जाएगा। हजरत निजामुद्दीन से आने वाली ट्रेन सुबह 9.59 बजे दतिया पहुंचेगी और 10.01 बजे रवाना होगी। वहीं, खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस शाम 6.42 बजे दतिया पहुंचेगी और 6.44 बजे ग्वालियर के लिए रवाना होगी। खजुराहो की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर अब बदले हुए समय पर आएगी। यह ट्रेन सुबह 10.30 बजे से 10.35 बजे तक झाँसी में ठहराव लेगी। वहीं, खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस 7.28 बजे से 7.33 बजे तक ग्वालियर में ठहराव लेगी। अभी हजरत निजामुद्दीन-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 10.25 बजे झांसी पहुंचती है और 10.30 बजे रवाना हो जाती है। लेकिन अब यह ट्रेन 5 मिनट की देरी से सुबह 10.30 बजे झांसी पहुंचेगी और 10.35 बजे रवाना हो जाएगी। ऐसा ही ग्वालियर में होगा।

यहां खजुराहो-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस अभी शाम 7.25 पर आती है लेकिन अब ये ट्रेन 7.28 बजे ग्वालियर पहुंचेगी और 7.33 बजे रवाना हो जाएगी।

# कल्याण भारती इण्टर कालेज में मेधावियों का हुआ सम्मान

चित्रकूट, 12 मई (तरूणमित्र)। कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी में लक्ष्य टीम द्वारा छात्र-छात्राओं का सम्मान कैरियर गाइडेंस के तहत यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल इंटरमीडिएट के उत्तीर्ण लोधी समाज के छात्र छात्राओं को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। लक्ष्य टीम के जिलाध्यक्ष शंकर दयाल राजपूत ने छात्र-छात्राओं को आने वाले समय में हमें पढ़ाई करके क्या बनना है इस विषय में बताया गया। कहा कि यदि कोई छात्र छात्राएं अपने घर से आर्थिक स्थिति से मजबूत नहीं हैं और यदि वह छात्र-छात्रा में पढ़ना चाहते हैं तो उनका हर संभव लक्ष्य टीम चित्रकूट मदद करेगी हर तरह से।

# भक्त प्रहलाद की रक्षा को भगवान ने लिया था नृसिंह अवतार : गंगादास महाराज

## श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर में श्रद्धा भाव से हुआ भगवान का महाअभिषेक

ललितपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। मोहल्ला तालाबपुरा



में स्थित श्रीलक्ष्मी नृसिंह मन्दिर में गंगादास महाराज के सानिध्य में लक्ष्मी नृसिंह भगवान का महाभिषेक किया गया एवं 1 हजार कमल पुष्पों से भगवान का सहस्त्रार्जन अगाध श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस मौके पर मन्दिर के महंत गंगाादास महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुये कहा कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को स्वाति नक्षत्र में सोमवार के दिन भक्तराज श्रीप्रहलादजी महाराज की रक्षा करने के लिए एवं अपने भक्त प्रहलाद को अभय प्रदान करने के लिए श्रीनृसिंह भगवान अवतार हुआ था। आस्तिक भक्तों को भगवान का आमतौर पर दर्शन सुलभ हो जाता है पर श्रीप्रहलादजी महाराज ने घोर नास्तिक को श्रीनृसिंह भगवान का दर्शन कराया।

यह एक विशेष बात है। नृसिंह भगवान की उपासना करने से कोई भी घर में बाधा नहीं आती है और न ही नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भगवान नृसिंह का प्रतिदिन पूजन अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पा सेंटर में युवक -युवतियों में मारपीट, वीडियो वायरल होने के बाद पहुंची पुलिस

झाँसी, 12 मई (तरूणमित्र)। नवाबाद थाना क्षेत्र में गोविंद चौराहे के निकट स्थित एक स्पा सेंटर में युवक- युवतियों के बीच दंगल चर्चा का केन्द्र बना रहा। दोनों ग्रुप्स में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि स्पा सेंटर में पहुंचे एक युवक का वहां मौजूद एक युवती से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद देखते ही देखते दोनों पक्षों के युवकों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों की युवतियां भी बीच में कूद पड़ी और बीच बचाव की कोशिश करने लगीं। घटना में एक युवक ने खुद को चोटिल बताते हुए नवाबाद थाने में शिकायती पत्र दिया। पुलिस शिकायती पत्र और वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि मारपीट के दौरान एक युवक के कपड़े भी फट गए। युवतियों ने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन झगड़ा बढ़ता चलता गया। मारपीट की यह घटना स्पा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### बुद्ध जयंती का आयोजन, खीरदान कर दी श्रद्धांजलि

झाँसी, 12 मई (तरूणमित्र)। डॉ.अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में कचहरी में चन्द्रभान आदिम के आतिथ्य में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर तथागत बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध वन्दना त्रिशरण पंचशील का पाठ व खीर दान किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि हरगोविन्द कुशवाहा राज्य मंत्री उप्र ने तथागत बुद्ध के करुणा प्रज्ञा शील सिद्धांत के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि सीताराम



कुशवाहा, कुंवर बहादुर आदिम, सन्तोष दोहरे, प्रमोद शिवहरे, राज योगेन्द्र कुमार, सुनीता केसरी, राजकुमारी आदिम, अरविंद रविन्द्र नगरा, कैलाश चन्द्र अहिरवार, लालता मच्छे, शिववीर पाल, अभिषेक आदिम, विशाल बंगार, महेश नारायण वर्मा, एन.पी.सिंह, प्रागीलाल राजन, बाबू लाल बमौरिया, पूर्व एडीएम के.डी. बौद्ध, प्रभुदयाल आदिम, वैभव बट्टा आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ला को दी विदाई



झांसी, 12 मई (तरूणमित्र)। मंडल रेल प्रबंधक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ला को झांसी मंडल से विदाई दी गई। श्री शुक्ला का स्थानांतरण अब उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय प्रयागराज में महाप्रबंधक के सचिव पद पर हुआ है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) प्रेम प्रकाश शर्मा, तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नंदीश शुक्ल ने श्रीशुक्ला को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया एवं उनके उत्तम कार्यकाल की सराहना की।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि अखिल शुक्ला एक कुशल, दूरदर्शी एवं अनुशासित अधिकारी रहे हैं। उन्होंने अपने सेवा काल में परिचालन क्षेत्र में उत्कृष्ट मानक स्थापित किए। मंडल उनके योगदान को सदैव स्मरण रखेगा।

## चलती मालगाड़ी दो हिस्सों में बंटी, रेल प्रशासन में मचा हड़कंप

झांसी, 12 मई (तरूणमित्र)। झाँसी रेलवे स्टेशन के पास एक बड़ा हादसा टल गया, जब भोपाल रेलवे लाइन पर दौड़ती हुई एक मालगाड़ी अचानक दो हिस्सों में बंट गई। यह घटना सिंगल बाली मजार स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई, जिससे रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया।मालगाड़ी का अगला हिस्सा चालक काफी दूर तक ले गया, जबकि पिछला हिस्सा ट्रैक पर ही रह गया। घटना की जानकारी मालगाड़ी के गार्ड ने तुरंत चालक को दी।

सूचना मिलते ही चालक ने ट्रेन को पीछे की ओर लाकर दोनों हिस्सों को फिर से जोड़ने की कोशिश की। कुछ देर की मशक्कत के बाद दोनों हिस्सों को सफलतापूर्वक कपलिंग जोड़कर एक साथ किया गया। जानकारी मिलते ही टेक्निकल स्टाफ मौके पर पहुंचा और क्षतिग्रस्त कपलिंग को ठीक कर मालगाड़ी को फिर से एक साथ जोड़ा।

इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लग गया, जिससे भोपाल की ओर जाने वाली रेलवे लाइन बाधित रही। झाँसी से भोपाल की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को स्टेशन पर ही रोका गया। इस वजह से यात्रियों को अपनी यात्रा में देरी और असुविधा का सामना करना पड़ा। जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि एक मालगाड़ी बिजौली सेक्सन के पास तकनीकी खराबी के कारण दो हिस्सों में बंट गई थी, तत्काल इसे ठीक कर ट्रेन को रवाना किया गया।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने लगाया नि:शुल्क कैंसर कैंप



ललितपुर, 12 मई (तरूणमित्र)। रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में डॉ गजेंद्र चौहान पिसनारी की माँ की स्मृति में कैंसर चिकित्सा कैंप लगाया गया। अध्यक्षता रेड क्रॉस के प्रबंधक एवं नीमा के अध्यक्ष डॉ एसपी पाठक ने की। उन्होंने बताया कि तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट इस्तेमाल न करें। इन चीजों के सेवन से कैंसर होता है। प्रारंभिक स्टेज में इसका पूर्णतः इलाज सम्भव है। शिविर का शुभारम्भ भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलन व चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इंदौर से पधारे शैलवी हॉस्पिटल के डॉ अमेय बिहानी, नाक कान गला एवं मुख कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ प्रणव कुमार, जनरल एवं एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन द्वारा 50 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। कैंप को सफल बनाने मैं डॉक्टर एसपी पाठक डॉ आर एन सोनी, डॉ मनवीर सिंह डॉ गजेंद्र सिंह चौहान, डॉ अजय जैन, डॉ अवनी कड़की, डा आर सी साहू, डॉ स्वामी राजपूत, डॉ राजेश शर्मा, डॉ अनूप श्रीवास्तव, डॉ डीके जैन, डॉ निधी सिंह चौहान, डॉ शशांक पाठक, डा सनद मोदी ,डॉ विजय चौहान, डॉ सुरेंद्र राजपूत डीआर रवी, मोहन संज्ञा आदि का सहयोग रहा

# दुल्हन ने शादी से किया इंकार, वापस लौटी बारात

नरैनी/बांदा, 12 मई (तरूणमित्र)। धूमधाम के साथ वर पक्ष के लोग कन्या पक्ष के दरवाजे पहुंचे लेकिन बिन दुल्हन विदा कराए दूल्हे पक्ष को बैरंग वापस होना पड़ा। रविवार को शाम कस्बे के अतर्रा मार्ग में मौजूद कान्हा मैरिज हाल में रिटायर्ड दरोगा अपने बेटे की बारात लेकर गए। दुल्हन के दरवाजे पहुंचे सभी बारातियों का स्वागत सम्मान हुआ।

इसके बाद द्वार चार की रस्म हुई।द्वारा चार का कार्यक्रम होने के बाद जब दुल्हा जयमाल डलवाने के लिए पहुंचा तो दुल्हन काफी देर तक जयमाला लेकर नहीं निकली। बारातियों में सुगबुगाहट होने लगी।लड़के पक्ष के लोगों माजरा समझने के लिए लड़की से बात कर जानकारी ली तो कारण न बता सिर्फ वह शादी से इंकार कर दूल्हे पक्ष की सभी बातें सिरे से खारिज करती रही। लड़की ने शादी कराने से मना कर दिया।

दुल्हन के शादी से अचानक इंकार करने पर दोनों पक्ष सख्ते में आ गए।पूरी रात गेस्ट हाउस में पंच पंचायत का दौर जारी रहा।सभी ने दुल्हन को मनाए जाने की कोशिश की लेकिन दुल्हन स्पष्ट तौर पर शादी करवाने से इनकार करती रही।

# धूमधाम से मनायी महात्मा बुद्ध की जयंती

चित्रकूट, 12 मई (तरूणमित्र)। तथागत महात्मा बुद्ध की जयंती निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल के आवास पर धूमधाम से मनाई गईं उन्होने महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध 29 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन को त्याग कर ज्ञान की खोज पर निकल पड़े थे उन्होंने तपस्या और ध्यान के माध्यम से ज्ञान प्राप्त किया। भगवान बुद्ध ने सांसारिक मोह माया को त्याग दिया और जीवन त्याग और तपस्या के माध्यम से जीने के महत्व को समझाया भगवान बुद्ध ने अपने जीवन का केंद्र अहिंसा को बनाया तथा सभी प्राणियों के प्रति करुणा और प्रेम का संदेश दिया महात्मा बुद्ध द्वारा अष्टांगिक मार्ग की



शिक्षा अपने अनुयायियों को दी गई है।

जिसमें सही विचार सही संकल्प सही वाणी सही आचरण सही आजीविका सही प्रयास सही स्मृति सही ध्यान शामिल हैं। भगवान बुद्ध ने चार आर्य सत्य बताएं जो दुख का कारण दुख से मुक्ति का मार्ग है भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में मनी में हुआ था तथा 483 ईसा पूर्व कुशीनगर में उनका परी निर्माण हुआ भगवान बुद्ध ने ज्ञान नैतिक चरित्र और एकाग्रता के विकास पर जोर दिया है। इस मौके पर सुनील पटेल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, इं राजेश सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडे, मनोज पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, होरीलाल उपस्थित रहे।

# पैंटून पुल की बदहाली से जनता परेशान

## बारा-गलौली पैंटून पुल पर लगा लंबा जाम, ग्रामीणों में आक्रोश

जसपुरा/बांदा, 12 मई (तरूणमित्र)। जसपुरा ब्लाक के गौलीघाट एव बारा घाट क्षेत्र में यमुना नदी पर बना बारा/गलौली पैंटून पुल एक बार फिर अव्यवस्था और ठेकेदार की मनमानी का शिकार हो गया है। शनिवार को हल्की बारिश के बाद पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन घंटों प्रभावित रहा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जाम का फायदा उठाकर ठेकेदार के लोगों ने चार पहिया वाहनों से ?500 और दो पहिया वाहन चालकों से 200 की अवैध वसूली की। ग्रामीणों ने कहा कि पुल की देखरेख की जिम्मेदारी निभाने में ठेकेदार पूरी तरह विफल है, जबकि विभागीय अधिकारी भी आंखें मूंदे बैठे हैं। हर साल दोहराई जाती है यही कहानी स्थानीय किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब पैंटून पुल की यह स्थिति हुई है। हर साल बारिश के मौसम में जनता को इस पुल से गुजरना मुसीबत बन जाता है। ठेकेदार की दबंगई और शासन-प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीण परेशान हैं, उन्होंने कहा। स्थायी पुल की मांग को दबाया गया पुष्पेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र में एक पक्के पुल की मांग की जा रही है ताकि जनता को स्थायी समाधान मिल सके। जसपुरा ब्लॉक के अधिकांश ग्रामीण व्यापार और जरूरतों के लिए फतेहपुर, बिंदकी,



जाफरगंज, जहानाबाद और कानपुर जाते हैं। वर्तमान में जर्जर पुल की वजह से उन्हें लंबा रास्ता तय करना पड़ता है जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब स्थायी पुल की मांग उठाई गई, तब-तब भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से दबाव डलवाकर आंदोलन को दबा दिया और कई बार प्रदर्शनकारियों पर मुकदमे भी दर्ज कराए गए। जनप्रतिनिधि जनता से बार-बार झूठ बोलते हैं कि पुल पास हो गया है, लेकिन आज तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। ठेका हर साल एक ही ठेकेदार को क्यों? ग्रामीणों ने यह सवाल भी उठाया कि हर साल पैंटून पुल का ठेका एक ही ठेकेदार को क्यों दिया जाता है? क्या ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों के बीच कोई साठगांठ है? इस मामले में क्षेत्र की जनता जवाब मांग रही है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन, खासकर एसडीएम की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं।

उनका कहना है कि अवैध वसूली, जाम और पुल की दुर्दशा की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– 1612/2ए          दिनांक : 05.05.2025

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र0 सं0 | जनपद/ खण्ड/ विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड करनैलगंज में विभिन्न अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.20 | 0.72 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 2 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड करनैलगंज में विभिन्न ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.50 | 0.75 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 3 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड परसपुर में विभिन्न अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.70 | 0.77 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 4 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड परसपुर में विभिन्न ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.90 | 0.79 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 5 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड हलधरमऊ में विभिन्न अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.10 | 0.71 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 6 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड हलधरमऊ में विभिन्न ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.40 | 0.74 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 7 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड कटराबाजार में विभिन्न अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.80 | 0.78 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 8 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड कटराबाजार में विभिन्न ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.95 | 0.80 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 9 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड रूपईडीह में विभिन्न अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.60 | 0.76 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 10 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड रूपईडीह में विभिन्न ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.85 | 0.79 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 11 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड बेलसर में विभिन्न अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.65 | 0.77 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |
| 12 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड–2 | विकास खण्ड बेलसर में विभिन्न ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य। | 7.88 | 0.79 | 900.00 | 3 माह | ए,बी,सी,डी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.05.2025 से 30.05.2025 तक सांय 03.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.05.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 30.05.2025 को अपरान्ह 03.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 30.05.2025 के अपरान्ह 03.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0 गोण्डा

U.P. 233540 dt. 08/05/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में गंदगी से ग्रामीण परेशान

## सचिव व एडीओ पंचायत बने मूकदर्शक, ग्रामीणों में पनप रही नाराजगी

**जालौन/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी गांव की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। गांव की सफाई व्यवस्था में तैनात सफाई कर्मचारी औपचारिकता निभा रहे हैं। गांव में सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने के बाद भी जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी व एडीओ पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं। इसके बाद भी ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी सचिव व एडीओ पंचायत मूक दर्शक बने हुए हैं जिससे ग्रामीणों में नाराजगी पनप रही है।

विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे में गांव में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए सफाईकर्मी तो नियुक्त किया गया है। लेकिन सफाई कर्मचारी गांव में नियमित सफाई नहीं कर रहा है। यही कारण है कि गांव की गलियों में कूड़ा कचरा फैला हुआ नजर आता है। जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आते हैं। नालियों में गंदगी जमा होने से नालियां चोक हो गई हैं और नालियों में घास उग आई है। जिनसे निकलने वाली बदबू से ग्रामीण परेशान हैं। आम रास्ते के साथ भोले मकान के पास धार्मिक स्थलों के पास गंदगी होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण आकाश, दीपक, रामू बताते हैं कि गांव की मुख्य गली में मंदिर के पहले व बाद में सड़क पर कींचड है। नाली कचरे से भरी पड़ी है। सचिव व प्रधान सफाई के साथ गली व नाली की मरम्मत की ओर ध्यान नही दे रहे जिससे गलियों में गंदगी अंबार लगा है। जगह-जगह कूडे के ढेर लगे हैं। सचिव नीता राठौर ग्रामीणों की समस्या सुनने आती नही है। ग्रामीणों को काम होता है तो उन्हें स्वयं उनके चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने एवं मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए नालियों में डीडीटी का छिड़काव कराने एवं फॉगिंग मशीन चलवाने के साथ ग्राम पंचायत अधिकारी की सप्ताह में कम से कम एक दिन उपस्थित सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## खेती व बैंक में जमा रुपये हड़पने का लगाया आरोप

**कोंच/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुसिया निवासी रिंकू वर्मा पुत्र स्व. पातीराम ने दिन सोमवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरी माँ बेवी वर्मा दिनांक 9 मई 2025 को समय करीब सुवह 8 बजे से मेरी माँ बिना बताए कहीं चली गयी है। मैने सोचा रोज की तरह खेतों में गेंहूँ की वाले बीनने गयीं होंगी लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो मैने रिस्तेदारी में खोजना शुरू कर दिया लेकिन आज सुबह 8 बजे करीब मुझे गांव के लोगों में चर्चा के दौरान पता चला कि मेरी माँ को गांव के ही तुलाराम पुत्र कालीचरन वर्मा मेरी माँ के नाम खेती व बैंक में जमा रुपये हड़पने की आशय से बहला फुसलाकर ले गया है। मेरी माँ में बुढापे के कारण सोचने व विचार करने की बुद्धि कम हो गयी है। इसका लाभ उक्त तुलाराम उठाना चाहता है और उक्त दिनांक 9 मई से गायब है उक्त ऐसी हरकत पहले भी कर चुका है। जिसकी शिकायत पहले भी मै कर चुका हूं और उक्त के पकड़े जाने पर और उक्त के द्वारा माफी मांगे जाने पर कोतवाली में समझौता भी किया गया था। रिंकू वर्मा ने पुलिस से उक्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

## महापुराण व रामलीला महोत्सव श्रद्धा भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न

**जालौन/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** नगर के समीपवर्ती ग्राम सुद्दाड़ सालाबाद स्थित शिव शंभू धाम पर आयोजित प्रथम नौ कुंडी शिवशक्ति महायज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत महापुराण तथा रामलीला महोत्सव का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस सात दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

महायज्ञ का विधिवत समापन सोमवार को हवन अनुष्ठान एवं पूर्णाहुति के साथ हुआ। यज्ञाचार्य डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूरे अनुष्ठान को वैदिक विधियों से सम्पन्न किया गया। पूणाहुति के दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-शांति, क्षेत्र की समृद्धि और लोक कल्याण के लिए आहुतियाँ अर्पित कीं। हवन मंडप में मंत्रोच्चारण की गूंज और आस्था की भावना से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा। इससे पूर्व रात्रि में आयोजित रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला का भव्य चित्रण किया गया। लीला मंचन में कलाकारों की सजीव अभिनय शैली, आकर्षक वेशभूषा और संवादों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। जैसे ही भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ, पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष गूंज उठा। अंत मे विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पांचाल-विश्वकर्मा समाज के ग्यारह जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**कोंच/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** उरई रोड स्थित सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ हुल्कादेवी मंदिर अपार्टमेंट पड़री नाका के परिसर में श्री पांचाल-विश्वकर्मा नवयुवक कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के ग्यारह जोड़ों ने वैदिक रीति से अग्नि के सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। नवयुगलों को आशीर्वाद देने के लिए तमाम गणमान्य नागरिकों, बुद्धजीवियों और जन प्रतिनिधियों ने यहां शिरकत की हरिशंकर विश्वकर्मा तजपुरा की अध्यक्षता में आयोजित पांचाल विश्वकर्मा समाज के इस अठारहवे सामूहिक विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे सम्मेलन सामाजिक एकजुटता का प्रतिबिंबन करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज हर आदमी मंहगाई की मार से जूझ रहा है, ऐसे में इन सामूहिक विवाह सम्मेलनों की उपादेयता और भी अधिक बढ़ जाती है सम्मेलन में नगर के सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे। अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए विवाह सम्मेलन को औरों के लिए प्रेरणास्पद बताया संचालन राजेन्द्र दुबे ने किया इससे पूर्व आयोजन समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष नरेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा मंत्री रानू विश्वकर्मा उपमंत्री रोहित हर्ष विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा रामराजा विश्वकर्मा सहित तमाम लोगों ने मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विद्वान ब्राह्मणों आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जोड़ों के पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए। सभी नवयुगलों को समिति की ओर से गृहस्थी में उपयोग आने वाला तमाम सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया।इस अवसर पर कुल 11 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें रोशनी देवी-योगेंद्र सिंह, अनुराधा-सोनू, शिल्पी-दीपक कुमार, अंगूरी-रामलखन, पूजा देवी-जीतू, विमला-गौरव, सीमा-अंकुर, विनीता-उमेश कुमार, प्रिंसी-धीरज, रश्मि-अभिषेक, पिंकी-रोहित कुमार के वैवाहिक बंधन में बंधने पर शुभकामनाएं दी गईं। समिति के आयोजकों ने बताया कि वे भविष्य में भी इस तरह के सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन करते रहेंगे ताकि समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को प्रोत्साहन मिले और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग मिल सके।

## नाजायज तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** बिंवार पुलिस ने एक युवक को नाजायज तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

बिंवार पुलिस मुकदमों की विवेचना और अपराधियों की धरपकड़ के सिलसिले में क्षेत्र में थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि बिगहना के बाबूराम महाविद्यालय के निकट पुलिया पर एक युवक नाजायज तमंचा लिए हुए आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है।पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए आरोपी को पकड़ कर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम मुटनी निवासी समीम खान पुत्र मुबीन खान बताया आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अदद




नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## युवकों ने महिला के साथ की मारपीट

**जालौन/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** मंदिर में मां व बेटे के साथ पूजा करने जा रही महिला के साथ रास्ते मे रोककर तीन युवकों ने मारपीट कर दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी निवासी रानी देवी ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार शाम लगभग छह बजे गांव के ही हनुमान मंदिर पर अपनी मां व बेटे के साथ पूजा करने जा रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही प्रशांत, छक्कू व अंकुर ने उन्हें रोक लिया और रंगबाजी करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। जब आसपास के लोग बचाने आए तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी व उमस ने आमजन को किया बेहाल

### तकनीकी खराबी के चलते दोपहर 12 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी ठप्प

**जालौन/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** सोमवार की दोपहर जालौन नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा जब 132 केवी उदोतपुरा बिजली घर की सीटी (करंट ट्रांसफार्मर) अचानक फट गई। इस तकनीकी खराबी के चलते दोपहर लगभग 12 बजे से लेकर अपरान्ह तीन बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प रही। इस दौरान भीषण गर्मी और उमस ने आमजन को बेहाल कर दिया।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ-साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी लगातार प्रभावित हो रही है। सोमवार को पारा भी जमकर चढ़ा था। इसी दौरान अचानक बिजली घर की सीटी फट गई, जिससे पूरे क्षेत्र की आपूर्ति बाधित हो गई। नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली गुल रही। बिजली कटौती के चलते लोगों को कूलर, पंखा, एसी जैसी राहत देने वाली सुविधाओं का उपयोग करने में असमर्थता झेलनी पड़ी। जिन घरों में इन्वर्टर या बैकअप व्यवस्था नहीं थी, वहां लोग गर्मी और उमस से बेहद परेशान दिखे। छोटे बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे ज्यादा खराब रही। इस बीच नगर में पैनल लगाए जाने का कार्य भी जारी है, जिससे भी बिजली आपूर्ति समय-समय पर बाधित हो रही है। यह कार्य ट्रांसफार्मरों को ओवरलोड से बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, लेकिन इसके चलते आम उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अवर अभियंता नवीन कंजोलिया ने बताया कि सीटी फटने की सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और सुधार कार्य में जुट गई। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अपरान्ह तीन बजे बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसी तकनीकी खराबियों से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।

## छोटे हाथी को बना लिया खाने का स्टाल, लाइसेंस का अता-पता नही

**उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** शहर में चार पहिया वाहनों पर खान-पान का सामान बेचने वालों की बाढ़ सी आ गई है। दिन भर सड़क किनारे रसोईनुमा वाहन खड़ा कर लोगों को खाने-पीने की चीजें परोसी जाती हैं। चाट-पकौड़े से लेकर आइसक्रीम और फालूदा खाने के लिए बाकयदा बाजार सजता है। हैरानी की बात यह है कि खाद्य पदार्थों की बिक्री का यह काम अधिकतर जगह बिना किसी फूड लाइसेंस के किया जा रहा है। दूसरी सबसे बड़ी बात जिन चार पहिया वाहनों को रसोईघर में तब्दील किया गया है उनको मॉडीफाई करने की अनुमति परिवहन विभाग से ली गई या नहीं इसका जवाब भी स्टाल




लगाने वालों के पास नहीं है।

बताते चलें कि जहां एक तरफ गर्मी के मौसम में खान-पान को लेकर डॉक्टरों द्वारा सावधानी बरतने की बात कही जाती है तो वहीं दूसरी तरफ शहर में चार पहिया वाहनों को रसोईघर में तब्दील कर एक अलग ही व्यापार चलाया जा रहा है। इनमें से अधिकतर के पास न तो खाद्य विभाग का लाइसेंस है और न ही कोई रजिस्ट्रेशन। जबकि शहर के सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले स्थान शहीद भगत सिंह चैराहा, अम्बेडकर चैराहा, कोंच बस स्टैण्ड, महाराणा प्रताप चैराहा चुर्खी रोड, जिला परिषद तिराहा के आसपास ये वाहन खड़े होते हैं। जहां लोग चटखारे लेकर बादाम शेक, फालूदा, लस्सी, अंजीर शेक, फ्रूट सलाद, काजू शेक जैसे खाद्य पदार्थों का जमकर आनन्द लेते हैं। इनके वाहनों पर न तो फूड लाइसेंस का नंबर लिखा होता है और न ही विभाग द्वारा जारी किया गया रजिस्ट्रेशन नंबर। आपको बता दें कि जब जांच-पड़ताल की गई तो अम्बेडकर चैराहा के पास माडीफाई चार पहिया वाहन पर आइसक्रीम और फालूदा बेच रहे व्यक्ति ने बताया कि वह तो केवल मजदूरी करता है। उसका सेठ यहां नहीं है। फूड लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन को लेकर भी व्यक्ति ने खुद को अंजान बताया। वहीं जिला परिषद तिराहा के पास खड़ी गाड़ी पर खाद्य वस्तुएं बेचने वाले व्यक्ति ने बताया उसने लाइसेंस ले रखा है। दूसरी तरफ विभाग के अधिकारियों द्वारा आए दिन चेकिंग अभियान चलाया जाता हैं। खाने-पीने की वस्तुओं की क्वालिटी चेक की जाती है। मगर चार पहिया वाहनों को फूड स्टाल बनाने वाले अक्सर टीमों के आते ही इधर उधर खिसक लेते हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस : सम्मानित हुए सिलौली व कम्हरिया के छात्र एवं छात्राएं

**मौदहा हमीरपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** आईसीटी की पाठशाला के तत्वाधान में 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आयोजित ऑनलाइन क्विज में 3000 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया।

आईसीटी की पाठशाला के संस्थापक स्टेट आईसीटी अवॉर्डी इंजीनियर शेखर यादव द्वारा बच्चों में डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह क्विज बेसिक एवं माध्यमिक कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं समसामयिक तकनीकी ज्ञान पर आधारित प्रश्न शामिल थे। आयोजन में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 3018 बच्चों ने सहभागिता की। इसी क्रम में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली से लगभग 36 बच्चों ने एवं कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्हरिया से 10 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े पीईएस अधिकारी राजू यादव एवं ईआरप्लस एडवाइजरी सर्विसेज सॉफ्टवेयर कंपनी की निदेशक रेखा ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़ते हुए सभी प्रतिभागियों को हस्ताक्षरयुक्त ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात कारणों से भूसा घर में लगी आग

**कुठौंद/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** थाना क्षेत्र की शंकरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मसगांव में अज्ञात कारणों से मकान के समीप बने भूसा घर में आग लग गई। दोपहर के समय कमरे से धुंआ उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और आस-पास रखे अनाज, घरेलू सामान, कपड़े, एक जनरेटर तथा वहीं खड़ी दो मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल विभाग को फोन कर आग की सूचना दी, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी मौके पर दमकल की कोई गाड़ी नहीं पहुंची। ऐसे में ग्रामीणों ने ही स्वयं बाल्टियों, ट्यूबवेलों और घरेलू टंकियों की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। इस आगजनी की घटना में गिरजा पुत्र रामसहाय को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### महात्मा बुद्ध मानवता के प्रेरणा स्त्रोत: सिंह

**उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** श्री उत्तम सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर महात्मा बुद्ध की धूमधाम से जयंती मनाई गई। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य राघवेन्द्र सिंह ने बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध मानवता के प्रेरणा स्रोत हैं और जनकल्याण ही जीवन का परम धर्म होना चाहिए। वरिष्ठ अध्यापकों ने उनके जीवन की कठिन यात्रा पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अध्यापिकाओं ने बच्चों को बुद्ध के चार आर्य सत्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रबंधक, उप-प्रधानाचार्य सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## बारात लेकर जा रही मारुति वैन में अचानक लगी आग

**महोबा, 12 मई (तरूणमित्र)।** जनपद महोबा अंतर्गत महोबकंठ थाना क्षेत्र के तेइया गांव के पास एक बड़ा हादसा हो गया, बारात लेकर जा रही एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। चलती गाड़ी में आग लगने से वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में वैन में सवार आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुहारी गांव से एक बारात मारुति वैन के माध्यम से जा रही थी। वैन जैसे ही तेइया के पास पहुंची, अचानक उसमें आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही ड्राइवर गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख सका और वैन खाई में पलट गई। पलटते ही आग और तेज हो गई, जिससे सवार सभी लोग झुलस गए, घटना में रमेश पुत्र रामसेवक, रोहित पुत्र दुर्जन, रामसेवक पुत्र मन्नू, शनि पुत्र उमाशंकर, विपिन राजपूत पुत्र केशव चंद्र राजपूत, जगत सिंह पुत्र अच्छे लाल, जय हिंद पुत्र नंदराम समेत दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह वैन में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही सीओ हर्षिता गंगवार उप जिलाधिकारी अनुराग प्रसाद एवं महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। आप को बता दे कि प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि गाड़ी में तकनीकी गैस रिसाव के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। पुलिस घटना की विस्तृत जांच में जुटी है। हादसे के बाद से गांव में शोक और चिंता का माहौल व्याप्त है।

इस अप्रिय घटना से चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने क्षेत्र अधिकारी कुलपहाड़ सीओ हर्षिता गंगवार से स्पष्ट कहा है कि एलपीजी सिलेंडर वाली गाड़ियों की जांच की जाए एवं जहां भी मिले उनको सीधा सीज करने की कार्यवाही कि जाए जिससे आगे यह दोबारा घटना ना घटित हो।

## उन्नाव जेल में पंच कुण्डीय यज्ञ व दीक्षा कार्यक्रम संपन्न

### कारागार अधीक्षक पंकज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**उन्नाव, 12 मई (तरूणमित्र)।** जिला कारागार अधीक्षक पंकज कुमार सिंह जेल में सजा काट रहे बंदियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए अनेकों प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करवाते रहते हैं इसी क्रम में शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार द्वारा संचालित जिला समन्वय समिति जनपद उन्नाव जिसका स्थानीय कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ कॉलेज रोड उन्नाव में स्थित है। समिति के तत्वाधान में जेल अधीक्षक के सहयोग से पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन कारागार परिसर में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित करके और पूजन करके



शुरू किया कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह,शिव प्रसाद शर्मा और राजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ शुभम अवस्थी ने गुरु वंदना से संचालन में सहयोग किया ।कार्यक्रम में जिला जेल की तरफ से प्रभारी कारागार निरीक्षक प्रभाकांत पांडे, उपकारापाल भगवानदीन, गायत्री देवी, संतोष तिवारी, राजू पांडे आदि ने कैदियों के साथ मिलकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। कैदियों ने भविष्य में अपराध ना करने का संकल्प लिया और 76 कैदियों ने गायत्री मंत्र की दीक्षा ग्रहण की। गायत्री परिवार की तरफ से पूर्व बार अध्यक्ष राम सुमेर सिंह संतोष यादव, ओम प्रकाश पाल, नीलकमल यादव,गौरव शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, दुर्गा यादव, अभय वीर प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता गणों ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने ऐसे कार्यक्रम से जेल में बंद कैदियों के विचारों में परिवर्तन लाने के उद्देश्य को सराहा और गायत्री परिवार की प्रशंसा किया।

## संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना है: कालिका पटेल



**उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** अपना दल (एस) की समीक्षा बैठक बीते दिन नहर विभाग के निरीक्षण भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की मुख्य अतिथि पार्टी की राष्ट्रीय सचिव कालिका पटेल रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना है। उन्होंने बताया कि जिले में नए सदस्य जोड़े जा रहे हैं और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल अटरिया ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना होगा। पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाना ही संगठन की मजबूती का मूल मंत्र है। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सुशील राजपूत, जिलाध्यक्ष युवा मंच अनिल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच दीपमणि सिरोठिया, उमाशंकर, दुर्गेश गुप्ता, रामबाबू कुशवाहा, आशीष पटेल, पंकज शिवहरे, पंकज गुप्ता, यश गुप्ता, रोहित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीड़िता ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**मौदहा हमीरपुर, 12 मई (तरूणमित्र)।** क्षेत्र की पीड़िता ने कोतवाली पुलिस में तहरीर दे बताया है कि एक युवक शादी का झांसा देकर चार-पांच माह से शारीरिक शोषण कर रहा है। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि बिगहना गांव निवासी सलमान पुत्र हयात उर्फ लल्ला ने अपने प्यार के जाल में फंसा कर चार - पांच माह से शादी करने के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण करता रहा और जब मैने कहां की अब शादी कर लो तभी वह आग बबूला हो गया और शादी करने से मुकर गया और मारने पीटने पर आमादा हो गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस में तहरीर दे न्याय गुहार लगाई है।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

## मृतक की पत्नी ने गांव के ही दो नामजद व तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का लगाया आरोप

**जालौन/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** लगभग नौ माह पूर्व घर में अकेले रह रहे अधेड़ का तीन से चार दिन पूर्व पुराना शव घर के अंदर से संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ था। प्रथम द्दष्टया अधेड़ की मौत करंट लगने से हुई प्रतीत हो रही थी। मृतक की पत्नी ने गांव के ही दो नामजद व तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी मंगल सिंह कुशवाहा (45) पुत्र रामसिंह अपने घर में अकेला ही रहता था। पत्नी गीता व तीन बच्चे कौशांबी में रहकर पानी पूरी का काम करते थे। 20 अगस्त 2024 में दो तीन दिन से गांव में रह रहे मंगल सिंह के घर के दरवाजे नहीं खुले थे। जब उनके घर से बदबू आ रही थी। बदबू आने पर जब ग्रामीणों ने आवाज दी तो दरवाजा नहीं खुला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। तत्कालीन कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे और दरवाजे को तोड़कर जब अंदर पहुंचे तो मंगल सिंह का शव बिजली के बोर्ड के पास फर्श पर पड़ा हुआ था। उसके हाथ में एक तार भी चिपका हुआ था। जिससे प्रथम द्दष्टया उसकी मौत बिजली का करंट लगने से प्रतीत हो रही थी। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मंगल सिंह ग्रामीणों के साथ ज्यादा उठता बैठता नहीं था। घर में अकेला ही रहता था। पत्नी और बच्चे बाहर रहकर पानी पूरी का काम करते हैं। दो तीन दिन से दरवाजा न खुलने पर लगा था कि वह कहीं बाहर गया है। लेकिन जब सुबह घर से बदबू उठी तो अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस मामले में मृतक की पत्नी गीता देवी ने गांव के ही राधारमण व प्रह्लाद निवासीगण धंतोली एवं तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ पति की हत्या करने और उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके पास बिजली के तार रखने का आरोप लगाया था। पुलिस व एसपी के यहां सुनवाई न होने पर मृतक की पत्नी ने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## तीन पर शांतिभंग की हुई कार्यवाही

**जालौन/उरई, 12 मई (तरूणमित्र)।** रंगबाजी को लेकर तीन युवकों में झगड़ा हो गया। आपस में झगड़ा कर तीनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा में रंगबाजी को लेकर तीन युवकों में गाली-गलौज के बाद मारपीट होने लगी। आपस में झगड़ा कर युवकों को देख किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पर कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने आदेश कुमार एवं सोनू व शिवम निवासीगण हरीपुरा को पकड़ लिया है। आपस में झगड़ा कर रहे तीनो के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की गई है।

# शासन के दूत ने देखी नाला सफाई की हकीकत

अलीगढ़, 12 मई (तरूणमित्र)। शासन द्वारा विशेष सचिव नगर विकास विभाग, उ० प्र० शासन, सत्य प्रकाश पटेल द्वारा आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्रदेश के नगरीय निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं नाला-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था किये जाने हेतु जनपद एटा, कासगंज, अलीगढ़ एवं हाथरस में स्थलीय निरीक्षण के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोमवार सुबह अलीगढ़ नगर निगम में पूर्व में रहे नगर आयुक्त व वर्तमान विशेष सचिव नगर विकास सत्य प्रकाश पटेल ने शहर के क्वार्सी बाईपास, जाफरी ड्रेन, सिंधौली बाईपास, पीएसी, देवसैनी, धनीपुर, बीज गोदाम के बरावर रॉयल सिटी ओजोन सिटी, एटा चुंगी, रावणटीला पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में शासन के दूत विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल ने जाफरी ड्रेन की सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए ठेकेदार की पोकलैंडमशीनों की संख्या को बढ़ाये जाने नगर निगम के पास उपलब्ध अपनी पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल भी अन्य नालों पर किया जाए ताकि मानसून से पहले सभी नाले पूर्ण रूप से साफ हो सके।

धनीपुर क्षेत्र में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत बीज गोदाम के बराबर रॉयल सिटी में बनाई गई सीसी सड़क का निरीक्षण भी विशेष सचिव ने किया यहां पर निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत गरीब और अल्प विकसित एरिया की सड़कों को इस योजना के अंतर्गत दिए जाने के निर्देश दिए साथ ही साथ यहां बनाई गई



सीसी सड़क के यू टर्न को ठीक करने के लिए कहा।

विशेष सचिव नगर विकास ने रावण टीला सुरेन्द्रनगर स्थित सीवर पंपिंग स्टेशन और रावण टीला पानी की टंकी, नलकूप का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने सभी नलकूप पर नियमित रूप से क्लोरिनेशन की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। रावण टीला पानी की टंकी नलकूप पर पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन होती हुई पाई गई मौके पर उन्होंने ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की किल्लत को देखते हुए पेयजल की मोटरों को स्टैंड बाय व रिजर्व में रखने के निर्देश दिए। विशेष सचिव नगर विकास. आगरा रोड पर बनाये गए नए सीवर पम्पिंग हाउस का निरीक्षण किया । विशेष सचिव ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए सीवर पंपिंग स्टेशन निर्माण होने पर नाले नालियों के पानी के साथ साथ वर्षा में जलभराव के पानी को भी पंप आउट करने की व्यवस्था को ध्यान में रखा जाए। अलीगढ़ में निरीक्षण पर आए विशेष सचिव नगर विकास सत्य प्रकाश पटेल ने नगर आयुक्त के रूप में उस समय अलीगढ़ की छोटी मोटी समस्याओं के अब निदान होने और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ में हुए विकास को देखकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा अब अलीगढ़ विकास व बदलाव की दिशा में अग्रसर हो रहा है। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार, पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा आदि थे।

## दो लुटेरे गिरफ्तार

अलीगढ़, 12 मई (तरूणमित्र)। जनपद में चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम व तलाश वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी प्रथम के पर्यवेक्षण व कुशल नेतृत्व में स्वॉट नगर व थाना सासनीगेट पुलिस द्वारा अभियुक्त जीशान उर्फ हुसा पुत्र मोहम्मद ताज उर्फ ताजुद्दीन निवासी जंगलगढी एडीए कालोनी शान्ति निकेतन थाना देहली गेट जनपद अलीगढ व सोहैल उर्फ पापी पुत्र सलीम निवासी मस्जिद मसूदा नगर शाहजमाल थाना देहली गेट जनपद अलीगढ को छीने हुए दो मोबाइल व छिनैती मे प्रयुक्त की गयी मोटर साईकिल पल्सर काली रंग 180 सीसी, 2100 रुपए नगद, एक यूको बैंक एटीएम कार्ड, लाल काला पिट्ठू बैग व एक काला पर्स के साथ गिरफ्तार किया।

## सड़क हादसे में किसान की मौत

**भूसा बेच कर लौटते समय ट्रेक्टर ट्राली में ट्रक ने मारी टक्कर**

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। किसान ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा भर कर बेचने के लिए घर से निकला था। वह भूसा बचे चुका था और ट्रेक्टर ट्राली को लेकर घर वापस लौट रहा था। इसी बीच थाना जैंत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक ने पीछे से ट्रेक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में 50 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान अजनौठी गांव निवासी रामदत्त के रूप में हुई है।

घटना रविवार शाम की है। रामदत्त अपने साथी नारायण के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में भूसा बेचकर गांव लौट रहे थे। जैंत के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में रामदत्त और नारायण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। रामदत्त की हालत गंभीर देखते हुए परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। मृतक के भतीजे महावीर ने बताया कि गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उनके चाचा की मृत्यु हो गई। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी अश्विनी के अनुसार, मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार के राज्यपाल के नाम सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। तथागत गौतम बुद्ध के आविर्भाव दिवस, बौद्धोत्सव, महापरिनिर्वाण (त्रिविध) दिवस पर समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति मथुरा के तत्वावधान में अजय सनवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान मांग की गई कि बोधगया महाविहार पर बौद्धों का स्थाई रूप से अधिकार तय किया जाए। सात सूत्रीय खुला मांग पत्र राज्यपाल बिहार एवं मुख्यमंत्री बिहार के नाम उपजिलाधिकारी डा. कंचन गुप्ता को सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान हाथों में बोधगया



मुक्ति बोधगया बचाओ अनुच्छेद 25 का पालन करने की मांग के स्लोगन लिखी तख्ती लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश सैनी एवं महासचिव नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार सरकार बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त करें और महाबोधि विहार को अन्य धर्म के अनुयायी की बात अनुच्छेद 25 का पालन करते हुए बौद्धों को महाबोधि विहार का अधिकार सौंपा जाए। लुकेश कुमार राही ने कहा देश कि राज्य एवं केंद्र सरकार धार्मिक आजादी का उल्लंघन करवा रही है और सांप्रदायिक ताकतों को संरक्षण कर रही है। आंदोलन जारी रहेगा देश विदेश में महाबोध बिहार की मुक्ति के लिए आंदोलन किया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान धनीराम बाबा प्रधान, बृजलाल कामरेड, नरेश चौधरी, हरेंद्र कुमार बंटी, उमेश पाल बौद्ध, एसएन भारती, नरेश, बैजू वाल्मीकि, आकाश बाबू, राजू, पुष्पेंद्र शुक्ला, इंजी गौरव कुमार, एड विवेक कुमार, राज गब्बर, विजय कुमार, गोलू, हीरा चक्रवर्ती, राहुल सैनी, मुकेश सैनी अन्य लोग मौजूद रहे।

## 350 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र) ।कोसीकलां पुलिस ने एक अभियुक्त को 350 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। थाना कोसीकलां पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अनाज मण्डी से भातू कालोनी में जान वाले रास्ते के कट से करीब 30 कदम मण्डी की तरफ से एक अभियुक्त आकाश पुत्र भोला निवासी बामनीखेड़ा थाना सदर कोतवाली जिला पलवल हरियाणा उम्र करीब 22 वर्ष को 350 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर थाना कोसीकलां पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# कैंट विधायक ने किया बेगमबाग में स्मैक टीटी एकेडमी का शुभारंभ

मेरठ, 12 मई (तरूणमित्र)। बेगम बाग में स्मैक टीटी एकेडमी का शुभारंभ कैंट विधायक अमित अग्रवाल और स्टैक ग्लोबल के चेयरमैन विवेक कोहली ने संयुक्त रूप से किया। एकेडमी के ऑनर वैभव लूथरा ने बताया कि यह मेरठ शहर के खिलाडियों के लिए एक अच्छा अवसर है जो टैबिल टेनिस का अभ्यास कर सकेंगे।

साथ ही रोबोटिक टेबिल से प्रेक्टिस कर अपने शहर का नाम रोशन करेंगे। एकेडमी के कोच श्री हर्षित देशावर ने बच्चो को टिप्स बताए। इसी दौरान नेशनल खिलाडी कार्तिकेय जोशी ने बताया कि इस गेम में बॉल पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। वही केवल लूथरा जी एके-



डमी के सभी सदस्यों को बधाई दी।

कार्यक्म में रजेश अरोरा, दुश्यंत चौधरी, राहुल गायेल, दीलीप शर्मा, पंकज अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, नवीन सिंघल, तरूण तुषार जैन, यमंयक जैन, राजेश भाटिया आदि रहे।

# दाऊजी नगर पालिका की गौशाला का किया निरीक्षण



मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार रमाकांत उपाध्याय द्वारा बलदेव स्थित जाटौरा गौशाला तथा नगर पंचायत दाऊजी नगर पालिका गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौवंशों की देखभाल, चारा, पानी आदि की उपलब्धता का अवलोकन किया। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था एवं गौ आश्रय स्थल की संरचना का गहन जायज लिया। गौवंशो की संख्या, भूसा, हरा चारा, सीसीटीवी कैमरे, ईयर टैगिंग, लाइटिंग, पानी, शेड, गर्मी से बचाव आदि की जानकारी ली। तत्पश्चात गौ पूजन किया। उन्होंने नियमित पशुओं की जांच के निर्देश दिए गए।

## चोरी के तीन मोबाइल के साथ तीन युवक पकड़े

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। थाना वृन्दावन पुलिस ने तीन अभियुक्तों को तीन चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। थाना वृन्दावन पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान रंगीजी कुंज की सीढियों से अंदर जाने वाली गली में करीब 20 मीटर आगे गली से बीरू निषाद पुत्र खजान सिंह निवासी निषाद मौहल्ला शेरगढ थाना शेरगढ जिला मथुरा, दीपक पुत्र भागीरथ निवासी बदरपुर शिव मंदिर वाली गली थाना बदरपुर जिला दक्षिणी पूर्वी दिल्ली तथा राहुल पुत्र भूदेव निवासी गांव बाद थाना रिफाइनरी जिला मथुरा को तीन चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# सीएमओ ने प्रशिक्षुओं को नि :शुल्क टैबलेट बाटे

मैनपुरी, 12 मई (तरूणमित्र)। दएएनएम प्रशिक्षण केंद्र पर फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमान डॉक्टर आरसी गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी मैनपुरी द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ विनय कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य ए एनएमटीसी श्रीमती सुमन कुमारी द्वारा ए एन एम द्वितीय वर्ष की छात्राओं को डीजी शक्ति स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण कार्यक्रम



के तहत निःशुल्क टैबलेट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय मैनपुरी डॉ.मदन लाल सिंह, मेट्रन जिला पुरुष चिकित्सालय श्रीमती रामश्री माथुर एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रविंद्र सिंह गौर एवं समस्त शिक्षक गण हिमांशी यादव, संजू कुमार, योगेंद्र नागरवाल, पूजा कुशवाह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम वर्ष की छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह भी किया गया।

## ज्येष्ठ का पहला बड़ा मंगल आज, रामनगरी में उमड़ेगी भीड़

अयोध्या, 12 मई (तरूणमित्र)। ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल मंगलवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के साथ-साथ नगर को घाट जोन, नागेश्वरनाथ मंदिर जोन, हनुमानगढ़ी जोन, कनक भवन जोन और यातायात जोन में बांटकर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ की गई हैं। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए रिकाबगंज हनुमानगढ़ी, सहादतगंज हनुमानगढ़ी और नाका हनुमानगढ़ी पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। हर मंगलवार की तरह इस बार भी विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा भंडारे और शरबत वितरण का आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर सभी आयोजन स्थलों पर सुरक्षा के लिए अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था भी की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पेज 1 का शेष...

### अफवाह वीरों से सख़्ती...

अफवाहों पर काबू पाने के लिए एलआईयू की भूमिका अहम मानी जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर यकीन न करें और कोई संदिग्ध जानकारी दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उप्र पुलिस ने फर्जी खबरों से निपटने के लिए इंटेलिजेंस ब्यूरो के साथ तालमेल मजबूत किया है। इसके लिए तेजतर्रार एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई है, जो लगातार आईबी के संपर्क में रहकर सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रही है। इस टीम का काम यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी जिले में कोई भी अफवाह फैलने से पहले ही उसकी सूचना पुलिस तक पहुंचे। इसके बाद जिले की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट जाती है। पुलिस और प्रशासन ने साफ कहा है कि जो लोग अफवाह फैलाकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें और किसी भी भ्रामक वीडियो या खबर को आगे न बढ़ाएं।

### सीमा पर तनाव के बीच...

जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को खेल परिषद के ईमेल पर भेजे गए एक मेल में लिखा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अगला निशाना एसएमएस स्टेडियम है। इस मेल को देखकर कर्मचारी दहशत में आ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बम निरोधक दस्ते, क्यूआरटी और अन्य सुरक्षा टीमें मौके पर पहुंचीं और स्टेडियम के भीतर और आसपास की गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। स्टेडियम को पूरी तरह सील कर दिया गया है। जोधपुर, बीकानेर और किशनगढ़ (अजमेर) एयरपोर्ट को सोमवार से फिर से शुरू कर दिया गया है। बीकानेर से सोमवार को कोई फ्लाइट नहीं थी, लेकिन मंगलवार से उड़ानें शुरू होने की उम्मीद है। किशनगढ़ एयरपोर्ट के डायरेक्टर बीएल मीणा ने बताया कि 15 मई सुबह 5:29 बजे तक देश के 32 एयरपोर्ट्स पर उड़ानें स्थगित करने का आदेश था, जिसे अब वापस ले लिया गया है। हालांकि यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति एयरलाइन से कन्फर्म करें, क्योंकि संचालन फिर से शुरू हो रहा है।

### सेना ने फिर दिखाया...

अब निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम तक पाप का यह घड़ा भर चुका था। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां पूरी तरह से सक्रिय हैं और किसी भी भविष्य की चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत वायुसेना द्वारा भेदे गए लक्ष्यों की समग्र तस्वीर भी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारतीय हवाई रक्षा प्रणाली ने उत्कृष्ट लचीलापन दिखाया। परत-दर-परत रक्षा प्रणाली के तहत प्वाइंट सुरक्षा से लेकर क्षेत्रीय सुरक्षा तक के हथियारों का प्रभावी इस्तेमाल हुआ। कई प्रकार के ड्रोन और यूसीएवी को निष्क्रिय किया गया। पुराने सिस्टम जैसे पेचोरा, ओसा-एके और एलएलएडी गनों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, वहीं स्वदेशी आकाश प्रणाली की भूमिका उल्लेखनीय रही। सेना ने तस्वीरों के साथ दिखाया कि पाकिस्तान की ओर से उपयोग की गई विदेशी हथियारों का भारत में क्या हाल हुआ है। पाकिस्तान के हमले में प्रयोग की गई चीनी पीएल-15 एयर टू एयर मिसाइल और लम्बी दूरी के रॉकेटों के मलबे को बरामद किया गया है।

इसके साथ ही तुर्किये मूल के यीहा और सोनगार ड्रोन भी भारत ने मार गिराए। एयर मार्शल ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा भेजे गए कई ड्रोन और यूसीएवी को भारत के सॉफ्ट और हार्ड किल काउंटर-यूएएस सिस्टम और प्रशिक्षित वायु रक्षा दलों ने नाकाम किया। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि भारत के एयरफील्ड और लॉजिस्टिक नेटवर्क को निशाना बनाना बेहद कठिन है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की प्रसिद्ध कहावत का उदाहरण देते हुए कहा ऐशेज टू ऐशेज, डस्ट टू डस्ट, इफ थॉम्मो डॉन्ट गेट या, लिल्ली मस्ट। (राख से राख, धूल से धूल, अगर थॉमो तुम्हें नहीं पकड़ता है, तो लिली जरूर पकड़ेगी।) और बताया कि भारत की बहु-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली में कोई भी परत विरोधी को रोक सकती है। वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने बताया कि नौसेना लगातार बहु-सेंसर और इंटेलिजेंस इनपुट्स की मदद से निगरानी कर रही है। सभी संभावित खतरों चाहे वे ड्रोन हों, मिसाइल हों या फाइटर व सर्विलांस एयरक्राफ्ट के खिलाफ समग्र और प्रभावशाली लेयर्ड फ्लीट एयर डिफेंस प्रणाली तैयार है। उन्होंने अंत में यह भी कहा कि भारतीय रक्षा प्रणालियों को खड़ा करने और सशक्त बनाने में पिछले एक दशक में मिले बजटीय और नीतिगत समर्थन की अहम भूमिका रही है। उन्होंने देश के राजनीतिक नेतृत्व और देश की जनता से मिले समर्थन का आभार प्रगट किया।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा...

लौटते समय बलौदाबाजार रोड पर सारागांव के पास रायपुर-माजदा वाहन की पहले ट्रेलर से टक्कर हुई। ट्रेलर में लोहे का स्ट्रक्चर था, जो दोनों ओर से तीन-तीन फीट बाहर निकला हुआ था। लोहे के उन स्ट्रक्चर से माजदा वाहन का डाला टकराया, जिससे सबसे अधिक हानि हुई। इसके बाद माजदा डंपर से टकराई। घटना में गैर इरादतन हत्या के तहत दर्ज प्रकरण दर्ज होगा। तीनों वाहनों के चालकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, एसपी और कलेक्टर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

### घर में दंपती व दो बेटियों...

सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाए। महिला और बच्चियों के शरीर पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। आशंका है कि गला दबाकर हत्या की गई है। शक है कि अमित ने ही पहले पत्नी और दोनों बच्चियों की हत्या की और फिर खुद आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक अमित के भाई अजीत ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि वर्ष 2022 में गीता के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने दुष्कर्म किया था। इसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। मुकदमे में लगातार सुलह का दबाव बनाया जा रहा था। 27 मई को कोर्ट में तारीख भी थी। हालांकि, अभी परिजनों ने किसी पर सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। शवों को पोस्टमार्टम भेजकर रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिवार के अन्य सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### योगी सरकार ने यूपी से...

करने वाले 11 स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट कर सलाखों के पीछे धकेला है। वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध, अपराधियों, आतंकवादी संगठनों के स्लीपिंग मॉड्यूल, टेरर फंडिंग, विदेशी घुसपैठ पर करारा प्रहार करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने कहा था कि उत्तर प्रदेश की धरती पर न तो आतंक और न ही देशविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को बर्दाश्त किया जाएगा। योगी सरकार की प्राथमिकता में शुरू से ही प्रदेश को सुरक्षा और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाना रहा है। यही वजह है कि एटीएस (उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड) ने पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर आतंकी संगठनों के स्लीपिंग मॉड्यूल पर कहर बरपाना शुरू कर दिया। एटीएस ने आधुनिक उपकरणों और अपनी इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर आतंकवादी संगठनों के एक-एक स्लीपिंग मॉड्यूल को खोजना शुरू कर दिया। पिछले आठ वर्षों में एटीएस ने आतंकवादी संगठनों के 131 स्लीपिंग माड्यूल पर शिकंजा कसते हुए काल कोठरी के पीछे धकेला। यह आतंकवादी संगठन को पनाह देने के साथ गोपनीय सूचनाएं भेजते थे जबकि एक आतंकवादी को मुठभेड़ में ढेर किया।

## नशीला पदार्थ के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अलीगढ़, 12 मई (तरूणमित्र)। जनपद में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महुआखेडा पुलिस टीम ने एक अभियुक्त सोनू चौधरी उर्फ पड्डा पुत्र बोली चौधरी स्थाई पता ग्राम सतू खेड़ा थाना खेर जनपद अलीगढ हाल पता सेंट जन्स स्कूल के बराबर वाली गली नम्बर 2, आरएएफ रोड थाना महुआखेड़ा जनपद अलीगढ को एक किलो सौ ग्राम नशीला पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि यह गांजा खरीद कर पुडिये बनाकर ट्रक व टेम्पू चालकों को बेचकर अपना खर्चा चलाता हैं।

# एटीएम बदल कर पैसे निकालने वाला शातिर गिरफ्तार

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। थाना छाता पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपये निकालने के वांछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बरसाना चौराहा अन्डर पास से एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले अभियुक्त कृष्ण पुत्र गंगालाल निवासी वडराम थाना चांदहट जनपद पलवल राज्य हरियाणा उम्र करीब 34 वर्ष को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त थाना छाता पर पंजीकृत अभियोग में वाछिंत था। थाना छाता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर 10 मई को कस्बा छाता में कैनरा बैंक के एटीएम से सीधे साधे लोगों का एटीएम बदलकर रुपये निकालने की घटना कारित की गयी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ थ्हाा।

घटना कारित करने के बाद अभियुक्त अपने साथियो के साथ भाग गया था। प्रभारी निरीक्ष थाना छाता विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में हरियाणा में एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित के आपराधिक मामले खंगाले जा रहे हैं।

## जागरूकता सेमिनार का आयोजन

अलीगढ़, 12 मई (तरूणमित्र)। सोमवार को थाना साइबर क्राइम, महिला एवं बाल सुरक्षा संरक्षण इकाई, नारकोटिक सैल व साइबर सैल द्वारा प्रोजेक्ट उम्मीद फाउंडेशन के सहयोग से अलबरकात पब्लिक स्कूल में जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया। जिसमें ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम आयोजन कर महिलाओं व बालिकाओं एवं आमजन को ऑपरेशन जागृति के मुख्य 06 बिन्दुओं के प्रभाव एवं बचाव की विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ सदस्य मौ0 नासिर अली, साइबर सेल से उपनिरीक्षक श्रीमती कुसुमलता तथा उपनिरीक्षक अमित कुमार, प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी निरीक्षक सरिता सिंह, उपनिरीक्षक शिखा त्यागी, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, आरक्षी सचिन कुमार, आ0 कमल खाटियान, आ0 विशेष कुमार, आ0 राहुल सैनी, म0आ0 अलका शर्मा, मोनिका व संध्या उपस्थित रहे।

# भाकियू सुनील ने समस्याओं को लेकर होली गेट पर किया प्रदर्शन

मथुरा, 12 मई (तरूणमित्र)। आज भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने मथुरा महानगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग के लिए मथुरा महानगर के होली गेट चौराहे पर मथुरा वृंदावन नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त शशांक चौधरी के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन मथुरा शहर कोतवाल देवपाल पुडीर को होली गेट चौराहे पर सोंपा।



ज्ञापन में मांग की गई की चौबिया पाडे के फटे मकानों की जांच, हंसराज कॉलोनी का रोड बनाने, वार्ड नंबर 12 पुष्प विहार कॉलोनी में सफाई कराने, मथुरा महानगर की जनता को गर्मी में पीने का मीठा पानी देने की मांग की गई। प्रदर्शन में यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एडवोकेट, प्रदेश प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव, किसान नेता प्रयागनाथ चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सचिव एसके सारस्वत, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन श्याम पाठक, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल शामिल थे। कल 13 मई को पूर्वाह्न11रू00 बजे मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर यूनियन के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# जेठ मंगलः लक्ष्मणनगरी में दिखेगा भंडारे-भक्ति का अटूट संगम



● 13 मई, 20 मई, 27 मई, तीन जून व 10 जून को पड़ेगा जेठ मंगल
● 24 घंटे पूर्व नगर निगम कंट्रोल रूम को दें सूचना, करायें रजिस्ट्रेशन

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। ज्येष्ठ यानी जेठ माह के मंगलवार को पहला बड़ा मंगल पड़ रहा है जिसे आम जनमानस बुढ़वा मंगल भी कहते हैं। लोक मान्यता है कि इस भीषण गर्मी के माह में ये जो जेठ मंगल पर्व पड़ता है, उसका आयोजन केवल लखनऊ में ही होता है जोकि अब शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भी होने लगा है। इसको लेकर शहर के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों खासकर हनुमान सेतु, बड़े हनुमान जी अलीगंज सहित अन्य मंदिरों में साफ सफाई और रंगरोगन और फूल सज्जा का काम अपने अंतिम स्थिति में है। हनुमान भक्तों का रेला सुबह से ही मंदिरों के पास लग जाता है और भक्तजन उन्हें भोग अर्पित करने के साथ लाल लंगोट, सिंदूर, चमेली के तेल, फूल, माला आदि चढ़ाते हैं। जबकि कई लोग व्यक्तिगत तो कई सामाजिक व नागरिक संगठन मिलजुलकर जेठ मंगल के दिन भंडारे का आयोजन करते हैं। इस बार बड़ा मंगल पर्व विशेष होने जा रहा है क्योंकि मई-जून के बीच कुल पांच बड़े मंगलवार पड़ रहे है जोकि 13 मई से शुरू होते हुए 20 मई, 27 मई, तीन जून व 10 जून होकर 10 जून तक चलेंगे।

## 348 भंडारे रजिस्टर्ड, टोल फ्री नंबर बनेगा मददगार



लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। शहर में बड़े मंगल के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और जगह-जगह भंडारों के आयोजन को देखते हुए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव ने सोमवार को कई प्राचीन हनुमान मंदिरों का दौरा किया। इस निरीक्षण के दौरान जोन तीन के जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर संचिता मिश्रा और प्रमोद गौतम और कंट्रोल रूम टीम लीडर सुबोध भी मौजूद रहे। गुलाचीन मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर और छोटे हनुमान मंदिर का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर नालियों में सिल्ट और कचरे की सफाई ठीक से नहीं हुई थी, जिस पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य तुरंत पूरा कराया जाए। अब तक शहर के आठों जोन में कुल 348 भंडारों के आयोजन के लिए कॉल सेंटर और लखनऊ वन ऐप के जरिए रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। रजिस्टर किए गए भंडारों में जोन एक में 44 ,जोन दो में 19 , जोन तीन 58 जोन चार में 63 जोन पांच में 14 जोन छह में 26 जोन सात में 73 जोन आठ में 51 शामिल है। इस दौरान नगर निगम की टीम हर जोन में तैयार रहेगी, ताकि भंडारे वाले स्थानों पर साफ-सफाई, कूड़ा उठान और पेयजल की व्यवस्था समय से हो सके। नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर कॉल करके या लखनऊ वन ऐप के माध्यम से अब भी लोग अपने भंडारे रजिस्टर कर सकते हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लोगों से अपील की है कि भंडारे की जानकारी कम से कम 24 घंटे पहले दें, जिससे नगर निगम की टीम आयोजन स्थल पर समय से पहुंचकर साफ-सफाई की व्यवस्था कर सके। इन क्षेत्रों में भंडारे की सूचना टोल फ्री नंबर 180012349999 पर दी जा सकती है। जोन 2, 5 और 8 में लायन इनवायरो सफाई की व्यवस्था संभालेगा। यहां के आयोजक टोल फ्री नंबर 18002026172 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं।

# पराली जलाने से आग का हुआ विकराल रूप, आठ घर जलकर राख



● पूर्व प्रधान पर पराली जलाने का आरोप, इटौंजा क्षेत्र का मामला

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। इटौंजा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर पराली जलाने से भीषण आग लग गई। गांव के पूर्व प्रधान बृजेश सिंह और उनके भाई शेरू द्वारा गेहूं की पराली जलाने से यह हादसा हुआ।

पराली से आग पास के बांस के पेड़ों तक पहुंच गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और गांव तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया और बीकेटी फायर कंट्रोल को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कोई भी राजस्व कर्मी, तहसील अधिकारी या लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचे। आग में 8 घर जल गए। राज किशलेई को सबसे अधिक साढ़े चार लाख रुपए का नुकसान हुआ। छुटकन का 3 लाख रुपए का घरेलू सामान जला। संदीप का ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ। जगदीश और कीढा प्रसाद का डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ। शिवकुमार और पुत्तू का एक-एक लाख रुपए का नुकसान हुआ। रामपाल को भी डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले साल भी पूर्व प्रधान ने ऐसा ही किया था। तब ग्रामीणों की सतर्कता से आग पर जल्द काबू पा लिया गया था। इस बार पीड़ित परिवारों के पास सिर्फ तन के कपड़े बचे हैं और खाने के लिए अनाज भी नहीं बचा है।

## वरिष्ठ पत्रकार के विक्रम राव का निधन



लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के विक्रम राव का सोमवार सुबह 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर सुबह नौ बजे दर्शन के लिए यूपी प्रेस क्लब में रखा जाएगा। अंत्येष्टि सुबह दस बजे भैंसाकुंड में होगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल राम नाइक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, यूपी सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सपा नेता शिवपाल सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं सहित यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी , मंडलीय अध्यक्ष शिवशरण सिंह तथा यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने संगठनों की ओर से स्व. राव के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



रविवार रात्रि 10 बजकर बीस मिनट के बाद से पॉलीटेक्निक चौराहे पर रॉंग साइड दौड़ रहे वाहन यातयात सिपाही नदारद चौकी पर लगा ताला जबकि सेकेण्ड टाइम ड्यूटी रात्रि 11 बजे तक है। छाया : तरूणमित्र

# स्वच्छता में लापरवाही पर दो संस्थाओं पर जुर्माना



लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। नगर निगम जोन छह में सोमवार सुबह 7 बजे जोनल अधिकारी जोन सात ने वार्ड कन्हैया माधोपुर द्वितीय का निरीक्षण किया। इस दौरान आदर्श नगर के मोहल्लों में घर-घर जाकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और नालियों की सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि लखनऊ स्वच्छता अभियान की टीम सभी घरों से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठा रही है। इसके कारण लोग घरों के बाहर कूड़ा फेंकने पर मजबूर हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए मौके पर ही जोनल मैनेजर को बुलाया गया और सात दिन के अंदर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, क्षेत्र में कार्यरत एजेंसी ₹वर्षा एंटरप्राइजेज₹ को भी कई बार चेतावनी देने के बावजूद कोई सुधार नहीं दिखा। इस कारण संस्था पर पच्चीस हजार का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संस्था के सुपरवाइजर का 15 दिनों का वेतन भी काटने का आदेश दिया गया है। हैदरगंज प्रथम का भी निरीक्षण किया गया। वहां पर समय पर नालियों की सफाई नहीं हुई थी और जगह-जगह कूड़ा पड़ा मिला। इस पर वहां कार्यरत संस्था ₹एफबी ट्रेड₹ पर भी पच्चीस हजार का जुमार्ना लगाया गया है। इस संस्था के सुपरवाइजर का भी 15 दिनों का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है।

## लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को नोटिस

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कड़ा रुख अपना लिया है। अब नगर निगम में रोज सुबह सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर और सुपरवाइजर की ड्यूटी की लाइव मॉनिटरिंग हो रही है। इसके लिए एक खास सिस्टम बनाया गया है जिसमें महीने के अलग-अलग दिनों में अपर नगर आयुक्तों को रोस्टर के हिसाब से मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इस अभियान की शुरूआत 7 मई से हुई है, जिसमें एक कंट्रोल रूम स्थापित करके वीडियो कॉल/जूम ऐप के जरिए मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कार्य में अपर नगर आयुक्त ऑनलाइन मीटिंग कर रहे हैं और हर जोन के ज़िम्मेदारों से सीधे रिपोर्ट ले रहे हैं। मॉनिटरिंग के दौरान बीते दिनों में यह पाया गया कि कई एसएफआई और सुपरवाइजर सुबह फील्ड पर मौजूद ही नहीं थे। यह सीधे तौर पर लापरवाही का मामला है। इस पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त महोदय ने सोमवार को विभिन्न जोन के आठ एसएफआई और 73 सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस भेजने का आदेश दिया है। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अगर जांच में गलती पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निजीकरण का विफल प्रयोग उप्र पर न थोपा जाये

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल और शीर्ष प्रबन्धन के साथ सोमवार को हुई लम्बी वार्ता में संघर्ष समिति ने एक घण्टे से अधिक के पीपीटी प्रेजेन्टेशन द्वारा यह बताया कि निजीकरण का प्रयोग आगरा,ग्रेटर नोएडा और उड़ीसा में पूरी तरफ विफल हो चुका है। अतः निजीकरण के इस विफल प्रयोग को उप्र की गरीब जनता पर न थोपा जाये।

संघर्ष समिति ने कहा कि 06 अक्टूबर 2020 को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा के साथ हुए समझौते का पालन करते हुए बिजली कर्मियों को विश्वास में लेकर विद्युत वितरण निगमों की मौजूदा व्यवस्था में ही सुधार कार्यक्रम चलाये जायें। इस के लिए संघर्ष समिति ने वित्त मंत्री के सामने रखे गये सुधार प्रस्ताव को प्रबन्धन को देते हुए कहा कि निजीकरण का निर्णय वापस लेकर इस प्रस्ताव पर प्रबन्धन को तत्काल आगे वार्ता शुरू करनी चाहिए। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि वार्ता का समुचित वातावरण बनाने के लिए आन्दोलन के कारण की गयी समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस ली जायें। समिति ने कहा कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वार्ता के दौरान संघर्ष समिति द्वारा दिये गये सुधार प्रस्ताव की सराहना करते हुए यह निर्देश दिया था कि संघर्ष समिति के साथ प्रस्ताव पर वार्ता कर सुधार के लिए उनका सहयोग लिया जाये।

मुख्य सचिव आर के तिवारी ने भी संघर्ष समिति के प्रस्ताव की प्रशंसा की थी। अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है कि आज तक उसके बाद एक बार भी सुधार प्रस्ताव पर वार्ता नहीं की गयी और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का एकतरफा निर्णय थोप दिया गया जो बिजली कर्मियों को कदापि स्वीकार नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रबन्धन सुधार प्रस्ताव पर बिजली कर्मियों का सहयोग लेकर सुधार करें और निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाये।

# नर्सिंग स्टाफ को फ्लोरेंस नाइटिंग की जीवनी से किया प्रेरित




● लोहिया संस्थान में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। फ्लोरेंस नाइटिंगेल जिन्हें आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक के रूप में जाना जाता है के सम्मान में उनके जन्मदिन पर अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह का शुभारम्भ मनोहर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान नर्सिंग अधिकारियों को अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की बधाई देते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोगियों के प्रति नर्सिंग कार्यो की प्रशांसा की गई। इस वर्ष की थीम 'हमारी नर्से हमारा भविष्य' नर्सो की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नर्सिंग अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गयी। संस्थान की मुख्य नर्सिंग अधिकारी, सुमन सिंह ने बताया कि संगीत कई अलग-अलग शैलियों का एक सहयोग है जिसका उद्देश्य सार्वभौमिकता का संचार करना और व्यक्तियों, जोड़ों, परिवारों, समूहों और समुदाय के लिए उपचार लाना है। संगीत कई मायनों में सेहत को फायदा पहुचा सकता है खासतौर पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए संगीत सुनना एक अच्छी थेरेपी मानी जाती है। प्रो डा. सीएम सिंह द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंग के जीवनी पर संक्षिप्त विवरण देते हुए मरीजों के देख-भाल में नर्सिंग के उत्तरदायित्वों को समझाया। इन्होने नर्सिंग स्टाफ को फ्लोरेंस नाइटिंग के जीवनी से प्रेरणा के लिए प्रेरित किया साथ ही इनके अच्छे कार्य की सराहना किया इन्होने बताया कि अपने संस्थान के रोगियों के साथ हमें दूसरे चिकित्सा संस्थानों से उच्च दर्जे का व्यवहार स्थापित करना है। इन्होनें अपने अभिव्यक्ति में बताया की नर्सिंग प्रोफेशन मरीजों के प्रति करूणा एवं प्रेम से जुड़ी एक कड़ी है।

चिकित्सा अधीक्षक प्रो विक्रम सिंह ने बधाई देते हुए बताया कि प्रत्येक भारतीय को नर्सिंग स्टाफ का सम्मान करना चाहिए। नर्सिंग संवर्ग को अपने मरीजों के देख-रेख में गुणवत्ता बनाये रखना है। इन्होने सुझाव दिया कि अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की भॉति राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस को मनाये जाने की आवश्यकता है। सीनियर नर्सिंग स्टाफ को अपने से जूनियर नर्सिंग स्टाफ को मरीजों के देख-रेख सम्बन्धित समय-समय पर उचित सुझाव देना चाहिए। इस अवसर पर इन्होंने बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए बताया की जिस प्रकार महात्मा बुद्ध ने निस्वार्थ दूसरों की सेवा के प्रति अपना जीवन समर्पण कर दिया उसी प्रकार हम सभी ने रोगियों के प्रति निस्वार्थ भावना के साथ देखभाल करते रहना चाहिए।

जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं संस्थान के अन्य सम्मानित फैकल्टी सदस्य,मुख्य नर्सिंग अधिकारी व सर्मपण नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल, डॉ. दीप्ती शुक्ला तथा संस्थान में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी विभागों का राजस्व न मिलना गैप का मुख्य कारण: केके

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। पावर कारपोरेशन की ओर से के के सिंह अखिलेश द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट को पूरी तरह भ्रामक बताते हुए संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि आज वार्ता के दौरान समिति ने एवरेज कॉस्ट आफ सप्लाई और एवरेज रिवेन्यू रिलाइजेशन के बीच के गैप पर विस्तार से प्रेजेंटेशन किया था और प्रमाणित कर दिया था की महंगी बिजली खरीद और सरकारी विभागों का राजस्व न मिलना इस गैप का मुख्य कारण है। संघर्ष समिति के प्रेजेंटेशन पर प्रबन्धन की ओर से कोई खंडन नहीं किया गया। बाद में केके सिंह अखिलेश द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में जो भी आंकड़े बताए गए हैं उनकी कोई चर्चा पूरी वार्ता के दौरान प्रबंधन की ओर से हुई ही नहीं। जब एसीएस और एआरआर के गैप पर संघर्ष समिति ने अपनी बात रखी तब तो कुछ नहीं कहा गया। समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन की ओर से जारी प्रेस नोट का बिन्दु वार उत्तर कल प्रबंधन को भेज दिया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के बाद की सेवा शर्तों पर भी संघर्ष समिति से आज कोई वार्ता नहीं की गई।

### युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए गीत नाट्य का हुआ मंचन

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। बुद्ध पूर्णिमा पूर्व संध्या पर राजधानी लखनऊ के बौद्ध विहार, मवई पड़ियाना चौराहा, पिपरसंड सरोजनी नगर में पुष्प सेन सत्यार्थी द्वारा लिखित ₹युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए₹ गीतनाट्य का भव्यता के साथ मंचन किया गया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ, संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. राकेश कुमार सिंह के सहयोग से तथा चित्रण कला मंच समिति व विकल्प सामाजिक संस्था लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। गीतनाट्य के लेखकः पुष्प सेन सत्यार्थी, परिकल्पना और निर्देशनः विपिन कुमार तथा संयोजिकाः डॉ. नीलू सत्यार्थी रहीं और इस कार्यक्रम में 11 नवविवाहित जोड़ों की शादी भी बौद्ध रीति-रिवाज से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हर वर्ग और आयु के लोगों ने प्रतिभाग किया।

# बौद्ध पर्यटन में यूपी की बड़ी छलांग बढ़ी विदेशी पर्यटकों की संख्या

थाईलैंड, वियतनाम, मलेशिया, श्रीलंका, भूटान, जापान, लाओ पीडीआर, कंबोडिया, सिंगापुर व इंडोनेशिया की बढ़ी दिलचस्पी



लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में भी उभर कर सामने आया है। वर्ष 2024 में प्रदेश में लगभग 65 करोड़ पर्यटक पहुंचे, जिनमें से 61,47,826 श्रद्धालु भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों पर आए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न बौद्ध स्थलों पर आने वालों में 3,53,461 विदेशी पर्यटक और 57,94,365 भारतीय शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से बौद्ध परिपथ (बौद्ध सर्किट), वैश्विक धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा बौद्ध स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम है। साल 2024 में बौद्ध स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 24,74,460 श्रद्धालु कौशांबी पहुंचे। इसके बाद कुशीनगर में 22,42,913, सारनाथ में 11,80,157, श्रावस्ती में 1,27,222, कपिलवस्तु में 79,418 और संकिसा (फरुखाबार्द) में 43,656 श्रद्धालु दर्शन के लिए आए। आगे बताया कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भी विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, बौद्ध धर्म का मूल उत्तर प्रदेश में ही है। तथागत बुद्ध से जुड़े अधिकांश स्थल यहां मौजूद हैं, जिससे यह प्रदेश बौद्ध अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखता है। बुद्धिस्ट सर्किट इसके प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रदेश पर्यटन विभाग ने थाईलैंड, वियतनाम, मलेशिया, श्रीलंका, भूटान, जापान, लाओ पीडीआर, कंबोडिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे बौद्ध बहुल देशों के टूर ऑपरेटरों, भिक्षुओं और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए विशेष फैम ट्रिप (फैमिलियराइजेशन ट्रिप) का आयोजन किया। इन यात्राओं के माध्यम से प्रदेश में स्थित बौद्ध स्थलों, उनसे जुड़े सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया गया।

## शराब सेल्समैन की करंट लगने से मौत

लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। बंथरा इलाके में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। देसी शराब दुकान में काम करने वाले सेल्समैन की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पंकज (30) के रूप में हुई है। वह उन्नाव के अजगैन थाना क्षेत्र के तुमरन खेड़ा का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। पंकज स्नान करने के बाद दुकान की ओर जाने लगा। इस दौरान वह दुकान के बाहर लगे टीन शेड के लोहे के पाइप से टच हो गया। पाइप में करंट दौड़ रहा था। करंट लगने से पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। शराब दुकान के मालिक ऋषि प्रताप सिंह हैं। दुकान बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास है। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना बंथरा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी है।

## व्यापार मण्डल इकाई का शपथ ग्रहण समारोह



लखनऊ, 12 मई (तरूणमित्र)। व्यापार मण्डल इकाई लखनऊ मशकगंज रकाबगंज व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह आर.के.पैलेस गंगा प्रसाद रोड रकाबगंज में किया गया। सोमवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की।

अध्यक्ष संजय रस्तोगी एवं वरिष्ठ महामंत्री रोशन कश्यप ने मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक को माला अंग वस्त्र एवं मोमेन्टो देकर स्वागत किया साथ में राजेन्द्र कुमार अगव्राल एवं अमरनाथ मिश्र को माला एवं अंगवस्त्र एवं मोमेन्टो देकर स्वागत किया।

कोषाध्यक्ष गुड्डू पाल महामंत्री बबलू गुप्ता रिजवान खान,सिद्धार्थ गुप्ता अभिषेक गुप्ता ने पवन मनोचा देवेन्द्र गुप्ता अनुराग मिश्र,उमेश शर्मा, अभिषेक खरे, जितेन्द्र सिंह चैहान, सुहैल हैदर अल्वी नीरज गुप्ता, रामशंकर अवस्थी, प्रशान्त गर्ग, मोनू अग्रवाल कुश मिश्रा को माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के द्वारा अध्यक्ष संजय रस्तोगी वरिष्ठ महामंत्री रोशन कश्यप कोषाध्यक्ष गुड्डू पाल के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्षित गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, महामंत्री रिजवान खान, बबलू गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, अभिषेक रस्तोगी,वरिष्ठ मंत्री श्यामू निगम, मीडिया प्रभारी गनेश राठौर, संयुक्त मंत्री मनू हुसैन, प्रचार मंत्री समीर गुप्ता संगठन मंत्री अभिषेक रस्तोगी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

ब्रजेश पाठक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार व्यापारियों के हित एवं प्रोत्साहित करने के लिए मुद्रा लोन जैसी तमाम योजनाएं चला रही है व्यापारियों के लिए हमारा फोन 24घंटा खुला रहता है कोई समस्या हो तो मुझे फोन पर ही अवगत करादें उसका समस्या का हल कराया जाएगा।

अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने सभी को बधाई देते हुए बताया कि यह संगठन अपने व्यापारियों की रक्षा एवं आत्म सम्मान के लिए सदैव संघर्ष करते रहते है। लखनऊ मशकगंज रकाबगंज व्यापार मण्डल बहुत पुराना व्यापार मण्डल है।